अचों के मध्य में (जो अन्त्य अच्, वह अन्त्य अच् आदि है जिस समुदाय का, उस समुदाय की टि संज्ञा होती है)।

अचः — I. ii. 28
(ह्रस्व हो जाये, दीर्घ हो जाये और प्लुत हो जाये-ऐसा नाम लेकर जब कहा जावे तो वह पूर्वोक्त ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत) अच् के स्थान में (ही हो)।

अचः — III. i. 62.
अजन्त धातु से उत्तर (च्लि को विकल्प से चिण् आदेश होता है, कर्मकर्तृवाची लुङ् में 'त' शब्द परे हो तो)।

अचः — III. i. 97
अजन्त धातु से (यत् प्रत्यय होता है)।

...अचः — III. i. 134
देखें — ल्युणिन्यचः III. i. 134

अचः — V. iii. 83.
(इस प्रकरण में पठित ठ तथा अजादि प्रत्ययों के परे रहते दूसरे) अच् से (बाद के शब्दरूप का लोप हो जाता है)।

अचः — VI. i. 189
(कर्त्ता में विहित यक् प्रत्यय के परे रहते उपदेश में जो) अजन्त धातुयें, उनको विकल्प से उदात्त हो जाता है)।

अचः — VI. iv. 138
(भसञ्ज्ञक) लुप्तनकार वाले अञ्चु धातु के (अकार का लोप होता है)।

... अचः —VII. i. 72
देखें — झलचः VII. i. 72

अचः — VII. ii. 3
(वद, व्रज तथा हलन्त अङ्गों के) अच् के स्थान में (वृद्धि होती है, परस्मैपदपरक सिच् परे हो तो)।

अचः — VII. ii. 61
(उपदेश में) जो अजन्त धातु (तास् परे रहते नित्य अनिट्), उससे उत्तर (तास् के समान ही थल् को इट् का आगम नहीं होता)।

अचः — VII. ii. 115
अजन्त अङ्ग को (ञित्, णित् प्रत्यय परे रहते वृद्धि होती है)।

अचः — VII. iv. 47
अजन्त (उपसर्ग) से उत्तर (घुसञ्ज्ञक दा अङ्ग को तकारादि कित् प्रत्यय परे रहते तकारादेश होता है)।

अचः — VII. iv. 54
(मी, मा एवं घुसञ्ज्ञक तथा रभ, डुलभष्, शक्लृ, पत्लृ और पद् अङ्गों के) अच् के स्थान में (इस् आदेश होता है, सकारादि सन् परे रहते)।

अचः — VIII. iv. 28
अच् से उत्तर (कृत् में स्थित जो नकार, उसको उपसर्ग में स्थित निमित्त से उत्तर णकारादेश होता है)।

अचः — VIII. iv. 45
अच् से उत्तर (वर्तमान रेफ और हकार से उत्तर यर् को विकल्प से द्वित्व होता है)।

अचङ्गि — VII. iii. 56

(अभ्यास से उत्तर 'हि गतौ' धातु के हकार को कवर्गादेश होता है), चङ् परे न हो तो।

अचतुर... — V. i. 120

देखें — अचतुरसंगत० V. i. 120

अचतुर... — V. iv. 77

देखें — अचतुरविचतुर० V. iv. 77

अचतुरविचतुरसुचतुरस्त्रीपुंसधेन्वनडुहर्क्सामवाङ्मनसाक्षिभ्रुवदारगवोर्वष्ठीवपदष्ठीवनक्तंदिवरात्रिंदिवाहर्दिवसरजसनिःश्रेयसपुरुषायुषद्व्यायुषत्र्यायुषर्ग्यजुषजातोक्षमहोक्षवृद्धोक्षोपशुनगोष्ठश्वाः — V. iv. 77

अचतुर, विचतुर, सुचतुर, स्त्रीपुंस, धेन्वनडुह, ऋक्साम, वाङ्मनस, अक्षिभ्रुव, दारगव, ऊर्वष्ठीव पदष्ठीव, नक्तन्दिव, रात्रिन्दिव, अहर्दिव, सरजस, निश्श्रेयस, पुरुषायुष, द्व्यायुष, त्र्यायुष, ऋग्यजुष, जातोक्ष, महोक्ष, वृद्धोक्ष, उपशुन तथा गोष्ठश्व शब्द अच्प्रत्ययान्त निपातन किये जाते हैं।

अचतुरसंगतलवणवटयुधकतरसलसेभ्यः — V. i. 120

(यहां से आगे जो भाव प्रत्यय कहे जायेंगे, वे प्रत्यय नञ् पूर्ववाले तत्पुरुष-समासयुक्त प्रातिपदिकों से नहीं होंगे) चतुर, संगत, लवण, वट, युध, कत, रस तथा लस शब्दों को छोड़कर।

अचाम् — I. i. 72

(जिस समुदाय के) अचों में (आदि अच् वृद्धिसंज्ञक हो, उस समुदाय की वृद्धसंज्ञा होती है)।

...अचाम् — VII. i. 70

देखें — उगिदचाम् VII. i. 70

अचाम् — VII. ii. 117

(ञित्, णित् तद्धित परे रहते, अङ्ग के) अचों के (आदि अच् को वृद्धि होती है)।

अचि — I. i. 58

(द्विर्वचन का निमित्त) अजादि प्रत्यय परे हो तो (अजादेश स्थानिवत् होता है, द्विर्वचन मात्र करने में)।

...अचि — I. iv. 18

देखें — यचि I. iv. 18

अचि — II. iv. 74

अच् प्रत्यय परे रहते (यङ् का लुक् होता है; चकार से अच् परे न हो तो भी बहुल करके लुक् हो जाता है)।

अचि — IV. i. 89

(प्राग्दीव्यतीय) अजादि प्रत्यय की विवक्षा हो तो (गोत्र में उत्पन्न प्रत्यय का लुक् नहीं होता)।

अचि — VI. i. 74

(इक् = इ उ ऋ लृ के स्थान में यथासङ्ख्य करके यण् = य् व् र् ल् आदेश होते है), अच् परे रहते, (संहिता के विषय में)।

अचि — VI. i. 121

(प्लुत तथा प्रगृह्यसञ्ज्ञक शब्द) अच् परे रहते (नित्य ही प्रकृतिभाव से रहते है)।

अचि — VI. i. 130

('सः' के सु का लोप होता है) अच् परे रहते, (यदि लोप होने पर पाद की पूर्ति हो रही हो तो)।

अचि — VI. i. 182

(स्वपादि धातुओं के तथा हिंस् धातु के) अजादि (अनिट् सार्वधातुक) परे हो तो (विकल्प से आदि को उदात्त हो जाता है)।

अचि — VI. iii. 73

(उस लुप्त नकार वाले नञ् से उत्तर नुट् का आगम होता है), अजादि शब्द के उत्तरपद रहते।

अचि — VI. iii. 100

(कु को तत्पुरुष समास में) अजादि शब्द उत्तरपद हो तो (कत् आदेश होता है)।

अचि — VI. iv. 63

अजादि (कित्, ङित्) प्रत्ययों के परे रहते (दीङ् धातु से उत्तर युट् का आगम होता है)।

अचि — VI. iv. 77

(श्नुप्रत्ययान्त अङ्ग तथा इवर्णान्त, उवर्णान्त धातु, एवं भ्रू शब्द को इयङ्, उवङ् आदेश होते है), अच् परे रहते।

अचि — VII. i. 61

अजादि प्रत्यय परे रहते ('रध हिंसासंराद्ध्योः' तथा 'जभ गात्रविनामे' अङ्ग को नुम् आगम होता है)।

अचि — VII. i. 73

(इक् अन्त वाले नपुंसक अङ्ग को) अजादि (विभक्ति) परे रहते (नुम् आगम होता है)।

अचि — VII. i. 97

(तृतीयादि) अजादि विभक्तियों के परे रहते (क्रोष्टु शब्द को विकल्प से तृज्वत् अतिदेश होता है)।

अचि — VII. ii. 89

(कोई आदेश जिसको नहीं हुआ है, ऐसी) अजादि (विभक्ति) के परे रहते (युष्मद्, अस्मद् अङ्ग को यकारादेश होता है)।

अचि — VII. ii. 100

(तिसृ और चतसृ अंगों के ऋकार के स्थान में) अजादि (विभक्ति) परे रहते (रेफ आदेश होता है)।

अचि — VII. iii. 72

(क्स का) अजादि प्रत्यय परे रहते (लोप होता है)।

अचि — VII. iii. 87

(अभ्यस्तसञ्ज्ञक अङ्ग की लघु उपधा इक् को) अजादि (पित् सार्वधातुक) परे रहते (गुण नहीं होता)।

अचि — VIII. ii. 21

अजादि प्रत्यय परे रहते (गृ धातु के रेफ को विकल्प करके लत्व होता है)।

अचि — VIII. ii. 108

(उनके अर्थात् प्लुत के प्रसङ्ग में एच् के उत्तरार्द्ध को जो इकार उकार पूर्व सूत्र से विधान कर आये हैं, उन इकार उकार के स्थान में क्रमशः य् व् आदेश हो जाते हैं), अच् परे रहते, (सन्धि के विषय में)।

अचि — VIII. iii. 32

(ह्रस्व पद से उत्तर जो ङम्, तदन्त पद से उत्तर) अच् को (नित्य ही ङमुट् आगम होता है)।

अचि — VIII. iv. 48

अच् परे रहते (शर् प्रत्याहार को द्वित्व नहीं होता)।

अचिण्... — VII. iii. 32

देखें—**अचिण्णलोः** VII. iii. 32

अचिण्णलोः — VII. iii. 32

(हन् अङ्ग को तकारादेश होता है), चिण् तथा णल् प्रत्ययों को छोड़कर (ञित्, णित् प्रत्यय परे रहते)।

अचित्त....— IV. ii. 46

देखें— **अचित्तहस्ति०** IV. ii. 46

अचित्तहस्तिधेनोः — IV. ii. 46

(षष्ठीसमर्थ) अचेतनवाची तथा हस्तिन् और धेनु शब्दों से (समूहार्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

अचित्तात् — IV. iii. 96

(प्रथमासमर्थ भक्तिसमानाधिकरणवाची, देशकाल को छोड़कर जो) अचेतनवाची प्रातिपदिक, उनसे (षष्ठ्यर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

अचिरापहृते — V. ii. 70

(सप्तमीसमर्थ तन्त्र प्रातिपदिक से) 'अचिरापहृतः' = थोड़ा काल खड्डी से बाहर निकलने को बीता है अर्थात् तत्काल बुना हुआ अर्थ में (कन् प्रत्यय होता है)।

अचिरोपसम्पत्तौ — VI. ii. 56

अचिरकाल सम्बन्ध गम्यमान हो तो (प्रथम पूर्वपद को विकल्प से प्रकृतिस्वर होता है)।

अच्कौ — VI. ii. 157

(नञ् से उत्तर) अच् प्रत्ययान्त तथा क प्रत्ययान्त उत्तरपद को (अशक्ति गम्यमान हो तो अन्तोदात्त होता है)।

अच्छ — I. iv. 68

(गत्यर्थक तथा वद धातु के प्रयोग में) अव्यय अच्छ शब्द (गति और निपातसंज्ञक होता है)।

अच्छन्दसि — V. iii. 49

('भाग' अर्थ में वर्तमान पूरणप्रत्ययान्त एकादश सङ्ख्या से पहले-पहले जो सङ्ख्यावाची शब्द, उनसे स्वार्थ में अन् प्रत्यय होता है), वेदविषय को छोड़कर।

...अच्चरः — VIII. iii. 87

देखें— **यच्चरः** VIII. iii. 87

अच्वेः — III. i. 12

च्विप्रत्ययान्त से भिन्न (भृश आदियों) से (भवति के अर्थ में क्यङ् प्रत्यय होता है, और हलन्तों का लोप भी)।

अच्वौ — III. ii. 56

(सुभग, स्थूल, पलित, नग्न, अन्ध, प्रिय, ये च्व्यर्थ में वर्तमान) अच्विप्रत्ययान्त (कर्म) उपपद रहते (कृञ् धातु से करण कारक में ख्युन् प्रत्यय होता है)।

अज...— V. i. 8

देखें — **अजाविभ्याम्** V. i. 8

अजः — III. iii. 69

(सम्, उत् पूर्वक) अज धातु से (कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में समुदाय से पशुविषय प्रतीत हो तो अप् प्रत्यय होता है)।

...अजगात् — V. ii. 110

देखें — **गाण्ड्यजगात्** V. ii. 110

... अजन्तस्य VI. iii. 66
देखें — अरुर्द्विषदजन्तस्य VI. iii. 66
अजप ...— I. ii. 34
देखें — अजपन्यूङ्खसामसु I. ii. 34
...अजपद...— V. iv. 120
देखें — सुप्रातसुश्व० V. iv. 120
अजपन्यूङ्खसामसु — I. ii. 34
जप, न्यूङ्ख = आश्वलायनश्रौतसूत्रपठित निगदविशेष तथा सामवेद को छोड़कर (यज्ञकर्म में उदात्त, अनुदात्त तथा स्वरित स्वरों को एकश्रुति स्वर होता है)।
अजर्यम् — III. i. 105
अजर्यम् शब्द (नञ् पूर्वक जृष् धातु से कर्तृवाच्य में यत् प्रत्ययान्त निपातन है, संगत अर्थ अभिधेय होने पर)।
अजर्यम् = संगति या मैत्री।
...अजस...— III. ii. 167
देखें — नमिकम्पि० III. ii. 167
अजसौ — IV. i. 31
(रात्रि शब्द से भी स्त्रीलिङ्ग विवक्षित होने पर संज्ञा तथा छन्द विषय में) जस् विषय से अन्यत्र (ङीप् प्रत्यय होता है)।
...अजस्तुन्दे — VI. i. 150
देखें — कास्तीराजस्तुन्दे VI. i. 150
...अजा...— VII. iii. 47
देखें — भस्त्रैषा० VII. iii. 47
... अजात्... — IV. ii. 38
देखें — गोत्रोक्षोष्ट्रो० IV. ii. 38
अजातेः — I. ii. 52
जातिप्रयोग से पूर्व ही (प्रत्ययलुप् होने पर लुबर्थ-विशेषण भी प्रकृत्यर्थवत् होते हैं)।
अजातौ — III. ii. 78
अजातिवाची (सुबन्त) उपपद रहते (ताच्छील्य = तत्स्वभावता गम्यमान होने पर सब धातुओं से 'णिनि' प्रत्यय होता है)।
अजातौ — III. ii. 98
अजातिवाची (पञ्चम्यन्त) उपपद रहते ('जन' धातु से 'ड' प्रत्यय होता है, भूतकाल में)।
अजातौ — V. iv. 37
जाति में वर्तमान न हो तो (ओषधि प्रातिपदिक से स्वार्थ में अण् प्रत्यय होता है)।

अजातौ — VI. iv. 171
(ब्राह्म शब्द में टिलोप निपातन किया जाता है, अपत्यार्थक) जाति को छोड़कर।
अजात्या — II. i. 67
(कृत्यप्रत्ययान्त सुबन्त तथा तुल्य के पर्यायवाची सुबन्त) अजातिवाची (समानाधिकरण समर्थ सुबन्त) शब्द के साथ (विकल्प से समास को प्राप्त होते हैं, और वह तत्पुरुष समास होता है)।
...अजादत् — IV. i. 171
देखें — वृद्धेत्कोसलाजादात् IV. i. 171
अजादि — II. ii. 33
(द्वन्द्वसमास में) अजादि (तथा अदन्त शब्दरूप का पूर्व-प्रयोग होता है)।
अजादि...— IV. i. 4
देखें — अजाद्यतः IV. i. 4
अजादी — V. iii. 58
(इस प्रकरण में कहे गये) अजादि प्रत्यय अर्थात् इष्ठन्, ईयसुन् (गुणवाची प्रातिपदिक से ही होते हैं)।
...अजादी — VI. i. 167
देखें — नद्यजादी VI. i. 167
अजादीनाम् — VI. iv. 72
अच् आदि वाले अङ्गों को (लुङ्, लङ् तथा लृङ् के परे रहते आट् का आगम होता है और वह आट् उदात्त भी होता है)।
अजादेः — VI. i. 2
अच् आदि में है जिसके, ऐसे शब्द के (द्वितीय एकाच् समुदाय को द्वित्व हो जाता है)।
...अजादौ — V. iii. 83
देखें — ठाजादौ V. iii. 83
अजाद्यतः — IV. i. 4
अजादिगणपठित प्रातिपदिकों से तथा अदन्त प्रातिप-दिकों से (स्त्रीलिङ् में टाप् प्रत्यय होता है)।
अजाद्यदन्तम् — II. ii. 33
अजादि और ह्रस्व अकारान्त शब्दरूप (द्वन्द्व समास में पूर्व प्रयुक्त होते हैं)।
अजाविभ्याम् — V. i. 8
(चतुर्थीसमर्थ) अज एवं अवि प्रातिपदिकों से (हित अर्थ में थ्यन् प्रत्यय होता है)।

अजि... — VII. iii. 60
देखें — अजिव्रज्योः VII. iii. 60
...अजिनम् — VI. ii. 194
देखें — द्व्यजिन० VI. ii. 194
...अजिनयोः — VI. ii. 165
देखें — मित्राजिनयोः VI. ii. 165
अजिनान्तस्य — V. iii. 82
अजिन शब्द अन्त में है जिसके, ऐसे (मनुष्यनामधेय प्रातिपदिक से अनुकम्पा गम्यमान होने पर कन् प्रत्यय होता है और) उस अजिनान्त शब्द के (उत्तरपद का लोप भी हो जाता है)।
अजिव्रज्योः — VII. iii. 60
अज तथा व्रज धातुओं के (जकार को भी कवर्गादेश नहीं होता)।
अजेः — II. iv. 56
अज् धातु के स्थान में (वी आदेश होता है, घञ् और अप् वर्जित आर्धधातुक परे रहते)।
अज्झनगमाम् — VI. iv. 16
अजन्त अङ्ग तथा हन् एवं गम् अङ्ग को (झलादि सन् परे रहने पर दीर्घ होता है)।
अज्झनग्रहदृशाम् — VI. iv. 62
(भाव तथा कर्म-विषयक स्य, सिच् , सीयुट् , और तास् के परे रहते उपदेश में) अजन्त धातुओं तथा हन् , ग्रह एवं दृश् धातुओं को (चिण् के समान विकल्प से कार्य होता है तथा इट् आगम भी होता है)।
अज्झलौ — I. i. 10
(स्थान और प्रयत्न तुल्य होने पर भी) अच् और हल् (की परस्पर सवर्ण संज्ञा नहीं होती)।
अज्ञाति... I. i. 34
देखें — अज्ञातिधनाख्यायाम् I. i. 34
अज्ञातिधनाख्यायाम् — I. i. 34
(स्व शब्द की जस् सम्बन्धी कार्य में विकल्प से सर्वनाम संज्ञा होती है), ज्ञाति = स्वजन तथा धन के कथन को छोड़कर ।
अज्ञाते — V. iii. 73
'न जाना हुआ' अर्थ में (वर्तमान प्रातिपदिक से तथा तिङन्त से स्वार्थ में यथाविहित प्रत्यय होते हैं)।

अज्वरेः — II. iii. 54
(धात्वर्थ को कहने वाले भजादि प्रत्ययान्तकर्तृक रुजादि धातुओं के कर्म में शेष विवक्षित होने पर षष्ठी विभक्ति होती है), ज्वर धातु को छोड़कर ।
अञ्... — I. ii. 1
देखें — अञ्णित् I. ii. 1
...अञ्... — IV. i. 15
देखें — टिड्ढाणञ्० IV. i. 15
अञ् — IV. i. 86
(उत्सादि समर्थ प्रातिपदिकों से प्राग्दीव्यतीय अर्थों में) अञ् प्रत्यय होता है ।
अञ् — IV. i. 104
(षष्ठीसमर्थ बिदादि प्रातिपदिकों से गोत्रापत्य में) अञ् प्रत्यय होता है, (परन्तु इनमें जो अनृषिवाची हैं, उनसे अनन्तरापत्य में अञ् होता है) ।
अञ्... — IV. i. 141
देखें — अञ्ढञौ IV. i. 141
अञ्... — IV. i. 161
देखें — अञ्यतौ IV. i. 161
अञ् — IV. i. 166
(जनपद को कहने वाले क्षत्रियाभिधायक प्रातिपदिक से अपत्य अर्थ में) अञ् प्रत्यय होता है ।
अञ् — IV. ii. 11
(तृतीयासमर्थ द्वैप तथा वैयाघ्र प्रातिपदिकों से 'ढका हुआ रथ', इस अर्थ में) अञ् प्रत्यय होता है ।
अञ् — IV. ii. 43
(षष्ठीसमर्थ अनुदात्त आदि वाले शब्दों से समूहार्थ में) अञ् प्रत्यय होता है ।
अञ् — IV. ii. 70
(प्रथमा, तृतीया तथा षष्ठीसमर्थ उवर्णान्त प्रातिपदिकों से चारों — उस नाम का देश, उससे बोला गया, उसका निवास तथा उससे निकट अर्थों में) अञ् प्रत्यय होता है ।
अञ्... — IV. ii. 105
देखें — अञ्ञौ IV. ii. 105
अञ् — IV. ii. 107
(दिशा पूर्वपद वाले प्रातिपदिक से शैषिक) अञ् प्रत्यय होता है ।

अञ्... — IV. iii. 7
देखें — **अञ्ठञौ IV. iii. 7**

अञ् — IV. iii. 118
(तृतीयासमर्थ क्षुद्रा, भ्रमर, वटर व पादप प्रातिपदिकों से 'कृते' अर्थ में संज्ञाविषय गम्यमान होने पर) अञ् प्रत्यय होता है।

अञ् — IV. iii. 121
(पत्र पूर्व वाले षष्ठीसमर्थ रथ शब्द से 'इदम्' अर्थ में) अञ् प्रत्यय होता है ।

अञ्... — IV. iii. 126
देखें — **अञ्यञिञाम् IV. iii. 126**

अञ् — IV. iii. 136
(षष्ठीसमर्थ उवर्णान्त प्रातिपदिक से विकार और अवयव अर्थों में) अञ् प्रत्यय होता है।

अञ् — IV. iii. 151
(षष्ठीसमर्थ प्राणिवाची तथा रजतादिगण में पढ़े प्रातिपदिकों से विकार और अवयव अर्थों में)अञ् प्रत्यय होता है ।

अञ् — IV. iv. 49
(षष्ठीसमर्थ ऋकारान्त प्रातिपदिक से न्याय्य व्यवहार अर्थ में) अञ् प्रत्यय होता है।

अञ् — V. i. 15
(चतुर्थीसमर्थ चर्म के विकृतिवाची प्रातिपदिक से 'विकृति के लिए प्रकृति' अभिधेय होने पर "हित" अर्थ में) अञ् प्रत्यय होता है।

अञ् — V. i. 26
(शूर्प प्रातिपदिक से 'तदर्हति' पर्यन्त कथित अर्थों में) अञ् प्रत्यय होता है।

अञ् — V. i. 60
(परिमाण समानाधिकरण वाले प्रथमासमर्थ सप्तन् प्रातिपदिक से षष्ठ्यर्थ में) अञ् प्रत्यय होता है;(वेद विषय में, वर्ग अभिधेय होने पर)।

अञ् — V. i. 128
(षष्ठीसमर्थ जीवधारी, जातिवाची, अवस्थावाची तथा उद्गात्रादि प्रातिपदिकों से भाव और कर्म अर्थों में) अञ् प्रत्यय होता है।

अञ् — V. ii. 83
(प्रथमासमर्थ कुल्माष प्रातिपदिक से सप्तम्यर्थ में) अञ् प्रत्यय होता है,(यदि वह प्रथमासमर्थ प्राय: करके सञ्ज्ञाविषय में अन्नविषयक हो तो)।

अञ् — V. iv. 14
(णच्प्रत्ययान्त प्रातिपदिक से स्वार्थ में) अञ् प्रत्यय होता है,(स्त्रीलिंग में) ।

...अञः — IV. i. 73.
देखें — **शार्ङ्गरवाद्यञः IV. i. 73**

अञः — IV. i. 100
अञन्त (हरितादि) प्रातिपदिकों से (अपत्य अर्थ में फक् प्रत्यय होता है)।

...अञोः — II. iv. 64
देखें — **यञञोः II. iv. 64**

...अञौ — IV. iii. 33
देखें — **अणञौ IV. iii. 33**

...अञौ — IV. iii. 93
देखें — **अणञौ IV. iii. 93**

...अञौ — IV. iii. 165
देखें — **यञञौ IV. iii. 165**

...अञौ — V. i. 41
देखें — **अणञौ V. i. 41**

...अञौ — V. iii. 117
देखें — **अणञौ V. iii. 117**

अञ्खञौ — IV. i. 141
(महाकुल प्रातिपदिक से) अञ् और खञ् प्रत्यय (विकल्प से) होते है,(पक्ष में ख)।

अञ्चः —VIII. ii. 48
अञ्चु धातु से उत्तर (निष्ठा के तकार को नकारादेश होता है, यदि अञ्चु के विषय में अपादान कारक का प्रयोग न हो रहा हो तो)

अञ्चतौ — VI. ii. 52
(इक् अन्त में है जिसके, ऐसे गतिसञ्ज्ञक को वप्रत्ययान्त) अञ्चु धातु के परे रहते (प्रकृतिस्वर होता है)।

अञ्चतौ — VI. iii. 91
(विष्वग् तथा देव शब्दों को तथा सर्वनाम शब्दों के टिभाग को अद्रि आदेश होता है, वप्रत्ययान्त) अञ्चु धातु के परे रहते ।

...अञ्चवः — II. i. 11
देखें — **अपपरिबहिरञ्चवः II. i. 11**

...अञ्चु... — III. ii. 59
देखें — **ऋत्विग्दधृक्० III. ii. 59**

...अङ्गूत्तरपद... — II. iii. 29
देखें — अन्यारादितर्ते० II. iii. 29

अञ्चेः — V. iii. 30
(दिशा, देश और काल अर्थों में वर्तमान सप्तम्यन्त, पञ्चम्यन्त तथा प्रथमान्त) अञ्चु धातु अन्त वाले (दिशावाची) प्रातिपदिकों से उत्पन्न (अस्ताति प्रत्यय का लुक् होता है)।

अञ्चेः — V. iv. 8
(दिशावाचक स्त्रीलिङ्ग न हो तो) अञ्चति उत्तरपद वाले प्रातिपदिक से (स्वार्थ में विकल्प से ख प्रत्यय होता है)।

अञ्चेः — VI. i. 164
अञ्चु धातु से उत्तर (वेदविषय में सर्वनामस्थानभिन्न विभक्ति उदात्त होती है)।

अञ्चेः — VI. iv. 30
(पूजा अर्थ में) अञ्चु अङ्ग की (उपधा के नकार का लोप नहीं होता है)।

अञ्चेः — VII. ii. 53
अञ्चु धातु से उत्तर (पूजा अर्थ में क्त्वा प्रत्यय तथा निष्ठा को इट् आगम होता है)।

अञ्जलेः —V. iv. 102
(द्वि तथा त्रि शब्दों से उत्तर) जो अञ्जलि शब्द, तदन्त (तत्पुरुष) से (समासान्त टच् प्रत्यय होता है)।

...अञ्जस् — VI. ii. 187
देखें— स्फिगपूत० VI. ii. 187

...अञ्जू... — II. ii. 74
देखें — स्मिपूङ्० VII. ii. 74

अञ्जेः — VII. ii. 71
अञ्जू धातु से उत्तर (सिच् को इट् का आगम होता है)।

अञ्ञौ — IV. ii. 105
(तीर तथा रूप्य उत्तरपद वाले प्रातिपदिकों से यथासङ्ख्य करके शैषिक) अञ् तथा यञ् प्रत्यय होते हैं।

अञ्ठञौ — IV. iii. 7
(ग्राम के अवयववाची तथा जनपद के अवयववाची दिशा पूर्वपदवाले अर्धान्त प्रातिपदिक से शैषिक) अञ् तथा ठञ् प्रत्यय होते हैं।

अञ्णित् — I. ii. 1
(गाङ् तथा कुटादिगणस्थ धातुओं से परे) ञित् तथा णित् भिन्न प्रत्यय (ङिद्वत् होते हैं)।

अञ्यञिञाम् — IV. iii. 126
(सङ्घ, अङ्क तथा लक्षण अभिधेय हो तो गोत्रप्रत्ययान्त) अञन्त, यञन्त तथा इञन्त षष्ठीसमर्थ प्रातिपदिकों से (इदम् अर्थ में अण् प्रत्यय होता है)।

अञ्यतौ — IV. i. 161
(मनु शब्द से जाति को कहना हो तो) अञ् तथा यत् प्रत्यय होते हैं, (तथा मनु शब्द को षुक् आगम भी हो जाता है)।

अट्... III. iv. 94
देखें — अडाटौ III. iv. 94

अट् — VI. iv. 71
(लुङ्, लङ् तथा लृङ् के परे रहते अङ्ग को) अट् का आगम होता है (और वह अट् उदात्त भी होता है)।

अट् — VII. iii. 99
(रुदादि पांच अङ्गों से उत्तर हलादि अपृक्त सार्वधातुक को) अट् आगम होता है, (गार्ग्य तथा गालव आचार्यों के मत में)।

अट्... — VIII. iv. 2
देखें — अट्कुप्वाङ्० VIII. iv. 2

अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवाये — VIII. iv. 2
(रेफ तथा षकार से उत्तर) अट्, कवर्ग, पवर्ग, आङ् तथा नुम् का व्यवधान होने पर (भी नकार को णकार हो जाता है)।

अटि — VIII. iii. 3
अट् परे रहते (रु से पूर्व आकार को नित्य अनुनासिक आदेश होता है)।

अटि — VIII. iii. 9
(दीर्घ से उत्तर नकारान्त पद को) अट् परे रहते (पादबद्ध मन्त्रों में रु होता है, यदि निमित्त और निमित्ती दोनों एक ही पाद में हों)।

अटि — VIII. iv. 61
(झय् प्रत्याहार से उत्तर शकार के स्थान में) अट् परे रहते (विकल्प से छकार आदेश होता है)।

अठच् — V. ii. 35
(सप्तमीसमर्थ कर्मन् प्रातिपदिक से 'चेष्टा करने वाला' अर्थ में) अठच् प्रत्यय होता है।

अडच्... — V. iii. 80
देखें — अडज्वुचौ V. iii. 80

अडज्वुचौ — V. iii. 80
(उप शब्द आदि वाले बह्वच् मनुष्यनामधेय प्रातिपदिक से नीति और अनुकम्पा गम्यमान होने पर) अडच् एवं वुच् (तथा घन्, इलच् और ठच्) प्रत्यय (विकल्प से) होते हैं, (प्राग्देशीय आचार्यों के मत में)।

अड़ाटौ — III. iv. 94
(लेट् लकार को पर्याय से) अट्, आट् आगम होते है।

अड्व्यवाये — VIII. iii. 63
(सित शब्द से पहले पहले) अट् का व्यवधान होने पर (तथा अपि ग्रहण से अट् का व्यवधान न होने पर भी सकार को मूर्धन्य आदेश होता है)।

अड्व्यवाये — VIII. iii. 71
(परि, नि तथा वि उपसर्ग से उत्तर सिवादि धातुओं के सकार को) अट् के व्यवधान होने पर (भी विकल्प से मूर्धन्य आदेश होता है)।

अड्व्यवाये — VIII. iii. 119
(नि, वि तथा अभि उपसर्गों से उत्तर सकार को)अट् का व्यवधान होने पर (वेद-विषय में विकल्प करके मूर्धन्य आदेश नहीं होता)।

अण् — I. i. 50
(ऋवर्ण के स्थान में) अण् = अ, इ, उ में से कोई अक्षर (होते ही रपर हो जाता है)।

अण् ... — I. i. 68
देखें — अणुदित् I. i. 68

अण्... — II. iv. 58
देखें — अणिञोः II. iv. 58

अण् — III. ii. 1
(कर्म उपपद रहते धातुमात्र से) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — III. iii. 12
(क्रियार्थ क्रिया और कर्म उपपद रहते हुए धातु से भविष्यत्काल में) अण् प्रत्यय होता है।

...अण्... — IV. i. 15
देखें — टिड्ढाणञ्द्वयसज्० IV. i. 15

अण्... — IV. i. 78
देखें — अणिञोः IV. i. 78

अण् — IV. i. 83
('तेन दीव्यति' IV. iv. 2 से पहले पहले) अण् प्रत्यय का अधिकार है।

अण् — IV. i. 112
(शिवादि प्रातिपदिकों से 'तस्यापत्यम्' अर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. i. 168
(क्षत्रियाभिधायी जनपदवाची दो अच् वाले शब्दों से तथा मगध, कलिंग और सूरमस प्रातिपदिकों से अपत्य अर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. ii. 37
(षष्ठीसमर्थ भिक्षादि प्रातिपदिकों से समूह अर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. ii. 76
(सुवास्तु आदि प्रातिपदिकों से चातुरर्थिक - IV. ii. 70 पर निर्दिष्ट) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. ii. 99
(रङ्कु शब्द से मनुष्य अभिधेय न हो तो) अण् (और फक्) प्रत्यय (होते हैं)।

अण् — IV. ii. 109
(प्रस्थ शब्द उत्तरपद वाले शब्दों से, पलद्यादि गण के शब्दों से तथा ककार उपधावाले शब्दों से शैषिक) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. ii. 131
(देशवाची ककार उपधावाले प्रातिपदिक से शैषिक) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iii. 16.
(सन्धिवेलादिगणपठित शब्दों से तथा ऋतुवाची एवं नक्षत्रवाची शब्दों से) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iii. 22.
(हेमन्त प्रातिपदिक से वैदिक तथा लौकिक प्रयोग में) अण् (तथा ठञ्) प्रत्यय (होते हैं, तथा उस अण् के परे रहने पर हेमन्त शब्द के नकार का लोप भी होता है)।

अण् — IV. iii. 57
(सप्तमीसमर्थ ग्रीवा प्रातिपदिक से भव अर्थ में) अण् और ठञ्) प्रत्यय होते हैं।

अण् — IV. iii. 73
(षष्ठ्यर्थ और सप्तम्यर्थ व्याख्यातव्यनाम जो ऋगयनादि प्रातिपदिक, उनसे भव और व्याख्यान अर्थों में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iii. 76
(पञ्चमीसमर्थ शुण्डिकादि प्रातिपदिकों से 'आया हुआ' अर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण्... IV. iii. 93
देखें — अणञौ IV. iii. 93

अण् — IV. iii. 108
(तृतीयासमर्थ कलापिन् प्रातिपदिक से छन्दविषय में प्रोक्त अर्थ को कहना हो तो) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iii. 126
(संघ, अंक तथा लक्षण अभिधेय हो तो गोत्रप्रत्ययान्त अञन्त, यञन्त तथा इञन्त षष्ठीसमर्थ प्रातिपदिकों से 'इदम्' अर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iii. 133
(षष्ठीसमर्थ बिल्वादि प्रातिपदिकों से विकार और अवयव अर्थों में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iii. 149
(षष्ठीसमर्थ तसिलादि प्रातिपदिकों से विकार और अवयव अर्थों में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iii. 161
(षष्ठीसमर्थ प्लक्षादि प्रातिपदिकों से फल के विकार और अवयव की विवक्षा होने पर) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iv. 4
(तृतीयासमर्थ कुलत्थ तथा ककार उपधावाले प्रातिपदिकों से 'संस्कृतम्' अर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iv. 18
(तृतीयासमर्थ कुटिलिका प्रातिपदिक से 'हरति' अर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण्— IV. iv. 25
(तृतीयासमर्थ मुद्ग प्रातिपदिक से मिला हुआ अर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iv. 48
(षष्ठीसमर्थ महिषी आदि प्रातिपदिकों से न्याय्य व्यवहार अर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iv. 56
(शिल्पवाची प्रथमासमर्थ मड्डुक तथा झर्झर प्रातिपदिकों से विकल्प से षष्ठ्यर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iv. 68
(प्रथमासमर्थ भक्त प्रातिपदिक से 'इसको नियतरूप से दिया जाता है',इस अर्थ में विकल्प से) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iv. 80
(द्वितीयासमर्थ शकट प्रातिपदिक से 'ढोता है' अर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iv. 94
(तृतीयासमर्थ उरस् प्रातिपदिक से 'बनाया हुआ' अर्थ में) अण् (और यत्) प्रत्यय (होते हैं)।

अण् — IV. iv. 112
(सप्तमीसमर्थ वेशन्त और हिमवत् प्रातिपदिकों से भव अर्थ में) अण् प्रत्यय होता है,(वेद-विषय में)।

अण् — IV. iv. 124
(षष्ठीसमर्थ असुर शब्द से वेद-विषय में 'असुर की अपनी माया' अभिधेय होने पर) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — IV. iv. 126
(उपधान मन्त्र समानाधिकरण वाले मतुबन्त अश्विमान् प्रातिपदिक से षष्ठ्यर्थ में इष्टका अभिधेय हो तो) अण् प्रत्यय होता है,(तथा मतुप् का लुक् होता है, वेद-विषय में)।

अण् — V. i. 27
(शतमान, विंशतिक, सहस्र तथा वसन प्रातिपदिकों से 'तदर्हति' पर्यन्त कथित अर्थों में) अण् प्रत्यय होता है।

अण्...— V. i. 41
देखें — **अणञौ V. i. 41**

अण् — V. i. 96
(सप्तमीसमर्थ व्युष्टादि प्रातिपदिकों से 'दिया जाता है' और 'कार्य' अर्थों में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — V. i. 104
(प्रथमासमर्थ ऋतु प्रातिपदिक से षष्ठ्यर्थ में) अण् प्रत्यय होता है, (यदि वह प्रथमासमर्थ ऋतु प्रातिपदिक प्राप्त समानाधिकरण वाला हो तो)।

अण् — V. i. 109
(प्रयोजन समानाधिकरणवाची प्रथमासमर्थ विशाखा तथा आषाढ प्रातिपदिकों से यथासङ्ख्य करके मन्थ तथा दण्ड अभिधेय होने पर षष्ठ्यर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — V. i. 129
(षष्ठीसमर्थ हायन शब्द अन्तवाले तथा युवादि प्रातिपदिकों से भाव और कर्म अर्थों में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — V. ii. 38
(प्रथमासमर्थ प्रमाण-समानाधिकरणवाची पुरुष तथा हस्तिन् प्रातिपदिकों से षष्ठ्यर्थ में) अण् (तथा द्वयसच्, दघ्नच् और मात्रच्) प्रत्यय (होते हैं)।

अण् — V. ii. 61
(विमुक्तादि प्रातिपदिकों से 'अध्याय' और 'अनुवाक' अभिधेय हों तो मत्वर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — V. ii. 103
(तपस् तथा सहस्र प्रातिपदिकों से मत्वर्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — V. iii. 109
(शर्करादि प्रातिपदिकों से इवार्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण्... — V. iii. 117
देखें — **अणञौ V. iii. 117**

अण् — V. iv. 15
(इनुण्-प्रत्ययान्त प्रातिपदिक से स्वार्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

अण् — V. iv. 36
(उस प्रकाशित वाणी से युक्त कर्मन् प्रातिपदिक से स्वार्थ में) अण् प्रत्यय होता है।

...अण्...— VI. iii. 49
देखें — **लेखयदण्०** VI. iii. 49

अणः — IV. i. 156
अणन्त (दो अच् वाले) प्रातिपदिकों से (अपत्यार्थ में फिञ् प्रत्यय होता है)।

...अणः — V. iii. 118
(अभिजित्, विदभृत्, शालावत्, शिखावत्, शमीवत्, ऊर्णावत्, श्रुमत् सम्बन्धी) अणन्त शब्द से (स्वार्थ में यञ् प्रत्यय होता है)।

अणः — VI. iii. 110
(ढकार तथा रेफ का लोप हुआ है जिसके कारण, उसके परे रहते पूर्व के) अण् को (दीर्घ होता है)।

अणः — VII. iv. 13
(क प्रत्यय परे रहते) अण् = अ, इ, उ को (ह्रस्व होता है)।

अणः — VIII. iv. 56
(अवसान में वर्तमान प्रगृह्यसञ्ज्ञक से भिन्न) अण् को (विकल्प से अनुनासिक आदेश होता है)।

...अणके — II. i. 53
देखें — **पापाणके** II. i. 53

अणञौ — IV. iii. 93
(प्रथमासमर्थ सिन्ध्वादि तथा तक्षशिलादिगणपठित शब्दों से यथासंख्य करके) अण् तथा अञ् प्रत्यय होते हैं, ('इसका अभिजन' कहना हो तो)।

अणञौ — V. i. 40
(षष्ठीसमर्थ सर्वभूमि तथा पृथिवी प्रातिपदिकों से कारण अर्थ में यथासङ्ख्य करके) अण् तथा अञ् प्रत्यय होते हैं, (यदि वह कारण संयोग वा उत्पात हो तो)।

अणञौ — V. iii. 117
(शस्त्रों से जीविका कमाने वाले पुरुषों के समूहवाची पर्श्वादि तथा यौधेयादि-गणपठित प्रातिपदिकों से स्वार्थ में यथासंख्य करके) अण् तथा अञ् प्रत्यय होते हैं।

अणि — I. iv. 52
(गत्यर्थक, बुद्ध्यर्थक, भोजनार्थक तथा शब्द कर्म वाली और अकर्मक धातुओं का) अण्यन्तावस्था में (जो कर्त्ता, वह ण्यन्तावस्था में कर्मसंज्ञक होता है)।

अणि — IV. iii. 2
(उस खञ् तथा) अण् प्रत्यय के परे रहते (युष्मद्, अस्मद् के स्थान पर यथासङ्ख्य युष्माक, अस्माक आदेश होते हैं)।

अणि — VI. ii. 75
अणन्त शब्द उत्तरपद रहते (नियुक्तवाची समास में पूर्वपद को आद्युदात्त होता है)।

अणि — VI. iv. 133
(षकार पूर्व में है जिसके, ऐसा जो अन्, त[illegible] तथा हन् एवं धृतराजन् भसञ्ज्ञक अङ्ग के अन् के अकार का लोप होता है), अण् परे रहते।

अणि — VI. iv. 164
(अपत्य अर्थ से भिन्न अर्थ में वर्तमान) अण् प्रत्यय के परे रहते (भसञ्ज्ञक इन्नन्त अङ्ग को प्रकृतिभाव हो जाता है)।

अणिञोः — II. iv. 58
(ण्यन्त गोत्रप्रत्ययान्त, क्षत्रियवाची गोत्रप्रत्ययान्त, ऋषिवाची गोत्रप्रत्ययान्त तथा ञित् गोत्रप्रत्ययान्त शब्द से युवापत्य में विहित) अण् और इञ् प्रत्ययों का (लुक् होता है)।

अणिञोः — IV. i. 78
(गोत्र में विहित ऋष्यपत्य से भिन्न) अण् और इञ् प्रत्ययान्त (उपोत्तमगुरु वाले) प्रातिपदिकों को (स्त्रीलिङ्ग में ष्यङ् आदेश होता है)।

अणुदित् — I. i. 68
अण् प्रत्याहार = अ, इ, उ, ऋ, लृं, ए, ओ, ऐ, औ, ह, य, व र ल तथा उदित् = उकार इत्संज्ञक वर्ण (अपने स्वरूप तथा अपने सवर्ण का भी ग्रहण कराने वाले होते हैं, प्रत्यय को छोड़कर)।

...अणुभ्यः — V. ii. 4
देखें — **तिलमाषो०** V. ii. 4

अणौ — I. iii. 67
अण्यन्तावस्था में (जो कर्म, वह यदि ण्यन्तावस्था में कर्त्ता बन रहा हो तो, ऐसी ण्यन्त धातु से आत्मनेपद होता है, आध्यान = उत्कण्ठापूर्वक स्मरण अर्थ को छोड़कर)।

अणौ — I. iii. 88
अण्यन्तावस्था में (अकर्मक तथा चेतन कर्ता वाले धातु से ण्यन्तावस्था में परस्मैपद होता है)।

....अणौ — IV. ii. 28
देखें — अणौ IV. ii. 28

....अणौ — IV. iii. 71
देखें — यदणौ IV. iii. 71

... अण्डात् — V. ii. 111
देखें — काण्डाण्डात् V. ii. 111

अण्यदर्थे — VI. IV. 60
ण्यत् के अर्थ से भिन्न अर्थ में वर्तमान (निष्ठा के परे रहते क्षि अङ्ग को दीर्घ हो जाता है)।

अत्...— I. i. 2
देखें — अदेङ् I. i. 2

अत् — III. iv. 106
[लिङादेश (उत्तमपुरुष एकवचन) 'इट्' के स्थान में] 'अत्' आदेश होता है।

अत् — V. iii. 12
(सप्तम्यन्त किम् प्रातिपदिक से) अत् प्रत्यय होता है।

अत् — VII. i. 31
(युष्मद्, अस्मद् अङ्ग से उत्तर पञ्चमी विभक्ति के भ्यस् के स्थान में) अत् आदेश होता है ।

अत् — VII. i. 85
(पथिन्, मथिन् तथा ऋभुक्षिन् अङ्गों के इकार के स्थान में) अकारादेश होता है, (सर्वनामस्थान परे रहते)।

अत् — VII. i. 86
(अभ्यस्त अङ्ग से उत्तर प्रत्यय के अवयव झकार के स्थान में) अत् आदेश हो जाता है।

अत् — VII. ii. 118
(इकारान्त उकारान्त अङ्ग से उत्तर ङि को औकारादेश होता है तथा घिसञ्ज्ञक को) अकारादेश (भी) होता है।

अत् — VII. iv. 66
(ऋवर्णान्त अभ्यास को) अकारादेश होता है।

अत् — VII. iv. 95
(स्मृ, दृ, त्वर, प्रथ, म्रद, स्तृञ्, स्पश — इन अङ्गों के अभ्यास को चङ्परक णि परे रहते) अकारादेश होता है।

अत: — II. iv. 83
अदन्त (अव्ययीभाव) से उत्तर (सुप् प्रत्यय का लुक् नहीं होता, अपितु पञ्चमी से भिन्न सुप् प्रत्यय के स्थान में अम् आदेश होता है)।

...अत: — IV. i. 4
देखें — अजाद्यत: IV. I. 4

अत: — IV. i. 95
(षष्ठीसमर्थ) अकारान्त प्रातिपदिक से (अपत्य मात्र को कहने में इञ् प्रत्यय होता है)।

अत: — IV. i. 175
(स्त्रीलिङ्ग अभिधेय हो तो तद्राजसञ्ज्ञक) अकार प्रत्यय का (भी लुक् हो जाता है)।

अत: — V. ii. 115
अकारान्त प्रातिपदिकों से (मत्वर्थ में इनि और ठन् प्रत्यय होते हैं)।

अत: — VI. i. 94
(अपदान्त) अकार से उत्तर (गुणसञ्ज्ञक अ, ए , ओ के परे रहते पूर्व पर के स्थान में पररूप एकादेश होता है, संहिता के विषय में)।

अत: — VI. i. 98
(अव्यक्त के अनुकरण का) जो अत् शब्द, उससे उत्तर (इति शब्द परे रहते पूर्व पर के स्थान में पररूप एकादेश होता है, संहिता के विषय में)

अत: — VI. i. 109
(अप्लुत) अकार से उत्तर (अप्लुत अकार परे रहते रु के रेफ को उकार आदेश होता है, संहिता के विषय में)।

अत: — VI. iii. 134
(दो अच् वाले तिङन्त के) अकार को (ऋचा विषय में दीर्घ होता है, संहिता में)।

अत: — VI. iv. 48
अकारान्त अङ्ग का (आर्धधातुक परे रहते लोप हो जाता है)।

अत: — VI. iv. 105
अकारान्त अङ्ग से उत्तर (हि का लुक् हो जाता है)।

अत: — VI. iv. 110
(उकारप्रत्ययान्त कृ अङ्ग के) अकार के स्थान में (उकारादेश हो जाता है, कित् या ङित् सार्वधातुक परे रहते)।

अतः — VI. iv. 120
(लिट् परे रहते अङ्ग के असहाय हलों के बीच में वर्तमान) जो अकार, उसको (एकारादेश तथा अभ्यास का लोप हो जाता है; कित्, ङित् लिट् परे रहते)।

अतः — VII. i. 9
अकारान्त अङ्ग से उत्तर (भिस् के स्थान में ऐस् आदेश होता है)।

अतः — VII. i. 24
अकारान्त (नपुंसक लिङ्ग वाले) अङ्ग से उत्तर (सु और अम् के स्थान में अम् आदेश होता है)।

अतः — VII. ii. 2
(अकार के समीप वाले रेफान्त तथा लकारान्त अङ्ग के) अकार के स्थान में (ही वृद्धि होती है, परस्मैपदपरक सिच् परे हो तो)।

अतः — VII. ii. 7
(हलादि अङ्ग के लघु) अकार को (परस्मैपदपरक इडादि सिच् परे रहते विकल्प से वृद्धि नहीं होती)।

अतः — VII. ii. 80
अकारान्त अङ्ग से उत्तर (सार्वधातुक या के स्थान में इय् आदेश होता है)।

अतः — VII. ii. 116
(अङ्ग की उपधा के) अकार के स्थान में (वृद्धि होती है, ञित् या णित् प्रत्यय परे रहते)।

अतः — VII. iii. 27
(अर्ध शब्द से परे परिमाणवाची शब्द के अचों में आदि) अकार को (वृद्धि नहीं होती, पूर्वपद को तो विकल्प से होती है; ञित्, णित् तथा कित् तद्धित परे रहते)।

अतः — VII. iii. 44
(प्रत्यय में स्थित ककार से पूर्व के) अकार के स्थान में (इकारादेश होता है, आप् परे रहते, यदि वह आप् सुप् से उत्तर न हो तो)।

अतः — VII. iii. 101
अकारान्त अङ्ग को (दीर्घ होता है, यञादि सार्वधातुक प्रत्यय के परे रहते)।

अतः — VII. iv. 70
(अभ्यास के आदि) अकार को (लिट् परे रहते दीर्घ होता है)।

अतः — VII. iv. 79
(सन् परे रहते) अकारान्त (अभ्यास) को (इत्व होता है)।

अतः — VII. iv. 85
(अनुनासिकान्त अङ्ग के) अकारान्त (अभ्यास) को (नुक् आगम होता है, यङ् तथा यङ्लुक् परे रहते)।

अतः — VII. iv. 88
(चर तथा फल धातुओं के अभ्यास से परे) अकार के स्थान में (उकारादेश होता है, यङ् तथा यङ्लुक् परे रहते)।

अतः — VIII. iii. 46
अकार से उत्तर (समास में जो अनुत्तरपदस्थ अनव्यय का विसर्जनीय, उसको नित्य ही सकारादेश होता है; कृ, कमि, कंस, कुम्भ, पात्र, कुशा तथा कर्णी शब्दों के परे रहते)।

अतदर्थे — VI. ii. 156
(गुणप्रतिषेध अर्थ में जो नञ्, उससे उत्तर) अतदर्थ = 'उसके लिये यह' इस अर्थ में विहित जो न हों, ऐसे (जो य तथा यत् तद्धित प्रत्यय, तदन्त उत्तरपद को भी अन्त उदात्त होता है)।

अतदर्थे — VI. iii. 52
अतदर्थ = 'उसके लिये यह' इस अर्थ में विहित जो न हो, ऐसे (यत् प्रत्यय) के परे रहते (पाद शब्द को पद् आदेश होता है)।

अतद्धितलुकि — V. iv. 92
(गो शब्द अन्त वाले तत्पुरुष समास से समासान्त टच् प्रत्यय होता है, यदि वह तत्पुरुष) तद्धितलुक्-विषयक न हो, अर्थात् तद्धितप्रत्यय का लुक् न हुआ हो तो ।

अतद्धिते — I. ii. 8
(उपदेश में) तद्धितवर्जित प्रत्यय (के आदि) में वर्तमान (लकार, शकार और कवर्ग की इत्सञ्ज्ञा होती है)।

अतद्धिते — VI. iv. 133
(भसञ्ज्ञक श्वन्, युवन्, मघवन् अङ्गों को) तद्धितभिन्न प्रत्ययों के परे रहते (सम्प्रसारण होता है)।

अतरुणेषु — I. ii. 73
तरुणों से रहित (ग्रामीण पशुओं के समूह) में (स्त्री शब्द शेष रह जाता है, पुमान् शब्द हट जाते हैं)।

अतसर्थप्रत्ययेन — II. iii. 30
अतसुच् के अर्थ में विहित प्रत्ययों से बने शब्दों के योग में (षष्ठी विभक्ति होती है)।

अतसुच् — V. iii. 28
(दिशा, देश तथा काल अर्थों में वर्तमान सप्तम्यन्त, पञ्चम्यन्त तथा प्रथमान्त दिशावाची दक्षिण तथा उत्तर प्रातिपदिकों से स्वार्थ में) अतसुच् प्रत्यय होता है।

अति... — V. i. 22
देखें — अतिशदन्तायाः V. i. 22

अति — VI. i. 105
(पदान्त एङ् प्रत्याहार से उत्तर) अकार परे रहते (पूर्व पर के स्थान में पूर्वरूप एकादेश होता है, संहिता के विषय में)।

अति — VII. ii. 105
अत् विभक्ति के परे रहते (किम् अङ्ग को क्व आदेश होता है)।

अतिः — I. iv. 94
अति शब्द (कर्मप्रवचनीय और निपात संज्ञक होता है, उल्लंघन और पूजा अर्थ में)।

अतिक्रमणे — I. iv. 94
अतिक्रमण = उल्लङ्घन (और पूजा) अर्थ में (अति शब्द की कर्मप्रवचनीय और निपात संज्ञा होती है)।

अतिग्रह...— V. iv. 46
देखें — अतिग्रहाव्यथन० V. iv. 46

अतिग्रहाव्यथनक्षेपेषु — V. iv. 46
अतिग्रह = अन्यों को चरित्रादि के द्वारा अतिक्रमण करके गृहीत होना, अव्यथन = चलायमान या दुःखी न होना तथा क्षेप = निन्दा— इन विषयों में वर्तमान (जो तृतीया विभक्ति, तदन्त शब्द से तसि प्रत्यय होता है)।

अतिङ् — II. ii. 19
तिङ् से भिन्न (उपपद का समर्थ शब्दान्तर के साथ नित्य समास होता है और वह तत्पुरुषसंज्ञक समास होता है)।

अतिङ् — III. i. 93
(धातु के अधिकार में विहित) तिङ्-भिन्न प्रत्ययों की ('कृत्' संज्ञा होती है)।

अतिङः — VIII. i. 28
अतिङ् पद से उत्तर (तिङ्पद को अनुदात्त होता है)।

...अतिचर... — III. ii. 142
देखें — सम्पृचानुरुधा० III. ii. 142

...अतिथि...— IV. iv. 104
देखें — पथ्यतिथिवसति० IV. iv. 104

अतिथेः — V. iv. 26
अतिथि प्रातिपदिक से ('उसके लिये यह' अर्थ में ञ्य प्रत्यय होता है)।

...अतिभ्यः ... — I. iii. 80
देखें — अभिप्रत्यतिभ्यः I. iii. 80.

अतिव्यथने — V. iv. 61
(सपत्र तथा निष्पत्र प्रातिपदिकों से) 'अतिपीडन' गम्यमान हो तो (कृञ् के योग में डाच् प्रत्यय होता है)।

अतिशदन्तायाः — V. i. 22
(संख्यावाची प्रातिपदिक से तदर्हति पर्यन्त कथित अर्थों में कन् प्रत्यय होता है, यदि वह संख्यावाची प्रातिपदिक) ति शब्द अन्तवाला और शत् शब्द अन्त वाला न हो तो।

अतिशायने — V. iii. 55
अत्यन्त प्रकर्ष अर्थ में वर्तमान (प्रातिपदिक से तमप् और इष्ठन् प्रत्यय होते हैं)।

...अतिसर्ग...— III. iii. 163
देखें — प्रैषातिसर्ग० III. iii. 163

...अतीण्...— III. i. 141
देखें — श्याद्व्यधा० III. i. 141

...अतीत... — II. i. 23
देखें — श्रितातीतपतित० II. i. 23

...अतीसाराभ्याम् — V. ii. 129
देखें — वातातीसाराभ्याम् V. ii. 129

अतु... — VI. iv. 14
देखें — अत्वसन्तस्य VI. iv. 14

अतुला ...— II. iii. 72
देखें — अतुलोपमाभ्याम् II. iii. 72

अतुलोपमाभ्याम् — II. iii. 72
तुला और उपमा शब्दों को छोड़कर (तुल्यार्थक शब्दों के योग में तृतीया विभक्ति विकल्प से होती है, पक्ष में षष्ठी भी)।

...अतुस्...— III. iv. 82
देखें — णलतुसुस्० III. iv. 82

...अतृतीयास्थस्य — VI. iii. 98
देखें — अषष्ठ्यतृतीयास्थस्य VI. iii. 98

अतृन् — III. ii. 104
('जॄष् वयोहानौ' धातु से भूतकाल में) अतृन् प्रत्यय होता है।

अतेः — V. iv. 96
अति शब्द से उत्तर (जो श्वन् शब्द, तदन्त प्रातिपदिक तत्पुरुष से समासान्त टच् प्रत्यय होता है)।

अतेः — VI. ii. 191.
अति उपसर्ग से उत्तर (अकृदन्त तथा पद शब्द को अन्तोदात्त होता है)।

अतौ — VI. ii. 50
तु शब्द को छोड़कर (तकारादि एवं नकार इत्सञ्ज्ञक कृत् के परे रहते भी अव्यवहित पूर्वपद गति को प्रकृतिस्वर होता है)।

अत्ति...— VII. ii. 66
देखें — **अत्त्यर्तिव्ययतीनाम् VII. ii. 66**

अत्पूर्वस्य — VIII. iv. 21
(उपसर्ग में स्थित निमित्त से उत्तर) अकार पूर्व है जिससे, ऐसे (हन् धातु) के (नकार को णकारादेश होता है)।

...अत्यन्त...— III. ii. 48
देखें — **अन्तात्यन्ता० III. ii. 48**

...अत्यन्त...— V. ii. 11
देखें — **अवारपारात्यन्ता० V. ii. 11**

अत्यन्तसंयोगे — II. i. 28
अत्यन्तसंयोग गम्यमान होने पर (भी कालवाची द्वितीयान्तों का समर्थ सुबन्त के साथ विकल्प से समास होता है और वह तत्पुरुष समास होता है)।

क्रिया, गुण या द्रव्य के साथ सम्पूर्णता से काल और अध्ववाचकों के सम्बन्ध का नाम अत्यन्त-संयोग है।

अत्यन्तसंयोगे — II. iii. 5
अत्यन्तसंयोग गम्यमान होने पर (काल और अध्ववाचक शब्दों में द्वितीया विभक्ति होती है)।

...अत्यय...— II. i. 6
देखें— **विभक्तिसमीपसमृद्धि० II. i. 6**

...अत्यस्त...— II. i. 23
देखें — **श्रितातीतपतित० II. i. 23**

...अत्याकार... — V. i. 133
देखें — **श्लाघात्याकार० V. i. 133**

अत्याधानम् — III. iii. 80
(उद्घन शब्द में) अत्याधान = काष्ठ के नीचे रखा गया काष्ठ वाच्य हो तो (उत् पूर्वक हन् धातु से अप् प्रत्यय तथा हन् को घनादेश निपातन किया जाता है, कर्तृभिन्न कारक संज्ञा विषय में)।

अत्त्यर्तिव्ययतीनाम् — VII. ii. 66
अद् भक्षणे, ऋ गतौ, व्येञ् संवरणे – इन अङ्गों के (थल् को इट् आगम होता है)।

अत्र — VI. iv. 22
('भस्य' के अधिकारपर्यन्त) समानाश्रय अर्थात् एक ही निमित्त होने पर (आभीय कार्य असिद्ध के समान होता है)।

अत्र — VII. iv. 58
यहाँ अर्थात् सन् परे रहते पूर्व के चार सूत्रों से जो इस् इत् आदि का विधान किया है, उनके (अभ्यास का लोप होता है)।

अत्र — VIII. iii. 2
यहाँ से आगे जिसको रु विधान करेंगे, उससे (पूर्व के वर्ण को विकल्प से अनुनासिक आदेश होता है, यह तथ्य अधिकृत होता है)।

अत्रि ...— II. iv. 65
देखें — **अत्रिभृगुकुत्स० II. iv. 65**

अत्रिभृगुकुत्सवसिष्ठगोतमाङ्गिरोभ्यः — II. iv. 65
अत्रि, भृगु, कुत्स, वसिष्ठ, गोतम, अङ्गिरस् — इन शब्दों से (तत्कृत बहुत्व गोत्रापत्य में विहित जो प्रत्यय, उसका भी लुक् हो जाता है)।

...अत्रिषु — IV. i. 117
देखें — **वत्सभरद्वाजा० IV. i. 117**

...अत्वतः — VI. i. 153
देखें — **कर्षात्वतः VI. i. 153**

अत्वतः — VII. ii. 62
(उपदेश में) जो धातु अकारवान् (और तास् के परे रहते नित्य अनिट्), उससे उत्तर (थल् को तास् के समान ही इट् आगम नहीं होता)।

अत्वसन्तस्य — VI. iv. 14
(धातु-भिन्न) अतु तथा अस् अन्त वाले अङ्ग की (उपधा को भी दीर्घ होता है, सम्बुद्धिभिन्न सु विभक्ति परे रहते)।

अथ — अथ शब्दानुशासनम्
पाणिनि द्वारा अष्टाध्यायी के आदि में पठित मङ्गल तथा प्रारम्भ अर्थ का वाचक अव्यय। यहाँ से लौकिक तथा वैदिक शब्दों का अनुशासन = उपदेश आरम्भ होता है।

...अथ... — VI. ii. 144
देखें — **थाथघञ्० VI. ii. 144**

अथुच् — III. iii. 89
(टु इत्संज्ञक है जिन धातुओं का, उनसे कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में) अथुच् प्रत्यय होता है।

...अथुस्... — **III. iv. 82**
देखें — **णल्तुसुस्०** **III. iv. 82**

अद: — **I. iv. 69**
(अनुपदेश विषय में) अदस् शब्द (क्रियायोग में गति और निपात-संज्ञक होता है)।

अद: — **II. iv. 36**
अद् के स्थान में (जग्ध् आदेश होता है, ल्यप् और तकारादि कित् आर्धधातुक परे रहते)।

अद: — **III. ii. 68**
अद् धातु से (अन्न शब्द से भिन्न सुबन्त उपपद रहते 'विट्' प्रत्यय होता है)।

...अद: — **III. ii. 160**
देखें— **सृघस्यद:** **III. ii. 160**

अद: — **III. iii. 59**
(उपसर्ग उपपद रहते हुए) अद् धातु से(अप् प्रत्यय होता है, कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में)।

अद: — **VII. iii. 100**
अद् अङ्ग से उत्तर (हलादि अपृक्त सार्वधातुक को सभी आचार्यों के मत में अट् आगम होता है)।

...अदन्तात् — **VI. iii. 8**
देखें — **हलदन्तात्** **VI. iii. 8**

अदन्तात् — **VIII. iv. 7**
ह्रस्व अकारान्त (पूर्वपद में स्थित) निमित्त से उत्तर (अहन् के नकार को णकारादेश होता है)।

अदर्शनम् — **I. i. 59**
विद्यमान के अदर्शन = अनुपलब्धि या वर्णविनाश की (लोप संज्ञा होती है)।

अदर्शनम् — **I. ii. 55**
(सम्बन्ध को वाचक मानकर यदि संज्ञा हो तो भी उस सम्बन्ध के हट जाने पर उस संज्ञा का) अदर्शन = न दिखाई देना (होना चाहिये पर वह होता नहीं है)।

अदर्शनम् — **I. iv. 28**
(व्यवधान के निमित्त जिससे) छिपना (चाहता हो, उस कारक की अपादान संज्ञा होती है)।

अदर्शनात् — **V. iv. 76**
दर्शन विषय से अन्यत्र वर्तमान (अक्षि-शब्दान्त प्रातिपदिक से समासान्त अच् प्रत्यय होता है)।

अदस: — **I. i. 12**
अदस् शब्द के (मकार से परे ईदन्त, ऊदन्त और एदन्त शब्द की प्रगृह्य संज्ञा होती है)।

अदस: — **VII. ii. 107**
अदस् अङ्ग को (सु परे रहते औ आदेश तथा सु का लोप होता है)।

अदस: — **VIII. ii. 80**
(असकारान्त) अदस् शब्द के (दकार से उत्तर जो वर्ण, उसके स्थान में उवर्ण आदेश होता है तथा दकार को मकारादेश भी होता है)।

...अदसो: — **VII. i. 11**
देखें — **इदमदसो:** **VII. i. 11**

अदाप् — **I. i. 29**
दाप् और दैप् धातुओं को छोड़कर (दा रूप वाली चार और धा रूप वाली दो धातुओं की घु संज्ञा होती है)।

अदिक्स्त्रियाम् — **V. iv. 8**
दिशावाचक स्त्रीलिंग न हो तो (अञ्चति उत्तरपद वाले प्रातिपदिक से स्वार्थ में विकल्प से ख प्रत्यय होता है)।

...अदिति... — **IV. i. 85**
देखें — **दित्यदित्यादित्य०** **IV. i. 85**

अदिप्रभृतिभ्य: — **II. iv. 72**
अदादिगण-पठित धातुओं से उत्तर (शप् का लुक् होता है)।

...अदुपदेशात् — **VI. i. 180**
देखें— **तास्यनुदात्तेत्०** **VI. i. 180**

अदुपधात् — **III. i. 98**
अकारोपध (पवर्गान्त) धातु से (यत् प्रत्यय होता है)।

...अदूर... — **II. ii. 25**
देखें — **अव्ययासन्नादूरा०** **II. ii. 25**

अदूरभव: — **IV. ii. 69**
(षष्ठीसमर्थ प्रातिपदिक से) पास होने के अर्थ में (भी यथाविहित अण् आदि प्रत्यय होते हैं)।

अदूरात् — **VIII. ii. 107**
दूर से (बुलाने के विषय से) भिन्न (विषय में अप्रगृह्य-सञ्ज्ञक एच् के पूर्वार्द्ध भाग को प्लुत करने के प्रसंग में आकारादेश होता है तथा उत्तरवाले भाग को इकार उकार आदेश होते हैं)।

अदूरे — V. iii. 35

(दिशा, देश और काल अर्थों में वर्तमान पञ्चम्यन्त-वर्जित सप्तमी प्रथमान्त दिशावाची उत्तर, अधर और दक्षिण प्रातिपदिकों से विकल्प से एनप् प्रत्यय होता है), 'निकटता' गम्यमान होने पर।

अदेङ् — I. i. 2

अ, ए, ओ की (गुणसंज्ञा होती है)।

अदेश... — IV. iii. 96

देखें — **अदेशकालात् IV. iii. 96**

अदेश... — IV. iv. 71

देखें — **अदेशकालात् IV. iv. 71**

अदेशकालात् — IV. iii. 96

(प्रथमासमर्थ भक्तिसमानाधिकरणवाची) देशकाल-वर्जित (अचेतनवाची) प्रातिपदिक से (षष्ठ्यर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

अदेशकालात् — IV. iv. 71

(जिस देश व काल में अध्ययन नहीं करना चाहिये, ऐसे अदेशकालवाची सप्तमीसमर्थ प्रातिपदिकों से (अध्ययन करने वाला अभिधेय हो तो ठक् प्रत्यय होता है)।

अदेशे — VIII. iv. 23

(अन्तर शब्द से उत्तर अकार पूर्ववाले हन् धातु के नकार को णकारादेश होता है) देश को न कहा जा रहा हो तो।

अद्ड् — VII. i. 25

(डतर आदि में है जिनके, ऐसे सर्वादिगणपठित पाँच शब्दों से परे सु तथा अम् को) अद्ड् आदेश होता है।

अद्भिः — IV. iv. 134

(तृतीयासमर्थ) आप् प्रातिपदिक से (संस्कृत अर्थ में यत् प्रत्यय होता है, वेद-विषय में)।

...अद्य... — V. iii. 22

देखें — **सद्यःपरुत्० V. iii. 22**

अद्यश्वीन — V. ii. 13

अद्यश्वीन = आज या कल ब्याने वाली गौ आदि-शब्द का निपातन किया जाता है, (निकट प्रसव को कहना हो तो)।

अद्रव्यप्रकर्षे — V. iv. 11

(किम्, एकारान्त, तिङन्त तथा अव्ययों से विहित जो तरप्- तमप् प्रत्यय, तदन्त से आमु प्रत्यय होता है), द्रव्य का प्रकर्ष = उत्कर्ष न कहना हो तो।

अद्रि — VI. iii. 91

(विष्वग् तथा देव शब्दों के तथा सर्वनाम शब्दों के टिभाग को) अद्रि आदेश होता है, (वप्रत्ययान्त अञ्चु धातु के परे रहते)।

अद्वन्द्वे — II. iv. 69

(द्वन्द्व तथा) अद्वन्द्व = द्वन्द्वभिन्न समास में (उपक आदियों से उत्तर गोत्रप्रत्यय का बहुत्व की विवक्षा में विकल्प से लुक् होता है)।

अद्व्यादिभ्यः — V. iii. 2

(यहां से आगे 'दिक्शब्देभ्यः सप्तमीपञ्चमी' V.iii.27' सूत्र तक जितने प्रत्यय कहे हैं, वे किम्, सर्वनाम तथा बहु शब्दों से ही होते हैं), द्वि आदि शब्दों को छोड़कर।

अद्व्युपसर्गस्य — VI. iv. 96

जो दो उपसर्गों से युक्त नहीं है, ऐसे (छादि) अङ्ग की (उपधा को घ प्रत्यय परे रहने पर ह्रस्व होता है)।

...अध... — V. iii. 39

देखें — **पुरधव: V. iii. 39**

अध: — VIII. ii. 40

(झष् से उत्तर तकार तथा थकार को धकार आदेश होता है, किन्तु) डुधाञ् धातु से उत्तर (धकारादेश नहीं होता)।

अधनुषा — IV. iv. 83

(द्वितीयासमर्थ प्रातिपदिक से 'बींधता है' अर्थ में) यदि धनुष करण न हो तो (यत् प्रत्यय होता है)।

...अधम... — IV. iii. 5

देखें — **परावराधमो० IV. iii. 5**

...अधर... — II. ii. 1

देखें — **पूर्वापराधरो० II. ii. 1**

...अधर... — V. iii. 34

देखें — **उत्तराधर० V. iii. 34**

...अधर... — V. iii. 39

देखें — **पूर्वाधर० V. iii. 39**

...अधराणि — I. i. 33

देखें — **पूर्वपरावरदक्षिणोत्तरापराधराणि I. i. 33**

...अधरेद्युस् — V. iii. 22

देखें — **सद्यःपरुत्० V. iii. 22**

...अधरोत्तराणाम् — II. iv. 12

देखें — **वृक्षमृगतृणधान्य० II. iv. 12**

अधस्... — VIII. iii. 47
देखें — **अधःशिरसी VIII. iii. 47**

...अधसः — VIII. i. 7
देखें — **उपर्यध्यधसः VIII. i. 7**

अधःशिरसी — VIII. iii. 47
(समास में अनुत्तरपदस्थ) अधस् तथा शिरस् के (विसर्जनीय) को सकार आदेश होता है, पद शब्द परे रहते)।

अधातुः — I. ii. 45
(अर्थवान् शब्द प्रातिपदिक संज्ञक होते है), धातु (और प्रत्यय) को छोड़कर ।

अधातोः — VI. iv. 14
धातुभिन्न (अतु तथा अस् अन्त वाले अङ्ग की उपधा) को (भी दीर्घ होता है, सम्बुद्धिभिन्न सु विभक्ति परे रहते)।

अधातोः — VII. i. 70
(उक् इत्सञ्ज्ञक है जिसका, ऐसे) धातुवर्जित अङ्ग को (तथा अञ्चु धातु को सर्वनामस्थान परे रहते नुम् आगम होता है)।

अधि... — I. iv. 46
देखें — **अधिशीङ्स्थासाम् I. iv. 46**

...अधि... — I. iv. 48
देखें — **उपान्वध्याङ्वसः I. iv. 48**

अधि... — I. iv. 92
देखें — **अधिपरी I. iv. 92**

...अधि... — VIII. i. 7
देखें — **उपर्यध्यधसः VIII. i. 7**

अधिः — I. iv. 96
अधि शब्द (कर्मप्रवचनीय और निपातसंज्ञक होता है, ईश्वर अर्थ में)।

...अधिक... — II. ii. 25
देखें — **अव्ययासन्नादूरा० II. ii. 25**

...अधिक... — VI. ii. 91
देखें — **भूताधिक० VI. ii. 91**

अधिकम् — II. iii. 9
(जिससे) अधिक हो (और जिसका सामर्थ्य हो, उस कर्मप्रवचनीय के योग में सप्तमी विभक्ति होती है)।

अधिकम् — V. ii. 45
(प्रथमासमर्थ दशन् शब्द अन्त वाले प्रातिपदिक से सप्तम्यर्थ में ड प्रत्यय होता है, यदि वह प्रथमासमर्थ) अधिक समानाधिकरण वाला हो तो ।

अधिकम् — V. ii. 73
'अधिकम्' यह निपातन किया जाता है। (अध्यारूढ शब्द के उत्तरपद आरूढ शब्द का लोप तथा कन् प्रत्यय निपातन से किया जाता है)।

अधिकरणम् — I. iv. 45
(क्रिया के आश्रय कर्त्ता तथा कर्म की धारणक्रिया के प्रति आधार जो कारक, उसकी) अधिकरण संज्ञा होती है ।

...अधिकरणयोः — III. iii. 117
देखें — **करणाधिकरणयोः III. iii. 117**

अधिकरणवाचिनः — II. iii. 68
अधिकरणवाचक (क्तान्त) के योग में (भी षष्ठी विभक्ति होती है)।

अधिकरणवाचिना — II. ii. 13
अधिकरणवाची (क्तप्रत्ययान्त सुबन्त) के साथ (भी षष्ठ्यन्त सुबन्त समास को प्राप्त नहीं होता)।

अधिकरणे — II. iii. 36
(अनभिहित) अधिकरण कारक में (तथा दूरान्तिकार्थ शब्दों से भी सप्तमी विभक्ति होती है)।

अधिकरणे — II. iii. 64
(कृत्वसुच् प्रत्यय के अर्थ वाले प्रत्ययों के प्रयोग में कालवाची) अधिकरण होने पर (शेषत्व की विवक्षा में षष्ठी विभक्ति होती है)।

अधिकरणे — III. ii. 15
अधिकरण (सुबन्त) उपपद रहते (शीङ् धातु से अच् प्रत्यय होता है)।

अधिकरणे — III. iii. 93
(कर्म उपपद रहने पर) अधिकरण कारक में (भी घुसंज्ञक धातुओं से कि प्रत्यय होता है)।

अधिकरणे — III. iv. 41
अधिकरणवाची शब्द उपपद हों तो (बन्ध धातु से णमुल् प्रत्यय होता है)।

अधिकरणे — III. iv. 76
(स्थित्यर्थक, गत्यर्थक तथा प्रत्यवसान = भक्षण अर्थ वाली धातुओं से विहित जो क्त प्रत्यय, वह) अधिकरण कारक में (होता है तथा चकार से भाव, कर्म, कर्त्ता में भी होता है)।

अधिकरणैतावत्त्वे — II. iv. 15
वर्तिपदार्थ जो कि समासार्थ का आधार है, उसका परिमाण गम्यमान होने पर (द्वन्द्व एकवद् नहीं होता)।

अधिकारः — I. iii. 11
(स्वरित चिह्न वाले सूत्र से) अधिकार ज्ञात होता है।

अधिकार्थवचने — II. i. 32
अधिकार्थवचन गम्यमान होने पर अर्थात् स्तुति अथवा निन्दा में अध्यारोपित अर्थ के कथन में (कर्ता और करणवाची तृतीयान्त सुबन्त पद कृत्यप्रत्ययान्त समर्थ सुबन्तों के साथ विकल्प से समास को प्राप्त होता है और वह समास तत्पुरुष संज्ञक होता है)।

अधिकृत्य — IV. iii. 87
(द्वितीयासमर्थ प्रातिपदिक से उसको) अधिकृत करके (बनाया गया अर्थ में यथाविहित प्रत्यय होता है, यदि बनाया जाना ग्रन्थविषयक हो तो)।

अधिके — I. iv. 89
(उप शब्द) अधिक (तथा हीन) अर्थ द्योतित होने पर (कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञक होता है)।

...अधिके — VI. iii. 78
देखें — **ग्रन्थान्ताधिके** VI. iii. 78

...अधिपति... — II. iii. 39
देखें — **स्वामीश्वराधिपति०** II. iii. 39

अधिपरी — I. iv. 92
अधि और परि शब्द (कर्मप्रवचनीय और निपातसंज्ञक होते है, यदि वे अन्य अर्थ के द्योतक न हों तो)।

...अधिष्याम् — V. ii. 34
देखें — **उपाधिष्याम्** V. ii. 34

अधिशीङ्स्थासाम् — I. iv. 46
अधिपूर्वक शीङ्, स्था और आस् का (आधार जो कारक, उसकी कर्म संज्ञा होती है)।

अधीगर्थ... — II. iii. 52
देखें — **अधीगर्थदयेशाम्** II. iii. 52

अधीगर्थदयेशाम् — II. iii. 52
अधिपूर्वक इक् धातु के अर्थवाली धातुओं के तथा दय और ईश धातुओं के (कर्म कारक में शेष विवक्षित होने पर षष्ठी विभक्ति होती है)।

अधीते — IV. ii. 58
(द्वितीयासमर्थ प्रातिपदिक से) 'अध्ययन करता है' अर्थ में (यथाविहित प्रत्यय होता है, इसी प्रकार द्वितीया-समर्थ प्रातिपदिक से 'जानता है', के अर्थ में यथाविहित प्रत्यय होता है)।

अधीते — V. ii. 84
(वेद को) 'पढ़ता है' अर्थ में (श्रोत्रियन् शब्द का निपातन किया जाता है)।

...अधीनवचने — V. iv. 54
देखें — **तदधीनवचने** V. iv. 54

...अधीष्ट... — III. iii. 161
देखें — **विधिनिमन्त्रण०** III. iii. 161

अधीष्टः — V. i. 79
(द्वितीयासमर्थ कालवाची प्रातिपदिकों से) 'सत्कार-पूर्वक व्यापार' अर्थ में (तथा 'खरीदा हुआ', 'हो चुका', और 'होने वाला' — इन अर्थों में यथाविहित ठञ् प्रत्यय होता है)।

अधीष्टे — III. iii. 166
सत्कार गम्यमान हो तो (भी स्म शब्द उपपद रहते धातु से लोट् प्रत्यय होता है)।

अधुना — V. iii. 17
अधुना शब्द का निपातन किया जाता है।

अधृष्ट ... — V. ii. 20
देखें — **अधृष्टाकार्ययोः** V. ii. 20

अधृष्टाकार्ययोः — V. ii. 20
(शालीन तथा कौपीन शब्द यथासङ्ख्य करके) अधृष्ट = जो धृष्ट नहीं है तथा अकार्य = जो करने योग्य नहीं है, वाच्य हों तो (निपातन किये जाते है)।

अधेः — I. iii. 33
अधि उपसर्ग से उत्तर (कृञ् धातु से आत्मनेपद होता है, 'पर का अभिभव' अर्थ में)।

अधेः — VI. ii. 188
अधि उपसर्ग से उत्तर (उपरिस्थवाची उत्तरपद को अन्तोदात्त होता है)।

अध्यक्षे — VI. ii. 67
अध्यक्ष शब्द के उत्तरपद रहते (पूर्वपद को विकल्प से आद्युदात्त होता है)।

अध्ययनतः — II. iv. 5
अध्ययन के निमित्त से (जिनकी अविप्रकृष्ट अर्थात् प्रत्यासन्न आख्या है, उनका द्वन्द्व एकवद् होता है)।

अध्ययने — IV. iv. 63
अध्ययन में (वृत्तकर्मसमानाधिकरणवाची प्रथमासमर्थ प्रातिपदिक से षष्ठ्यर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

अध्ययने — VII. ii. 26
अध्ययन को कहने में (निष्ठा के विषय में ण्यन्त वृति धातु से इडभावयुक्त वृत्त शब्द निपातन किया जाता है)।

...अध्ययनेषु — V. i. 57
देखें — संज्ञासंघसूत्रा० V. i. 57

अध्यर्थे — VIII. iii. 51
अधि के अर्थ में वर्तमान (परि शब्द के परे रहते पञ्चमी के विसर्जनीय को सकारादेश होता है, वेद विषय में)।

अध्यर्द्धपूर्व...— V. i. 28
देखें — अध्यर्द्धपूर्वद्विगो० V. i. 28

अध्यर्द्धपूर्वद्विगोः — V. i. 28
अध्यर्द्ध शब्द पूर्व हो जिसके, उससे तथा द्विगुसञ्ज्ञक प्रातिपदिक से ('तदर्हति' पर्यन्त कथित अर्थों में आये हुये प्रत्यय का लुक् होता है, सञ्ज्ञा विषय को छोड़कर)।

...अध्यापक....— II. i. 64
देखें — पोटायुवतिस्तोक० II. i. 64

अध्याय... — III. iii. 122
देखें — अध्यायन्याय० III. iii. 122

अध्याय...— V. ii. 60
देखें — अध्यायानुवाकयोः V. ii. 60

अध्यायन्यायोद्यावसंहाराः — III. iii. 122
अधिपूर्वक इङ् धातु से अध्यायः, नि पूर्वक इण् धातु से न्यायः, उत् पूर्वक यु धातु से उद्यावः तथा सम् पूर्वक हृ धातु से संहारः — ये घञन्त शब्द (भी पुंल्लिंग में करण तथा अधिकरण कारक संज्ञा में निपातन किये जाते हैं)।

अध्यायानुवाकयोः — V. ii. 60
अध्याय और अनुवाक अभिधेय होने पर (मत्वर्थ में विहित छ प्रत्यय का लुक् होता है)।

अध्यायिनि — IV. iv. 71
(जिस देश व काल में अध्ययन नहीं करना चाहिए, ऐसे सप्तमीसमर्थ देशकालवाची प्रातिपदिकों से) अध्ययन करने वाला अभिधेय हो तो (ठक् प्रत्यय होता है)।

अध्यायेषु — IV. iii. 69
(षष्ठी तथा सप्तमीसमर्थ व्याख्यातव्यनाम ऋषिवाची प्रातिपदिकों से 'तत्र भवः' तथा 'तस्य व्याख्यान' अर्थों में) अध्याय गम्यमान होने पर (ही ठञ् प्रत्यय होता है)।

...अध्युत्तरपदात् — V. iv. 7
देखें — अषडक्षाशितं० V. iv. 7

...अध्यै...— III. iv. 9
देखें — सेसेनसे० III. iv. 9

...अध्यैन्... — III. iv. 9
देखें — सेसेनसे० III. iv. 9

अध्रुवे — III. iv. 54
अध्रुव (स्वाङ्गवाची द्वितीयान्त शब्द) उपपद रहते (धातु से णमुल् प्रत्यय होता है)।
अध्रुव = वह अङ्ग, जिसके नष्ट हो जाने पर भी प्राणी नहीं मरता।

...अध्व... — III. ii. 48
देखें — अन्तात्यन्ता० III. ii. 48

...अध्वन्... — VI. ii. 187
देखें — स्फिगपूत० VI. ii. 187

अध्वनः ... — V. ii. 16
(द्वितीयासमर्थ) अध्वन् प्रातिपदिक से ('पर्याप्त जाता है' अर्थ में यत् तथा ख प्रत्यय होते हैं)।

अध्वनः... — V. iv. 85
(उपसर्ग से उत्तर) अध्वन् शब्दान्त प्रातिपदिक से (समासान्त अच् प्रत्यय होता है)।

...अध्वनोः — II. iii. 5
देखें — कालाध्वनोः II. iii. 5

...अध्वर... — IV. iii. 72
देखें — द्व्यजृद्ब्राह्मणर्क्० IV. iii. 72

...अध्वर... — VII. iv. 39
देखें — कव्यध्वर० VII. iv. 39

...अध्वर्यु... — IV. iii. 122
देखें — पत्राध्वर्युपरिषदः IV. iii. 122

अध्वर्यु... — VI. ii. 10
देखें — अध्वर्युकषाययोः VI. ii. 10

अध्वर्युकषाययोः — VI. ii. 10
अध्वर्यु तथा कषाय शब्द उत्तरपद रहते (जातिवाची तत्पुरुष समास में पूर्वपद को प्रकृतिस्वर हो जाता है)।

अध्वर्युक्रतुः — II. iv. 4
वेद में जिस क्रतु का विधान है, ऐसे (अनपुंसकलिंग) शब्दों का (द्वन्द्व एकवद् होता है)।

...अध्वानौ — VI. iv. 169
देखें — आत्माध्वानौ VI. iv. 169

अन् — V. iii. 5
('भी' अङ्ग को) विकल्प करके (इकारादेश होता है, हलादि कित्, ङित् सार्वधातुक परे रहते)।

अन्यतरस्याम् — VII. i. 35
(आशीर्वाद विषय में तु और हि के स्थान में) विकल्प करके (तातङ् आदेश होता है)।

अन्यतरस्याम् — VII. ii. 101
(जरा शब्द को अजादि विभक्तियों के परे रहते) विकल्प से (जरस् आदेश होता है)।

अन्यतरस्याम् — VII. iii. 9
(पद शब्द अन्त में है जिसके, ऐसे श्वन् आदि वाले अङ्ग को जो ऐच् आगम एवं वृद्धिप्रतिषेध कहा है, वह) विकल्प से (नहीं होता)।

अन्यतरस्याम् — VII. iii. 39
(ली तथा ला अङ्ग को स्नेह = घृतादि पदार्थ के पिघलना अर्थ में णि परे रहते) विकल्प से (क्रमशः नुक् तथा लुक् आगम होता है)।

अन्यतरस्याम् — VII. iii. 43
(रुह् अङ्ग को) विकल्प से (णि परे रहते पकारादेश होता है)।

अन्यतरस्याम् — VII. iv. 3
(भ्राज, भास, भाष, दीप, जीव, मील, पीड – इन अङ्गों की उपधा को चङ्परक णि परे रहते) विकल्प से (ह्रस्व होता है)।

अन्यतरस्याम् — VII. iv. 15
(आबन्त अङ्ग को) विकल्प से (ह्रस्व नहीं होता है, कप् प्रत्यय परे रहते)।

अन्यतरस्याम् — VII. iv. 41
(शो तथा छो अङ्ग को) विकल्प करके (इकारादेश होता है, तकारादि कित् प्रत्यय परे रहते)।

अन्यतरस्याम् — VIII. i. 13
(प्रिय तथा सुख शब्दों को 'कष्ट न होना' अर्थ द्योत्य हो तो) विकल्प करके (द्वित्व होता है एवं उस को कर्मधारयवत् कार्य होता है)।

अन्यतरस्याम् — VIII. ii. 54
(प्रपूर्वक स्त्यै धातु से उत्तर निष्ठा के तकार को) विकल्प से (मकारादेश होता है)।

अन्यतरस्याम् — VIII. ii. 56
(नुद, विद, उन्दी, त्रैङ्, घ्रा, ह्री – इन धातुओं से उत्तर) विकल्प से (निष्ठा के तकार को नकारादेश होता है)।

अन्यतरस्याम् — VIII. iii. 42
(तिरस् के विसर्जनीय को) विकल्प करके (सकारादेश होता है, कवर्ग पवर्ग परे रहते)।

अन्यतरस्याम् — VIII. iii. 85
(मातुर् तथा पितुर् शब्द से उत्तर स्वसृ के सकार को समास में) विकल्प करके (मूर्धन्य आदेश होता है)।

अन्यतरस्याम् — VIII. iv. 61
(झय् प्रत्याहार से उत्तर हकार को) विकल्प से (पूर्वसवर्ण आदेश होता है)।

...अन्यतरेद्युस् — V. iii. 22
देखें — **सद्यःपरुत् V. iii. 22**

अन्यत्र — III. iv. 75
(उणादि प्रत्यय) सम्प्रदान तथा अपादान कारकों से अन्यत्र (कर्मादि कारकों में भी होते है)।

अन्यत्र — III. iv. 96
(लेट् सम्बन्धी जो एकार, उसके स्थान में ऐकारादेश विकल्प से होता है), 'आत ऐ' सूत्र के विषय को छोड़कर।

अन्यथा... — III. iv. 27
देखें — **अन्यथैवं० III. iv. 27**

अन्यथैवंकथमित्थंसु — III. iv. 27
अन्यथा, एवं, कथं तथा इत्थम् शब्दों के उपपद रहते (कृञ् धातु से णमुल् प्रत्यय होता है, यदि कृञ् का अप्रयोग सिद्ध हो)।

अन्यपदार्थे — II. i. 20
अन्यपद के अर्थ के गम्यमान होने पर (भी सुबन्त का नदीवाचियों के साथ विकल्प से अव्ययीभाव समास होता है, संज्ञा अभिधेय होने पर)।

अन्यपदार्थे — II. ii. 24
(समस्यमान पदों से) भिन्न अर्थ में वर्त्तमान (अनेक सुबन्त परस्पर समास को प्राप्त होते है और वह समास बहुव्रीहि-संज्ञक होता है)।

अन्यप्रमाणत्वात् — I. ii. 56
(प्रधानार्थवचन और प्रत्ययार्थवचन अशिष्य होते है, अर्थ के) अन्य = लोक के अधीन होने से।

अन्यस्मिन् — IV. i. 165
भाई से अन्य (सात पीढ़ियों में से कोई, पद तथा आयु दोनों से वृद्ध व्यक्ति जीवित हो तो पौत्रप्रभृति का जो अपत्य, उसके जीवित रहते विकल्प से युवा संज्ञा होती है, पक्ष में गोत्रसंज्ञा)।

अन्यस्य — VI. iii. 98
(आशिस्, आशा, आस्था, आस्थित, उत्सुक, ऊति, कारक, राग, छ – इनके परे रहते अषष्ठीस्थित तथा अतृतीयास्थित) अन्य शब्द को (दुक् आगम होता है)।

अन्यस्य — VI. iv. 68
(घु, मा, स्था, गा, पा, हा तथा सा से) अन्य जो (संयोग आदि वाला आकारान्त) अङ्ग, उसको (कित्, ङित् आर्धधातुक परे रहते विकल्प से एकारादेश होता है)।

...अन्याध्याम् — VIII. i. 65
देखें — **एकान्याध्याम् VIII. i. 65**

अन्यारादितरर्तेदिक्छब्दाञ्चूत्तरपदाजाहियुक्ते — II. iii. 29

अन्य, आरात्, इतर, ऋते, दिक्शब्द, अञ्चूत्तरपद, आच् प्रत्ययान्त तथा आहि प्रत्ययान्त शब्दों के योग में (पञ्चमी विभक्ति होती है)।

...अन्येद्युस् — V. iii. 22

देखें — सद्यःपरुत्० V. iii. 22

अन्येभ्यः — III. ii. 75

अन्य = अनाकारान्त धातुओं से (भी सुबन्त उपपद रहते मनिन्, क्वनिप्, वनिप् और विच् प्रत्यय देखे जाते हैं)।

अन्येभ्यः — III. ii. 178

अन्य धातुओं से (भी तच्छीलादि कर्ता हों, तो वर्त्तमान काल में क्विप् प्रत्यय देखा जाता है)।

अन्येभ्यः — III. iii. 130

(वेद विषय में) गत्यर्थक धातुओं से अन्य धातुओं से (भी कृच्छ्राकृच्छ्र अर्थ में ईषदादि उपपद रहते हुए युच् प्रत्यय देखा जाता है)।

अन्येषाम् — VI. iii. 136

जिन्हें सूत्रों से दीर्घत्व नहीं कहा, उनसे अन्य शब्दों को (भी दीर्घ देखा जाता है)।

अन्येषु — III. ii. 101

(पूर्वसूत्रों से जिनके उपपद रहते जन् धातु से ड प्रत्यय का विधान किया है, उनसे) अन्य कोई उपपद हो तो (भी जन् धातु से ड प्रत्यय देखा जाता है)।

...अन्योन्योपपदात् — I. iii. 16

देखें — इतरेतरान्योन्योपपदात् I. iii. 16

अन्वचि — III. iv. 64

(अनुकूलता गम्यमान हो तो) अन्वक् शब्द उपपद रहते (भू धातु से क्त्वा और णमुल् प्रत्यय होते हैं)।

अन्ववतप्तात् — V. iv. 81

अनु, अव तथा तप्त शब्द से उत्तर (रहस् शब्दान्त प्रातिपदिक से समासान्त अच् प्रत्यय होता है)।

...अन्ववसर्ग... — I. iv. 95

देखें — पदार्थसम्भावनान्ववसर्ग० I. iv. 95

अन्वाजे — I. iv. 62

(उपाजे तथा) अन्वाजे शब्द (कृञ् के योग में निपात और गतिसंज्ञक होते हैं)।

अन्वादिष्टः — VI. ii. 190

(अनु उपसर्ग से उत्तर) अन्वादिष्टवाची = कथन करने के पश्चात् कुछ और कहा जाये अथवा उस कथन में गौण कथन हो, इस अर्थ के वाचक (पुरुष शब्द को भी अन्तोदात्त होता है)।

अन्वादेशे — II. iv. 32

अन्वादेश = कहे हुये वाक्य के पीछे उसी को कुछ और कहने में वर्त्तमान (इदम् शब्द को अनुदात्त अश् आदेश होता है, तृतीया आदि विभक्ति परे रहते)।

अन्विच्छति — V. ii. 75

(तृतीयासमर्थ पार्श्व प्रातिपदिक से) 'चाहता है' अर्थ में (कन् प्रत्यय होता है)।

अन्वेष्टा — V. ii. 90

'अन्वेष्टा' = पीछे जाने वाला अर्थ में (अनुपदी शब्द का निपातन किया जाता है)।

अप् — III. iii. 57

(ऋकारान्त तथा उवर्णान्त धातुओं से कर्तृभिन्न संज्ञा तथा भाव में) अप् प्रत्यय होता है।

...अप् — V. iv. 74

देखें — ऋक्पूरब्धूः० V. iv. 74.

अप् — V. iv. 116

(पूरण-प्रत्ययान्त स्त्रीलिङ्ग तथा प्रमाणी अन्तवाले शब्दों से बहुव्रीहि समास में समासान्त) अप् प्रत्यय होता है।

...अप्... — VI. i. 165

देखें — ऊडिदम्० VI. i. 165

...अप्... — VI. ii. 144

देखें — थाथघञ्० VI. ii. 144

अप्... — VI. iv. 11.

देखें — अप्तृन्तृच्० VI. iv. 11

अप... — I. iv. 87

देखें — अपपरी I. iv. 87

अप... — II. i. 11

देखें — अपपरिबहिरञ्चवः II. i. 11

अप... — II. iii. 10

देखें — अपाङ्परिभिः II. iii. 10

...अप... — VIII. iii. 97

देखें — अम्बाम्ब० VIII. iii. 97

अपः — VI. iii. 96
(द्वि, अन्तर् तथा उपसर्ग से उत्तर) अप् शब्द को (ईकारादेश हो जाता है)।

अपः — VII. iv. 48
अप् अङ्ग को (भकारादि प्रत्यय परे रहते तकारादेश होता है)।

...अपकराभ्याम् — IV. iii. 32
देखें — सिन्ध्वपकराभ्याम् IV. iii. 32

अपगुरः — VI. i. 53
अप पूर्वक 'गुरी उद्यमने' धातु के (एच् के स्थान में णमुल् प्रत्यय के परे रहते विकल्प से आत्व हो जाता है)।

अपघनः — III. iii. 81
अपपूर्वक हन् धातु से (शरीर का अवयव अभिधेय हो तो) अप् प्रत्यय तथा हन् को घन आदेश करके अपघन शब्द निपातन किया जाता है,(कर्तृभिन्न कारक संज्ञा में)।

...अपचर... — III. ii. 142
देखें — सम्पृचानुरुधा० III. ii. 142

अपचितः — VII. ii. 30
अपचित शब्द (भी विकल्प से) निपातन किया जाता है।

अपञ्चम्याः — II. iv. 83
(अदन्त अव्ययीभाव समास से उत्तर सुप् का लुक् नहीं होता, अपितु उस सुप् को अम् आदेश हो जाता है), पञ्चमी विभक्ति को छोड़कर।

अपञ्चम्याः — V. iii. 35
(दिशा, देश और काल अर्थों में वर्तमान) पञ्चम्यन्त-वर्जित अर्थात् सप्तमीप्रथमान्त (दिशावाची उत्तर, अधर और दक्षिण) प्रातिपदिकों से (विकल्प से एनप् प्रत्यय होता है, 'निकटता' गम्यमान हो तो)।

अपण्ये — V. iii. 99
(जीविकोपार्जन के लिये) जो न बेचने योग्य (मनुष्य की प्रतिकृति), उसके अभिधेय होने पर (कन् प्रत्यय का लुप् होता है)।

अपत्यम् — IV. i. 92
(षष्ठीसमर्थ प्रातिपदिकों से) अपत्य = सन्तान अर्थ को कहना हो तो (यथाविहित प्रत्यय होता है)।

अपत्यम् — IV. i. 162
(पौत्र और उसके आगे की) सन्तान की (गोत्र संज्ञा होती है)।

अपत्ये — VI. iv. 170
सन्तानार्थक (अण्) के परे रहते (वर्मन् शब्द के अन् को छोड़कर जो मकार पूर्ववाला अन्, उसको प्रकृतिभाव नहीं होता)।

...अपत्रप... — III. ii. 136
देखें — अलंकृञ्० III. ii. 136

...अपत्रस्तैः — II. i. 37.
देखें — अपेतापोढमुक्त० II. i. 37

अपथम् — II. iv. 30
अपथ शब्द (नपुंसकलिंग में होता है)।

अपदातौ — IV. ii. 134
(साल्व शब्द से) अपदाति अर्थात् पैरों से निरन्तर न चलने वाला मनुष्य (तथा मनुष्यस्थ कर्म) अभिधेय हो, तो (शैषिक वुञ् प्रत्यय होता है)।

अपदादौ — VIII. iii. 38
पदादिभिन्न (कवर्ग तथा पवर्ग) परे रहते (विसर्जनीय को सकारादेश होता है)।

अपदान्तस्य — VIII. iii. 24
पद के अन्त में न होने वाले (नकार) को (तथा चकार से मकार को भी झल् परे रहते अनुस्वार आदेश होता है)।

अपदान्तस्य — VIII. iii. 55
अपदान्त को (मूर्धन्य आदेश होता है, ऐसा अधिकार पाद की समाप्तिपर्यन्त जानें)।

अपदान्तात् — VI. i. 93
अपदान्त (अवर्ण) से उत्तर (उस् परे रहते पूर्व पर के स्थान में पररूप एकादेश होता है, संहिता के विषय में)।

अपदेशे — VI. ii. 7
बहाना अर्थ अभिधेय हो तो (तत्पुरुष समास में पद शब्द उत्तरपद रहते पूर्वपद को प्रकृतिस्वर होता है)।

अपनयने — V. iv. 49
चिकित्सा गम्यमान हो तो (रोगवाची शब्द से परे भी जो षष्ठी विभक्ति, तदन्त प्रातिपदिक से विकल्प से तसि प्रत्यय होता है)।

...अपनुदोः — III. ii. 5
देखें — परिमृजापनुदोः III. ii. 5

अपपरिबहिरञ्चवः — II. i. 11
अप, परि, बहिस् तथा अञ्चु ये (सुबन्त) शब्द (पञ्चम्यन्त समर्थ सुबन्त शब्द के साथ विकल्प से समास को प्राप्त होते हैं, और वह अव्ययीभाव समास होता है)।

अपपरी — I. i. 86
(छोड़ना अर्थ द्योतित हो रहा हो तो) अप तथा परि शब्द (कर्मप्रवचनीय और निपातसंज्ञक होते हैं)।

अपमित्य... — IV. iv. 21
देखें — **अपमित्ययाचिताभ्याम् IV. iv. 21**

अपमित्ययाचिताभ्याम् — IV. iv. 21
(तृतीयासमर्थ) अपमित्य और याचित प्रातिपदिकों से (निर्वृत्त अर्थ में यथासंख्य करके कक् और कन् प्रत्यय होते हैं)।

...अपर... — I. i. 33
देखें — **पूर्वपरावरदक्षिणोत्तरापराधराणि I. i. 33**

...अपर... — II. i. 57
देखें — **पूर्वापरप्रथम० II. i. 57**

...अपर... — II. ii. 1
देखें — **पूर्वापराधरो० II. ii. 1**

...अपर... — IV. i. 30
देखें — **केवलमामक० IV. i. 30**

अपरस्पराः — VI. i. 139
(क्रिया का निरन्तर होना गम्यमान हो तो) अपरस्पराः शब्द में सुट् आगम निपातन किया जाता है।

...अपराह्ण... — IV. iii. 28
देखें — **पूर्वाह्णापराह्णा० IV. iii. 28**

...अपराह्ण... — VI. ii. 38
देखें — **व्रीह्यपराह्ण० VI. ii. 38**

...अपराह्णाभ्याम् — IV. iii. 24
देखें — **पूर्वाह्णापरा० IV. iii. 24**

अपरिग्रहे — I. iv. 64
अपरिग्रह = स्वीकार न करने अर्थ में वर्तमान (अन्तर् शब्द क्रियायोग में गति और निपात संज्ञक होता है)।

अपरिमाण... — IV. i. 22
देखें — **अपरिमाणबिस्ताचित० IV. i. 22**

अपरिमाणबिस्ताचितकम्बल्येभ्यः — IV. i. 22
(अदन्त) अपरिमाण, बिस्त, आचित और कम्बल्य अन्तवाले (द्विगुसंज्ञक) प्रातिपदिकों से (तद्धित के लुक् हो जाने पर स्त्रीलिङ्ग में ङीप् प्रत्यय नहीं होता)।

अपरिह्वृताः — VII. ii. 32
(वेद-विषय में) अपरिह्वृताः शब्द (भी) बहुवचनान्त निपातन किया जाता है।

अपरे — VII. iv. 80
अवर्णपरक (पवर्ग, यण् तथा जकार पर वाले उवर्णान्त अभ्यास को इकारादेश होता है, सन् परे रहते)।

...अपरेद्युस्... — V. iii. 22
देखें — **सद्यःपरुत्० V. iii. 22**

अपरोक्षे — III. ii. 119
अपरोक्ष अर्थात् परोक्षभिन्न (अनद्यतन भूतकाल) में (भी वर्तमान धातु से स्म उपपद रहते लट् प्रत्यय होता है)।

अपर्शु — VI. ii. 177
(बहुव्रीहि समास में उपसर्ग से उत्तर) पर्शुवर्जित (ध्रुव स्वाङ्ग को अन्तोदात्त होता है)।

अपवर्गे — II. iii. 6
अपवर्ग = फल प्राप्त होने पर क्रिया की समाप्ति अर्थ में (काल और अध्ववाचियों के अत्यन्तसंयोग में तृतीया विभक्ति होती है)।

अपवर्गे — III. iv. 60
(तिर्यक् शब्द उपपद रहते) अपवर्ग गम्यमान होने पर (कृञ् धातु से क्त्वा, णमुल् प्रत्यय होते हैं)।

अपस्करः — VI. i. 149
अपस्कर शब्द सुट् सहित निपातन किया जाता है, (यदि उससे रथ का अवयव कहा जा रहा हो तो)।

अपस्पृधेथाम् — VI. i. 35
(वेद विषय में) अपस्पृधेथाम् शब्द का निपातन किया जाता है।

...अपहृते — V. ii. 70
(पञ्चमीसमर्थ तन्त्र प्रातिपदिक से), 'कुछ समय पहले ही लिया' अर्थ में (कन् प्रत्यय होता है)।

अपह्नवे — I. iii. 44
अपह्नव = मिथ्याभाषण अर्थ में वर्तमान (ज्ञा धातु से आत्मनेपद होता है)।

...अपाः — VI. ii. 33
देखें — **परिप्रत्युपापाः VI. ii. 33**

अपाङ्परिभिः — II. iii. 10
(कर्मप्रवचनीयसंज्ञक) अप, आङ् और परि के योग में (पञ्चमी विभक्ति होती है)।

...अपाच्... — IV. ii. 100
देखें — **द्युप्रागपागु० IV. ii. 100**

अपात् — I. iii. 63
अप उपसर्ग से उत्तर (वद धातु से क्रियाफल के कर्त्ता को मिलने की स्थिति में आत्मनेपद होता है)।

अपात् — VI. i. 137
अप उपसर्ग से उत्तर (चार पैर वाले बैल आदि तथा मोर आदि पक्षी का कुरेदना अभिप्राय हो तो उस विषय में, ककार से पूर्व सुट् आगम होता है, संहिता में)।

अपात् — VI. ii. 186
अप उपसर्ग से उत्तर (भी उत्तरपदस्थित मुख शब्द को अन्तोदात्त होता है)।

अपादादौ — VIII. i. 18
(यहाँ से आगे 'तिङि चोदात्तवति' VIII. i. 71 तक जो कुछ कहेगें, वहाँ) पाद के आदि में न हो तो (सारा अनुदात्त होता है, ऐसा अधिकार समझना चाहिये)।

अपादानम् — I. iv. 24
(क्रिया में अपाय = अलग होने पर जो निश्चल रहे, उस कारक की) अपादान संज्ञा होती है।

अपादाने — II. iii. 28
(अनभिहित) अपादान कारक में (पञ्चमी विभक्ति होती है)।

अपादाने — III. iv. 52
(शीघ्रता गम्यमान हो तो) अपादान उपपद रहते (धातु से णमुल् प्रत्यय होता है)।

अपादाने — III. iv. 74
(भीमादि उणादिप्रत्ययान्त शब्द) अपादान कारक में (निपातन किये जाते है)।

अपादाने — V. iv. 45
अपादान कारक में (भी जो पञ्चमी, तदन्त से विकल्प से तसिप्रत्यय होता है, यदि वह अपादान कारक हीय तथा रुह सम्बन्धी न हो तो)।

अपाये — I. iv. 24
(क्रिया में) अपाय = अलग होने पर (जो अचल रहे, उस कारक की अपादान संज्ञा होती है)।

अपारलौकिके — VI. i. 48
('षिधु हिंसासंराध्योः' धातु यदि) अपारलौकिक = इहलौकिक अर्थ में वर्त्तमान हो तो (उसके एच् के स्थान में णिच् परे रहते आकारादेश हो जाता है)।

अपि — I. iv. 80
(वेद विषय में गति और उपसर्ग-संज्ञक शब्द धातु से पर में तथा पूर्व में) भी (आते हैं)।

अपिः — I. iv. 95
अपि शब्द (पदार्थ अर्थात् अप्रयुक्त पद का अर्थ, सम्भावन, अन्ववसर्ग अर्थात् कामचार = करे या न करे, गर्हा अर्थात् निन्दा तथा समुच्चय अर्थों में कर्मप्रवचनीय और निपातसंज्ञक होता है)।

अपि — I. iv. 104
(युष्मद् शब्द के उपपद रहते समान अभिधेय होने पर युष्मद् शब्द का प्रयोग न हो) या हो तो भी (मध्यम पुरुष होता है)।

अपि — III. i. 84
(वेद विषय में श्ना के स्थान में शायच् आदेश) भी (होता है तथा पूर्वप्राप्त शानच् होता ही है)।

अपि — III. ii. 61
(सोपसर्ग होने पर भी तथा निरुपसर्ग होने पर) भी (सत्, सू, द्विष, द्रुह, दुह, युज, विद, भिद, छिद, जि, नी, राजृ धातुओं से सुबन्त उपपद रहते क्विप् प्रत्यय होता है)।

अपि — III. ii. 75
(आकारान्त धातुओं से भिन्न धातुओं से) भी (मनिन्, क्वनिप्, वनिप् तथा विच् प्रत्यय देखे जाते हैं)।

अपि — III. ii. 101
(पूर्वसूत्रों में जिनके उपपद रहते जन् धातु से ड प्रत्यय का विधान किया है, उनसे अन्य कोई उपपद हो तो) भी (जन् धातु से ड प्रत्यय देखा जाता है)।

अपि — III. ii. 178
(अन्य धातुओं से) भी (तच्छीलादि कर्ता हो, तो वर्त्तमानकाल में क्विप् प्रत्यय देखा जाता है)।

अपि — III. iii. 2
(उणादि प्रत्यय धातु से भूतकाल में) भी (देखे जाते है)।

अपि — III. iii. 130
(वेद विषय में गत्यर्थक धातुओं से अन्य धातुओं से) भी (कृच्छ्राकृच्छ्र अर्थ में ईषदादि उपपद रहते युच् प्रत्यय देखा जाता है)।

अपि... — III. iii. 142
देखें — **अपिजात्वोः III. iii. 142**

अपि — III. iii. 145
(किंवृत्त उपपद न हो या) किंवृत्त उपपद हो तो भी (धातु से काल-सामान्य में सब लकारों के अपवाद लिङ् तथा लृट् प्रत्यय होते है, असम्भावना तथा सहन न करना गम्यमान हो तो)।

अपि — IV. ii. 124
(जनपद तथा जनपद अवधिवाची अवृद्ध तथा वृद्ध) भी (बहुवचनविषयक प्रातिपदिकों से शैषिक वुञ् प्रत्यय होता है)।

अपि — V. iii. 14
(सप्तमी और पञ्चमी से अतिरिक्त अन्य भी जो विभक्ति, तदन्त शब्दों से) भी (तसिलादि प्रत्यय देखे जाते है)।

अपि — VI. iii. 136
(अन्य शब्दों को) भी (दीर्घ देखा जाता है)।

अपि — VI. iv. 73
(वेद विषय में) भी (आट् आगम देखा जाता है)।

अपि — VI. iv. 75
(लुङ्, लङ्, लृङ् के परे रहने पर वेद-विषय में माङ् का योग होने पर अट्, आट् आगम बहुल करके होते हैं और माङ् का योग न होने पर) भी (नहीं होते)।

अपि — VII. i. 38
(वेद विषय में अनञ्पूर्व वाले समास में क्त्वा के स्थान में क्त्वा आदेश होता है तथा ल्यप्) भी (होता है)।

अपि — VII. i. 76
(अस्थि, दधि, सक्थि – इन अङ्गों को वेद विषय में) भी (अनङ् आदेश देखा जाता है)।

अपि — VII. iii. 47
(भस्त्रा, एषा, अजा, ज्ञा, द्वा, स्वा– ये शब्द नञ् पूर्व वाले हों तो भी) न हों तो भी (इनके आकार के स्थान में जो अकार, उसको उदीच्य आचार्यों के मत में इत्व नहीं होता)।

अपि — VIII. i. 35
(हि से युक्त साकांक्ष अनेक तिङन्तों को भी तथा) अपि-ग्रहण से एक को भी (कहीं कहीं अनुदात्त नहीं होता, वेद-विषय में)।

अपि — VIII. i. 68
(पूजनवाचियों से उत्तर गतिसहित तिङन्त को तथा गति-भिन्न तिङन्त को) भी (अनुदात्त होता है)।

अपि — VIII. ii. 86
(ऋकार को छोड़कर वाक्य के अनन्त्य गुरुसञ्ज्ञक वर्ण को एक एक करके तथा अन्त्य के टि को) भी (प्राचीन आचार्यों के मत में प्लुत उदात्त होता है)।

अपि — VIII. ii. 105
(वाक्यस्थ अनन्त्य एवं) अपि ग्रहण से अन्त्य पद की टि को भी (प्रश्न एवं आख्यान होने पर स्वरित प्लुत होता है)।

अपि — VIII. iii. 58
(नुम्, विसर्जनीय तथा शर् प्रत्याहार का व्यवधान होने पर) भी (इण् तथा कवर्ग से उत्तर सकार को मूर्धन्य आदेश होता है)।

अपि — VIII. iii. 63
(सित शब्द से पहले-पहले अट् का व्यवधान होने पर तथा) अपि ग्रहण से अट् का व्यवधान न होने पर भी (सकार को मूर्धन्य आदेश होता है)।

अपि — VIII. iii. 71
(परि, नि तथा वि उपसर्ग से उत्तर सिवादि धातुओं के सकार को अट् के व्यवधान होने पर) भी (विकल्प से मूर्धन्य आदेश होता है)।

अपि — VIII. iv. 2
(रेफ तथा षकार से परे अट्, कवर्ग, पवर्ग, आङ् तथा नुम् का व्यवधान होने पर) भी (नकार को णकार हो जाता है)।

अपि — VIII. iv. 5
(प्र, निर्, अन्तर्, शर, इक्षु, प्लक्ष, आम्र, कार्ष्य, खदिर, पीयूक्षा – इनसे उत्तर वन शब्द के नकार को असञ्ज्ञा-विषय में भी तथा) अपिग्रहण से सञ्ज्ञाविषय में भी (णकारादेश होता है)।

अपि — VIII. iv. 14
(उपसर्ग में स्थित निमित से उत्तर णकार उपदेश में है जिसके, ऐसे धातु के नकार को असमास में तथा) अपि-ग्रहण से समास में भी (णकार आदेश होता है)।

अपि — VIII. iv. 37
(निमित्त र, ष तथा निमित्ती न के मध्य पद का व्यवधान होने पर) भी (नकार को णकार नहीं होता)।

अपिजात्वोः — III. iii. 142
(निन्दा गम्यमान हो तो) अपि तथा जातु उपपद रहते (धातु से लट् प्रत्यय होता है)।

अपित् — I. ii. 4
पिद्भिन्न = पकार इत्संज्ञक प्रत्यय को छोड़कर (सार्व-धातुक प्रत्यय ङित्वत् होते है)।

अपित् — III. iv. 87
(लोडादेश जो सिप्, उसके स्थान में हि आदेश होता है और) वह अपित् (भी) होता है।

...अपिष्याम् — III. i. 118
देखें — प्रत्यपिष्याम् III. i. 118

अपीलो: — VI. iii. 120

पीलु शब्द को छोड़कर (जो इगन्त पूर्वपद शब्द, उनको 'वह' शब्द उत्तरपद रहते दीर्घ होता है)।

अपुत्रस्य — VII. iv. 35

पुत्र शब्द को छोड़कर (अवर्णान्त अङ्ग को वेद-विषय में क्यच् परे रहते जो कुछ कहा है, वह नहीं होता)।

...अपूपादिभ्य: — V. i. 4

देखें — **हविरपूपादिभ्य:** V. i. 4

अपूरणी... — VI. iii. 33

देखें — **अपूरणीप्रियादिषु** VI. iii. 33

अपूरणीप्रियादिषु — VI. iii. 33

(एक ही अर्थ में अर्थात् एक ही प्रवृत्ति-निमित्त को लेकर भाषित = कहा है पुल्लिंग अर्थ को जिस शब्द ने, ऐसे ऊङ्वर्जित भाषितपुंस्क स्त्रीलिंग के स्थान में पुंल्लिंगवाची शब्द के समान रूप हो जाता है), पूरणी तथा प्रियादिवर्जित (स्त्रीलिंग समानाधिकरण) उत्तरपद परे हो तो।

अपूर्वनिपाते — I. ii. 44

(समास विधीयमान होने पर नियत विभक्ति वाला पद भी उपसर्जन संज्ञक होता है), उपसर्जन के पूर्वप्रयोग वाले कार्य को छोड़कर।

अपूर्वपदात् — IV. i. 140

अविद्यमान पूर्वपद वाले (कुल) शब्द से (विकल्प करके यत् और ढकञ् प्रत्यय होते हैं, पक्ष में ख)।

अपूर्वम् — VIII. i. 47

जिससे पूर्व कोई शब्द विद्यमान नहीं है, ऐसे (जातु शब्द से युक्त तिङन्त को अनुदात्त नहीं होता)।

अपूर्ववचने — IV. ii. 12

(कौमार शब्द) अपूर्ववचन = जिसका पाणिग्रहण पहले न हुआ हो, ऐसे अर्थ को व्यक्त करने में (अण् प्रत्ययान्त निपातन किया जाता है)।

...अपूर्वस्य — VIII. iii. 17

देखें — **भोभगो०** VIII. iii. 17

अपृक्त: — I. ii. 41

(एक = असहाय अल् वाला प्रत्यय) अपृक्त संज्ञक होता है।

अपृक्तम् — VI. i. 66

(हलन्त, ङ्यन्त तथा आबन्त दीर्घ से उत्तर सु, ति तथा सि का) जो अपृक्त (हल्) उसका (लोप होता है)।

अपृक्तस्य — VI. i. 65

अपृक्तसञ्ज्ञक (वि) का (लोप होता है)।

अपृक्ते — VII. iii. 91

(ऊर्णुञ् अङ्ग को) अपृक्त (हल् पित् सार्वधातुक) परे रहते (गुण होता है)।

अपृक्ते — VII. iii. 96

(अस् धातु तथा सिच् से उत्तर) अपृक्त (हलादि सार्वधातुक) को (ईट् आगम होता है)।

अपृथिवी... — VI. ii. 142

देखें — **अपृथिवीरुद्र०** VI. ii. 142

अपृथिवीरुद्रपूषमन्थिषु — VI. ii. 142

(देवतावाची द्वन्द्व समास में अनुदात्तादि उत्तरपद रहते) पृथिवी, रुद्र, पूषन्, मन्थी – इन शब्दों को छोड़कर (एक साथ पूर्व तथा उत्तरपद को प्रकृतिस्वर नहीं होता है)।

अपे — III. ii. 50

(क्लेश तथा तमस् कर्म उपपद रहते) अपपूर्वक (हन् धातु से ड प्रत्यय होता है)।

अपे — III. ii. 144

अपपूर्वक (तथा चकार से विपूर्वक लष् धातु से भी घिनुण् प्रत्यय होता है)।

अपेत... — II. i. 37

देखें — **अपेतापोढमुक्त०** II. i. 37

अपेतापोढमुक्तपतितापत्रस्तै: — II. i. 37

(थोड़े से पञ्चम्यन्त सुबन्त) अपेत, अपोढ, मुक्त, पतित, अपत्रस्त — इन (समर्थ सुबन्तों) के साथ (विकल्प से समास को प्राप्त होते हैं और वे तत्पुरुष होते हैं)।

...अपो: — II. iv. 38

देखें — **घञपो:** II. iv. 38

...अपो: — II. iv. 56

देखें — **अघञपो:** II. iv. 56

...अपोढ... — II. i. 37

देखें — **अपेतापोढमुक्त०** II. i. 37

अपोनप्तृ... — IV. ii. 26

देखें — **अपोनप्त्रपान्नप्तृभ्याम्** IV. ii. 26

अपोनप्त्रपान्नप्तृभ्याम् — IV. ii. 26

देवतावाची अपोनपात् तथा अपांनपात् शब्दों से (षष्ठ्यर्थ में घ प्रत्यय होता है, और घ प्रत्यय के सन्नियोग से इन शब्दों को क्रमशः अपोनप्तृ और अपान्नप्तृ रूपों का आदेश भी होता है)।

अप्तृन्तृच्स्वसृनप्तृनेष्टृत्वष्टृक्षत्तृहोतृपोतृप्रशास्तॄणाम् — VI. iv. 11

अप्, तृन्, तृच्प्रत्ययान्त, स्वसृ, नप्तृ, नेष्टृ, त्वष्टृ, क्षत्तृ, होतृ, पोतृ, प्रशास्तृ – इन अङ्गों की (उपधा को दीर्घ होता है, सम्बुद्धिभिन्न सर्वनामस्थान परे रहते)।

...अप्योः — III. iii. 141

देखें — उताप्योः III. iii. 141

...अप्योः — III. iii. 152

देखें — उताप्योः III. iii. 152

...अप्रख्यानात् — I. ii. 54

देखें — लुब्योगाप्रख्यानात् I. ii. 54

अप्रगृह्यस्य — VIII. ii. 107

(दूर से बुलाने के विषय से भिन्न विषय में) प्रगृह्यसञ्ज्ञक से भिन्न (एच् के पूर्वार्द्ध भाग) को (प्लुत करने के प्रसंग में आकारादेश होता है, तथा उत्तरवाले भाग को इकार, उकार आदेश होते हैं)।

अप्रगृह्यस्य — VIII. iv. 56

(अवसान में वर्त्तमान) प्रगृह्यसञ्ज्ञक से भिन्न (अण् को विकल्प से अनुनासिक आदेश होता है)।

अप्रतिषिद्धम् — VIII. i. 44

(क्रिया के प्रश्न में वर्तमान किम् शब्द से युक्त उपसर्ग से रहित तथा) प्रतिषेधरहित (तिङन्त) को (अनुदात्त नहीं होता)।

अप्रतेः — II. iii. 43

प्रति का प्रयोग न होने पर (साधु और निपुण शब्द के योग में सप्तमी विभक्ति होती है, अर्चा गम्यमान होने पर)।

अप्रतेः — VIII. iii. 66

प्रति से भिन्न (उपसर्गस्थ निमित्त) से उत्तर (षद्लृ धातु के सकार को मूर्धन्य आदेश होता है, अड् तथा अभ्यास के व्यवधान में भी)।

अप्रत्ययः — I. i. 68

प्रत्यय को छोड़कर (अण् एवं उदित् वर्ण अपने स्वरूप तथा अपने सवर्ण के ग्राहक होते हैं)।

अप्रत्ययः — I. ii. 40

(अर्थवान् शब्द प्रातिपदिक-संज्ञक होते हैं; धातु), प्रत्यय और प्रत्ययान्त को छोड़कर।

अप्रत्ययस्य — VIII. iii. 41

(इकार और उकार उपधा वाले) प्रत्ययभिन्न समुदाय के (विसर्जनीय को भी षकार आदेश होता है; कवर्ग, पवर्ग परे रहते)।

अप्रथमायाम् — VI. iii. 131

(मन्त्र विषय में) प्रथमा से भिन्न विभक्तियों के परे रहने पर (ओषधि शब्द को भी दीर्घ हो जाता है)।

अप्रथमासमानाधिकरणे — III. ii. 124

(धातु से लट् के स्थान में शतृ तथा शानच् आदेश होते हैं), यदि अप्रथमान्त के साथ उस लट् का सामानाधिकरण्य हो तो।

अप्रधान... — VI. ii. 189

देखें — अप्रधानकनीयसी VI. ii. 189

अप्रधानकनीयसी — VI. ii. 189

(अनु अपसर्ग से उत्तर) अप्रधानवाची अर्थात् क्रियादि में जिसे मुख्य रूप से नहीं कहा जा रहा हो, ऐसे उत्तरपद को तथा कनीयस् शब्द को (अन्तोदात्त होता है)।

अप्रधाने — II. iii. 19

(सह अर्थ से युक्त) अप्रधान अर्थात् दोनों में से जिसका क्रियादि के साथ सम्बन्ध साक्षात् शब्द द्वारा नहीं कहा गया है, उसमें (तृतीया विभक्ति होती है)।

...अप्रयोगे — II. i. 56

देखें — सामान्याप्रयोगे II. i. 56

अप्रशान् — VIII. iii. 7

प्रशान् को छोड़कर (नकारान्त पद को अम्परक छव् प्रत्याहार परे रहते रु होता है, संहिता में)।

अप्राणिनाम् — II. iv. 6

प्राणिरहित (जातिवाची) शब्दों का (जो द्वन्द्व, उसे एकवद्भाव होता है)।

अप्राणिषष्ठ्याः — VI. ii. 134

प्राणिभिन्न षष्ठ्यन्त शब्द से उत्तर (तत्पुरुष समास में उत्तरपद चूर्णादि शब्दों को आद्युदात्त होता है)।

अप्राणिषु — II. iii. 7

(मन् धातु के) प्राणिवर्जित (कर्म में अनादर गम्यमान होने पर चतुर्थी विभक्ति होती है)।

अप्राणिषु — V. iv. 97

(उपमानवाची श्वन् शब्द) प्राणिविशेष का वाचक न हो तो (तदन्त तत्पुरुष से समासान्त टच् प्रत्यय होता है)।

अप्राणिषु — VI. iii. 76

अप्राणिषु — VIII. iii. 72
(अनु, वि, परि, अभि, नि उपसर्गों से उत्तर स्यन्दू धातु के सकार को मूर्धन्य आदेश होता है), यदि प्राणी का कथन न हो रहा हो तो।

अप्रातिलोम्ये — VIII. i. 33
अनुकूलता गम्यमान हो तो (अङ्ग शब्द से युक्त तिङन्त को अनुदात्त नहीं होता)।

अप्राम्रेडितयोः — VIII. iii. 49
प्र तथा आम्रेडित से भिन्न (कवर्ग तथा पवर्ग) परे हो तो (वेद विषय में विसर्जनीय को विकल्प से सकारादेश होता है)।

अप्लुतवत् — VI. i. 125
(अनार्ष इति के परे रहते प्लुत) अप्लुत के समान हो जाता है।

अप्लुतात् — VI. i. 109
अप्लुत (अकार) से उत्तर (अप्लुत अकार परे रहते रु के रेफ को उकार आदेश होता है, संहिता के विषय में)।

अप्लुते — VI. i. 109
(प्लुतभिन्न अकार से उत्तर) प्लुतभिन्न (अकार) परे रहते (रु के रेफ को उकार आदेश होता है, संहिता के विषय में)।

अबहु... — V. iv. 73
देखें — **अबहुगणात्** V. iv. 73

अबहुगणात् — V. iv. 73
बहु तथा गण शब्द अन्त में नहीं है जिसके, ऐसे (संख्येय अर्थ में वर्तमान बहुव्रीहि-समास-युक्त) प्रातिपदिक से (डच् प्रत्यय होता है)।

अबहुव्रीहि... — VI. iii. 46
देखें — **अबहुव्रीह्यशीत्योः** VI. iii. 46

अबहुव्रीह्यशीत्योः — VI. iii. 46
बहुव्रीहि समास तथा अशीति शब्द से भिन्न (संख्या-वाचक) शब्द उत्तरपद हो तो, (द्वि तथा अष्टन् शब्दों को आकारादेश होता है)।

अबह्वच् — VI. ii. 138
(शिति शब्द से उत्तर नित्य ही) जो अबह्वच् अर्थात् एक या दो अच् वाला (उत्तरपद), उसको (बहुव्रीहि समास में प्रकृतिस्वर होता है, भसत् शब्द को छोड़कर)।
भसत् = सूर्य, मांस, बतख, समय, डोंगी, योनि।

अबोधने — II. iv. 46
ज्ञान अर्थ से भिन्न अर्थ में वर्तमान (इण् के स्थान में गम् आदेश होता है, णिच् परे रहते)।

अब्राह्मण... — V. iii. 114
देखें — **अब्राह्मणराजन्यात्** V. iii. 114

अब्राह्मणराजन्यात् — V. iii. 114
(वाहीक देशविशेष में शस्त्र से जीविका कमाने वाले पुरुषों के) ब्राह्मण और राजन्यभिन्न समूहवाची प्रातिपदिकों से (ञ्यड् प्रत्यय होता है)।

अभक्ष्य... — IV. iii. 140
देखें — **अभक्ष्याच्छादनयोः** IV. iii. 140

अभक्ष्याच्छादनयोः — IV. iii. 140
(षष्ठीसमर्थ प्रातिपदिकों से) भक्ष्य तथा आच्छा-दनवर्जित (विकार और अवयव) अर्थों में (लौकिक प्रयोगविषय में विकल्प से मयट् प्रत्यय होता है)।

अभविष्यति — VII. iii. 16
(सङ्ख्यावाची शब्द से उत्तर वर्ष शब्द के अचों में आदि अच् को ञित्, णित् अथवा कित् तद्धित प्रत्यय परे रहते वृद्धि होती है, यदि वह तद्धित प्रत्यय) भविष्यत् अर्थ में न हुआ हो तो।

अभसत् — VI. ii. 138
(शिति शब्द से उत्तर नित्य ही जो अबह्वच् उत्तरपद, उसको बहुव्रीहि समास में प्रकृतिस्वर होता है), भसत् शब्द को छोड़कर।

अभागे — I. iv. 90
('लक्षणेत्थम्भूताख्यान०' I. iv. 89 सूत्र पर कहे गये अर्थों में) भाग अर्थात् हिस्सा अर्थ को छोड़कर (अभि शब्द की कर्मप्रवचनीय और निपात संज्ञा होती है)।

अभाव... — VI. iv. 168
देखें — **अभावकर्मणोः** VI. iv. 168

अभावकर्मणोः — VI. iv. 168
भाव तथा कर्म से भिन्न अर्थ में वर्तमान (यकारादि तद्धित के परे रहते भी अन्नन्त भसञ्ज्ञक अङ्ग को प्रकृति-भाव हो जाता है)।

अभाषितपुंस्कात् — VII. iii. 48
अभाषितपुंस्क = एक ही अर्थ में अर्थात् एक ही प्रवृत्ति निमित्त को लेकर नहीं कहा है पुंल्लिङ्ग अर्थ को जिस शब्द ने, ऐसे शब्द से विहित (प्रत्ययस्थित ककार से पूर्व आकार के स्थान में जो अकार, उसको नञ्पूर्व होने पर और अनञ्पूर्व होने पर भी उदीच्य आचार्यों के मत में इकारादेश नहीं होता)।

अभि... — I. iii. 80
देखें — अभिप्रत्यतिभ्यः I. iii. 80
अभि... — I. iv. 46
देखें — अभिनिविशः I. iv. 46
अभि... — II. i. 13
देखें — अभिप्रती II. i. 13
...अभि... — III. iii. 72
देखें — न्यभ्युपविषु III. iii. 72
अभि... — VI. i. 26
देखें — अभ्यवपूर्वस्य VI. i. 26
...अभि... — VIII. iii. 72
देखें — अनुविपर्य० VIII. iii. 72
अभिः — I. iv. 90
('लक्षणेत्थम्भूताख्यान०' I. iv. 89 सूत्र पर कहे गये अर्थों में भाग अर्थात् हिस्सा अर्थ को छोड़कर) अभि शब्द की (कर्मप्रवचनीय और निपात संज्ञा होती है)।
...अभिक... — V. ii. 74
देखें — अनुकाभिकाभीकः V. ii. 74
अभिजनः — IV. iii. 90
(प्रथमासमर्थ प्रातिपदिक से षष्ठ्यर्थ में यदि वह प्रथमासमर्थ) अभिजन = पूर्वबन्धु अथवा उनका देश हो तो (भी यथाविहित प्रत्यय होते हैं)।
...अभिजित्... — IV. iii. 36
देखें — वत्सशालाभिजि० IV. iii. 36
अभिजित्... — V. iii. 118
देखें — अभिजिद्विदभृत्० V. iii. 118
अभिजिद्विदभृच्छालावच्छिखावच्छमीवदूर्णावच्छ्रुमदणः — V. iii. 118
अभिजित्, विदभृत्, शालावत्, शिखावत्, शमीवत्, ऊर्णावत् तथा श्रुमत् सम्बन्धी जो अण् प्रत्ययान्त शब्द, उनसे (स्वार्थ में यत् प्रत्यय होता है)।
अभिज्ञावचने — III. ii. 112
अभिज्ञावचन अर्थात् स्मृति को कहने वाला कोई शब्द उपपद हो तो (अनद्यतन भूतकाल में धातु से लृट् प्रत्यय होता है)।
अभितोभावि — VI. ii. 182
(परि उपसर्ग से उत्तर) अभितोभावि = दोनों ओर से होना स्वभाव है जिसका, इस अर्थ को कथन करने वाले शब्द को (अन्तोदात्त होता है)।
अभिनिविशः — I. iv. 86
अभिनि पूर्वक विश् का (जो आधार, वह भी कर्मसंज्ञक होता है)।
अभिनिष्क्रामति — IV. iii. 86
(द्वितीयासमर्थ प्रातिपदिक से) अभिनिष्क्रमण अर्थात् निकलना क्रिया का (द्वार कर्त्ता अभिधेय हो तो यथाविहित प्रत्यय होता है)।
अभिनिसः — VIII. iii. 86
अभि तथा निस् से उत्तर (स्तन धातु के सकार को शब्द की सञ्ज्ञा गम्यमान हो तो विकल्प से मूर्धन्य आदेश होता है)।
...अभिपूजितयोः — VIII. ii. 100
देखें — प्रश्नान्ताभिपूजितयोः VIII. ii. 100
अभिप्रती — II. i. 13
(आभिमुख्य अर्थ में वर्तमान) अभि और प्रति शब्द (लक्षणवाची समर्थ सुबन्त के साथ विकल्प से समास को प्राप्त होते हैं, और वह समास अव्ययीभाव संज्ञक होता है)।
अभिप्रत्यतिभ्यः — I. iii. 80
अभि, प्रति और अति उपसर्ग से उत्तर (क्षिप् धातु से परस्मैपद होता है)।
...अभिप्राये — I. iii. 72
देखें — कर्त्रभिप्राये I. iii. 72
...अभिप्रेत... — III. iv. 59
देखें — अयथाभिप्रेताख्याने III. iv. 59
अभिप्रैति — I. iv. 32
(करणभूत कर्म के द्वारा जिसको) अभिप्रेत = लक्षित किया जाये, (वह कारक सम्प्रदान संज्ञक होता है)।
...अभिभ्यः — VIII. iii. 119
देखें — निव्यभिभ्यः VIII. iii. 119
...अभिध्याम् — V. iii. 9
देखें — पर्यभिध्याम् V. iii. 9
अभिविधौ — III. iii. 44
अभिव्याप्ति गम्यमान हो तो (धातु से भाव में इनुण् प्रत्यय होता है)।
अभिविधौ — V. iv. 53
अभिव्याप्ति गम्यमान हो तो (कृ, भू तथा अस् धातु के योग में तथा सम् पूर्वक पद धातु के योग में भी विकल्प से साति प्रत्यय होता है)।

...अभिविध्योः — II. i. 12
देखें — मर्यादाभिविध्योः II. i. 12
...अभिव्यक्तिषु — VIII. i. 15
देखें — रहस्यमर्यादा० VIII. i. 15
...अभीकः — V. ii. 74
देखें — अनुकाभिकाभीकः V. ii. 74
अभेः — VI. ii. 185
अभि उपसर्ग के आगे (उत्तरपद स्थित मुख शब्द को अन्तोदात्त होता है)।
अभेः — VII. ii. 25
अभि उपसर्ग से उत्तर (भी अर्द् धातु से निष्ठा परे रहते इट् आगम नहीं होता, सन्निकट अर्थ में)।
अभ्यम् — VIII. i. 30
(युष्मद्, अस्मद् अङ्ग से उत्तर भ्यस् के स्थान में भ्यम् अथवा) अभ्यम् आदेश होता है।
...अभ्यम... — III. ii. 157
देखें — जिदृक्षि० III. ii. 157
अभ्यमित्रात् — V. ii. 17
(द्वितीयासमर्थ) अभ्यमित्र प्रातिपदिक से ('पर्याप्त जाता है' अर्थ में छ, यत् और ख प्रत्यय होते हैं)।
अभ्यवपूर्वस्य — VI. i. 27
अभि तथा अव पूर्व वाले (श्यैङ् धातु) को (निष्ठा परे रहते विकल्प से सम्प्रसारण होता है)।
...अभ्यस्त... — III. iv. 107
देखें — सिजभ्यस्त० III. iv. 107
अभ्यस्तम् — VI. i. 5
(धातुओं के एकाच् को किये जाने वाले द्वित्व रूपों में दोनों की) अभ्यस्त संज्ञा होती है।
...अभ्यस्तयोः — VI. iv. 112
देखें — श्नाभ्यस्तयोः VI. iv. 112
अभ्यस्तस्य — VI. i. 32
(सन्परक तथा चङ्परक णि के परे रहते ह्वेञ् धातु को सम्प्रसारण हो जाता है, तथा) अभ्यस्त का निमित्त जो (ह्वेञ् धातु), उसको (भी सम्प्रसारण हो जाता है)।
अभ्यस्तस्य — VII. iii. 87
अभ्यस्त-सञ्ज्ञक अङ्ग की (लघु उपधा इक् को अजादि पित् सार्वधातुक परे रहते गुण नहीं होता)।

अभ्यस्तात् — VII. i. 4
अभ्यस्त अङ्ग से उत्तर (प्रत्यय के अवयव झकार के स्थान में अत् आदेश हो जाता है)।
अभ्यस्तात् — VII. i. 78
(अभ्यस्त अङ्ग से उत्तर) शतृ को (नुम् आगम नहीं होता है)।
अभ्यस्तानाम् — VI. i. 183
(अजादि अनिट् लसार्वधातुक परे हो तो) अभ्यस्त-सञ्ज्ञकों के (आदि को उदात्त होता है)।
अभ्यादाने — VIII. ii. 87
प्रारम्भ में वर्त्तमान (ओम् शब्द को प्लुत उदात्त होता है)।
...अभ्यावृत्ति... — V. iv. 17
देखें — क्रियाभ्यावृत्तिगणने V. iv. 17
अभ्यासः — VI. i. 4
धातुओं के एकाच् को किये गये द्वित्व में प्रथमरूप अभ्यास-सञ्ज्ञक होता है।
अभ्यासलोपः — VI. iv. 119
(घुसञ्ज्ञक अङ्ग एवं अस् को एकारादेश तथा) अभ्यास का लोप होता है; (कित्, ङित् हि परे रहते)।
अभ्यासस्य — III. i. 6
(मान, बध, दान् और शान् धातुओं से सन् प्रत्यय होता है, तथा) अभ्यास के (विकार को दीर्घ आदेश होता है)।
अभ्यासस्य — VI. i. 7
(तुज् के प्रकारवाली धातुओं के) अभ्यास को (दीर्घ होता है)।
अभ्यासस्य — VI. i. 17
(लिट् लकार के परे रहते दोनों अर्थात् वचिस्वपियजादि तथा ग्रहिज्यादि के) अभ्यास को (सम्प्रसारण हो जाता है)।
अभ्यासस्य — VI. iv. 78
(इवर्णान्त, उवर्णान्त) अभ्यास को (सवर्णभिन्न अच् परे रहते इयङ्, उवङ् आदेश होते हैं)।
अभ्यासस्य — VII. iv. 4
('पा पाने' अङ्ग की उपधा का चङ्परक णि परे रहते लोप तथा) अभ्यास को (ईकारादेश होता है)।

अभ्यासस्य — VII. iv. 58
(यहां सन् परे रहते जो कार्य कहा है, अर्थात् जो इस्, ईत् आदि का विधान किया है, उनके) अभ्यास का (लोप होता है)।

अभ्यासस्य — VIII. iii. 64
(सित से पहले पहले स्था इत्यादियों में अभ्यास का व्यवधान होने पर मूर्धन्य आदेश होता है तथा) अभ्यास के (सकार को भी मूर्धन्य होता है) ।

अभ्यासात् — VII. iii. 55
अभ्यास से उत्तर (भी हन् धातु के हकार को कवर्गादेश होता है)।

अभ्यासात् — VIII. iii. 61
अभ्यास के (इण्) से उत्तर (स्तु तथा ण्यन्त धातुओं के आदेश सकार को ही षत्वभूत सन् परे रहते मूर्धन्य आदेश होता है)।

अभ्यासे — I. iii. 71
अभ्यास = बार बार करने अर्थ में (मिथ्या शब्द उपपद वाले ण्यन्त कृञ् धातु से आत्मनेपद होता है)।

अभ्यासे — VIII. iv. 53
अभ्यास में वर्त्तमान (झलों को चर् आदेश होता है तथा चकार से जश् भी होता है)।

अभ्यासेन — VIII. iii. 64
(सित से पहले पहले स्था इत्यादियों में) अभ्यास का व्यवधान होने पर (मूर्धन्य आदेश होता है तथा अभ्यास के सकार को भी मूर्धन्य आदेश होता है)।

...अभ्याहनः — III. ii. 142
देखें — **सम्पृचानुरुधा०** III. ii. 142

अभ्युत्सादयाम् — III. i. 42
अभ्युत्सादयामकः, (प्रजनयामकः, चिकयामकः, रमयामकः, पावयांक्रियात्, विदामक्रन् शब्दों का विकल्प से) निपातन किया जाता है, (छन्द में)।

...अभ्योः — III. iii. 28
देखें — **निरभ्योः** III. iii. 28

...अभ्र... — III. i. 17
देखें — **शब्दवैरकलहा०** III. i. 17

...अभ्र... — III. ii. 42
देखें — **सर्वकूल०** III. ii. 42

...अभ्रात् — IV. iv. 118
देखें — **समुद्राभ्रात्** IV. iv. 118

...अभ्रे — III. ii. 32
देखें — **वहाभ्रे** III. ii. 32

...अभ्रेषयोः — III. iii. 37
देखें — **द्यूताभ्रेषयोः** III. iii. 37

अम् — II. iv. 83
(अदन्त अव्ययीभाव से उत्तर सुप् का लुक् नहीं होता, अपितु उस सुप् को तो) अम् आदेश हो जाता है, (पञ्चमी विभक्ति को छोड़कर) ।

...अम्... — IV. i. 2
देखें — **स्वौजसमौट्०** IV. i. 2

अम् — VI. i. 57
(सृज् और दृशिर् धातु को कित् भिन्न झलादि प्रत्यय परे हो तो) अम् आगम होता है ।

अम्... — VI. i. 90
देखें — **अम्शसोः** VI. i. 90

अम् — VI. iii. 67
(खिदन्त उत्तरपद रहते इजन्त एकाच् को) अम् आगम होता है और वह अम् (प्रत्यय के समान भी माना जाता है)।

अम्... — VI. iv. 80
देखें — **अम्शसोः** VI. iv. 80

अम् — VII. i. 24
(अकारान्त नपुंसकलिङ्ग वाले अङ्ग से उत्तर सु और अम् के स्थान में) अम् आदेश होता है ।

अम् — VII. i. 28
(युष्मद् तथा अस्मद् अङ्ग से उत्तर ङे तथा प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के स्थान में) अम् आदेश होता है ।

अम् — VII. i. 99
(संबुद्धि परे रहते चतुर् तथा अनडुह् अङ्गों को) अम् आगम होता है ।

अम्... — VIII. iii. 6
देखें — **अम्परे** VIII. iii. 6

...अम... — VII. ii. 28
देखें — **रुष्यमत्वर०** VII. ii. 28

...अमः — III. iv. 101
देखें — **तान्तन्तामः** III. iv. 101

अमः — VII. i. 40

अम् के स्थान में (मश् आदेश होता है, वेद-विषय में)।

...अमः — VII. iii. 95

देखें — तुरुस्तु० VII. iii. 95

...अमत्र... — IV. i. 42

देखें — वृत्यमत्रा० IV. i. 42

अमत्रेभ्यः — IV. ii. 13

(सप्तमीसमर्थ) पात्रवाची प्रातिपदिकों से (भोजन के पश्चात् अवशिष्ट अर्थ में यथाविहित अण् प्रत्यय होता है)।

अमद्राणाम् — VII. iii. 13

(दिशावाची शब्दों से उत्तर) मद्रशब्दवर्जित (जनपद-वाची उत्तरपद) शब्द के (अचों में आदि अच् को तद्धित ञित्, णित् तथा कित् प्रत्यय परे रहते वृद्धि होती है)।

अमनुष्यकर्तृके — III. ii. 53

मनुष्यभिन्न कर्ता अर्थ में वर्तमान (हन् धातु से कर्म उपपद रहते टक् प्रत्यय होता है)।

...अमनुष्यपूर्वा — II. iv. 23

देखें — राजामनुष्यपूर्वा II. iv. 23

अमनुष्ये — IV. ii. 99

(रङ्कु शब्द से) मनुष्य अभिधेय न हो तो (अण् और ष्फक् प्रत्यय होते हैं)।

अमनुष्ये — IV. ii. 143

मनुष्यभिन्न अभिधेय हो तो (पर्वत शब्द से विकल्प से छ प्रत्यय होता है, पक्ष में अण्)।

अमनुष्ये — VI. iii. 121

(घञन्त उत्तरपद रहते) मनुष्य अभिधेय न होने पर (उप-सर्ग के अण् को बहुल करके दीर्घ होता है)।

अमन्त्रे — III. i. 35

(कास् तथा प्रत्ययान्त धातु से लिट् परे रहते आम् प्रत्यय होता है), यदि मन्त्रविषयक प्रयोग न हो तो ।

...अमर्षयोः — III. iii. 145

देखें — अनवक्लृप्त्यमर्षयोः III. iii. 145

अमहत्... — VI. ii. 89

देखें — अमहन्नवम् VI. ii. 89

अमहन्नवम् — VI. ii. 89

(नगर शब्द उत्तरपद रहते) महत् तथा नव शब्द को छोड़कर (पूर्वपद को आद्युदात्त होता है, यदि वह नगर उदीच्य प्रदेश का न हो तो)।

अमा — II. ii. 20

(अव्यय के साथ उपपद का जो समास, वह) अमन्त (अव्यय) के साथ (ही होवे, अन्य के साथ नहीं)।

अमाङ्योगे — VI. iv. 75

(लुङ्, लङ्, लृङ् परे रहने पर वेद-विषय में माङ् का योग होने पर अट्, आट् आगम बहुल करके होते है और) माङ् का योग न होने पर (नहीं भी होते)।

अमावस्यत् — III. i. 122

अमा पूर्वक वस् धातु से काल अधिकरण में ण्यत् परे रहते विकल्प से वृद्धि का अभाव निपातन किया गया है।

अमावास्यायाः — IV. iii. 30

(सप्तमीसमर्थ) अमावास्या प्रातिपदिक से (जात अर्थ में वुन् प्रत्यय विकल्प से होता है)।

अमि — VI. i. 103

(अक् प्रत्याहार से) अम् विभक्ति परे रहते (पूर्वरूप एकादेश होता है)।

अमिति — VII. ii. 34

अमिति शब्द (वेदविषय में) इडागमयुक्त निपातन है।

...अमित्रयोः — V. iv. 150

देखें — मित्रामित्रयोः V. iv. 150

अमित्रे — III. ii. 131

(द्विष धातु से) अमित्र अर्थात् शत्रु कर्त्ता वाच्य हो तो (शतृ प्रत्यय होता है, वर्त्तमान काल में)।

अमु — V. iv. 12

(किम्, एकारान्त, तिङन्त तथा अव्ययों से विहित जो तरप्, तमप् प्रत्यय – तदन्त से वेद-विषय में) अमुप्रत्यय (तथा आमु प्रत्यय होते है, द्रव्य का प्रकर्ष न कहना हो तो)।

अमूर्ध... — VI. iii. 11

देखें — अमूर्धमस्तकात् VI. iii. 11

अमूर्ध... — VI. iii. 83

देखें — अमूर्धप्रभृ० VI. iii. 83

अमूर्द्धप्रभृत्युदर्केषु — VI. iii. 83
(वेद-विषय में समान शब्द को स आदेश हो जाता है), मूर्धन्, प्रभृति और उदर्क शब्द उत्तरपद न हों तो।

अमूर्धमस्तकात् — VI. iii. 11
मूर्धन् तथा मस्तकवर्जित (हलन्त एवं अदन्त स्वाङ्गवाची) शब्दों से उत्तर (कामभिन्न शब्द उत्तरपद रहते सप्तमी का अलुक् होता है)।

...अमोः — VII. i. 23
देखें — स्वमोः VII. i. 23

अमौ... — III. iv. 91
देखें — वामौ III. iv. 91

अम्नस् — VIII. ii. 70
देखें — अम्नरुधर० VIII. ii. 70

अम्नरुधरवर् — VIII. ii. 70
अम्नस्, ऊधस्, अवस्– इन पदों को (वेदविषय में रु एवं रेफ, दोनों ही होते हैं)।

अम्परे — VIII. iii. 6
अम् प्रत्याहार परे है जिससे, ऐसे (खय्) के परे रहते (पुम् को रु होता है, संहिता में)।

अम्ब... — VIII. iii. 97
देखें — अम्बाम्ब० VIII. iii. 97

अम्बाम्बगोभूमिसव्यापद्वित्रिकुशेकुशङ्क्वङ्गुमञ्जिपुञ्जिपरमेबर्हिर्दिव्यग्निभ्यः — VIII. iii. 97
अम्ब, आम्ब, गो, भूमि, सव्य, अप, द्वि, त्रि, कु, शेकु, शङ्कु, अङ्गु, मञ्जि, पुञ्जि, परमे, बर्हिस्, दिवि, अग्नि — इन शब्दों से उत्तर (स्था के सकार को मूर्धन्य आदेश होता है)।

अम्बार्थ... — VII. iii. 107
देखें — अम्बार्थनद्योः VII. iii. 107

अम्बार्थनद्योः — VII. iii. 107
अम्बा = माँ के अर्थ वाले तथा नदीसञ्ज्ञक अङ्गों को (सम्बुद्धि परे रहते ह्रस्व हो जाता है)।

अम्बाले — VI. i. 114
(अम्बिके शब्द से पूर्व अम्बे), अम्बाले – (ये दो) पद (यजुर्वेद में पठित होने पर अकार परे रहते प्रकृतिभाव से रहते हैं)।

अम्बिकेपूर्वे — VI. i. 114
अम्बिके शब्द से पूर्व (अम्बे, अम्बाले – ये दो पद यजुर्वेद में पठित होने पर अकार परे रहते प्रकृतिभाव से रहते हैं)।

अम्बे — VI. i. 114
(अम्बिके शब्द से पूर्व) अम्बे, (अम्बाले – ये दो) पद (यजुर्वेद में पठित होने पर अकार परे रहते प्रकृतिभाव से रहते हैं)।

...अम्भस्... — VI. iii. 3
देखें — ओजःसहोम्भस्० VI. iii. 3

...अम्भसा — IV. iv. 27
देखें — ओजःसहोम्भसा IV. iv. 27

अम्शसोः — VI. i. 90
(ओकारान्त से) अम् तथा शस् विभक्ति के (अच्) परे रहते (पूर्व पर के स्थान में आकार एकादेश होता है, संहिता के विषय में)।

अम्शसोः — VI. iv. 80
अम् तथा शस् विभक्ति के परे रहते (स्त्री शब्द को विकल्प से इयङ् आदेश होता है)।

अय्... — VI. i. 75
देखें — अयवायावः VI. i. 75

अय् — VI. iv. 55
(आम्, अन्त, आलु, आय्य, इत्नु, इष्णु – इनके परे रहते णि को) अय् आदेश होता है।

अय् — VII. ii. 111
(इदम् शब्द के इद् रूप को पुल्लिंग में) अय् आदेश होता है, (सु विभक्ति परे रहते)।

...अय...— III. i. 37
देखें — दयायासः III. i. 37

अयङ् — VII. iv. 22
(यकारादि कित्, ङित् प्रत्यय परे रहते शीङ् अङ्ग को) अयङ् आदेश होता है।

अयच् — V. ii. 43
(प्रथमासमर्थ द्वि तथा त्रि प्रातिपदिकों से षष्ठ्यर्थ में विहित तयप् प्रत्यय के स्थान में विकल्प से) अयच् आदेश होता है।

अयज्ञपात्रेषु — I. iii. 64
यज्ञपात्र से भिन्न विषय में (प्र, उप पूर्वक 'युजिर् योगे' धातु से, आत्मनेपद होता है)।

अयज्ञे — III. iii. 32
(प्र पूर्वक 'स्तृञ् आच्छादने' धातु से) यज्ञविषय से अन्यत्र (कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में घञ् प्रत्यय होता है)।

अयतौ — VIII. ii. 19

अय धातु के परे रहते (उपसर्ग के रेफ को लकारादेश होता है)।

अयथाभिप्रेताख्याने — III. iv. 59

इष्ट का कथन जैसा होना चाहिये वैसा न होना गम्यमान हो तो (अव्यय शब्द उपपद रहते कृञ् धातु से क्त्वा और णमुल् प्रत्यय होते है)।

अयदि — III. iii. 155

(सम्भावना अर्थ को कहने वाला धातु उपपद हो तो) यत् शब्द उपपद न होने पर (सम्भावन अर्थ में वर्तमान धातु से विकल्प से लिङ् प्रत्यय होता है, यदि अलम् शब्द का अप्रयोग सिद्ध हो)।

अयदौ — III. iii. 151

यदि का प्रयोग न हो (और यच्च तथा यत्र से भिन्न शब्द उपपद हो तो चित्रीकरण गम्यमान होने पर धातु से लृट् प्रत्यय होता है)।

अयनम् — VIII. iii. 24

(अन्तर शब्द से उत्तर) अयन शब्द के (नकार को भी णकारादेश होता है, देश का अभिधान न हो तो)।

...अयम्... — VI. i. 112

देखें — **अव्यादवद्याद०** VI. i. 112

अयवादिभ्यः — VIII. ii. 9

यवादि शब्दों से भिन्न (मकारान्त एवं अवर्णान्त तथा मकार एवं अवर्ण उपधा वाले) प्रातिपदिक से उत्तर (मतुप् को वकारादेश होता है)।

अयवायावः — VI. i. 75

(अच् परे रहते एच् = ए, ओ, ऐ, औ के स्थान में यथासङ्ख्य करके) अय्, अव्, आय्, आव् आदेश होते है, (संहिताविषय में)।

अयस्... — III. iii. 82

देखें — **अयोविद्रुषु** III. iii. 82

...अयस्... — V. iv. 94

देखें — **अनोश्मायः०** V. iv. 94

अयस्मयादीनि — I. iv. 20

अयस्मय इत्यादि शब्द (वेद में साधु माने जाते है)।

अयःशूल... — V. ii. 76

देखें — **अयःशूलदण्डा०** V. ii. 76

अयःशूलदण्डाजिनाभ्याम् — V. ii. 76

तृतीयासमर्थ अयःशूल तथा दण्डाजिन प्रातिपदिकों से (यथासङ्ख्य करके ठक् तथा ठञ् प्रत्यय होते है, 'चाहता है' अर्थ में)।

...अयानयम् — V. ii. 9

देखें — **अनुपदसर्वान्ना०** V. ii. 9

अयोपधात् — IV. i. 63

जो (नित्य ही स्त्रीविषय में न हो, तथा) यकार उपधावाला न हो, ऐसे (जातिवाची) प्रातिपदिक से (स्त्रीलिंग में ङीप् प्रत्यय होता है)।

...अयोविकार... — IV. i. 42

देखें — **वृत्यमत्रावपना०** IV. i. 42

अयोविद्रुषु — III. iii. 82

अयस्, वि तथा द्रु उपपद रहते हुए (हन् धातु से करण कारक में अप् प्रत्यय तथा हन् के स्थान में घनादेश भी होता है)।

अरक्त... — VI. iii. 38

देखें — **अरक्तविकारे** VI. iii. 38

अरक्तविकारे — VI. iii. 38

(वृद्धि का कारण है जिस तद्धित में, ऐसा तद्धित) यदि रक्त तथा विकार अर्थ में विहित न हो तो (तदन्त स्त्री शब्द को पुंवद्भाव नहीं होता)।

...अरण्य... — IV. i. 48

देखें — **इन्द्रवरुणभव०** IV. i. 48

अरण्यात् — IV. ii. 128

अरण्य प्रातिपदिक से (मनुष्य अभिधेय हो तो शैषिक वुञ् प्रत्यय होता है)।

अरिष्ट ... — VI. ii. 100

देखें — **अरिष्टगौडपूर्वे** VI. ii. 100

अरिष्टगौडपूर्वे — VI. ii. 100

अरिष्ट तथा गौड शब्द पूर्व है जिस समास में, (उसके पूर्वपद को भी पुर् शब्द उत्तरपद रहते अन्तोदात्त होता है)।

...अरिष्टस्य — IV. iv. 143

देखें — **शिवशमरिष्टस्य** IV. iv. 143

अरीहण... — IV. ii. 79

देखें — **अरीहणकृशाश्व०** IV. ii. 79

अरीहणकृशाश्वर्श्यकुमुदकाशतृणप्रेक्षाश्मसखिसंकाश-बलपक्षकर्णसुतङ्गमप्रगदिन्वराहकुमुदादिभ्यः –IV. ii. 79

अरीहण, कृशाश्व, ऋश्य, कुमुद, काश, तृण, प्रेक्ष, अश्म, सखि, संकाश, बल, पक्ष, कर्ण, सुतङ्गम, प्रगदिन्, वराह, कुमुद आदि 17 गणों के प्रातिपदिकों से (यथासङ्ख्य वुञ्, छण्, क, ठच्, इल, स, इनि, र, ढञ्, ण्य, य, फक्, फिञ्, इञ्, ञ्य, कक्, ठक् चातुरर्थिक प्रत्यय होते हैं)।

अरुस्... — V. iv. 51

देखें — अरुर्मनस्० V. iv. 51

अरुस्... — VI. iii. 66

देखें — अरुर्द्विषदजन्तस्य VI. iii. 66

अरुर्द्विषदजन्तस्य — VI. iii. 66

अरुष्, द्विषत् तथा (अव्ययभिन्न) अजन्त शब्दों को (खिदन्त उत्तरपद रहते मुम् आगम होता है)।

अरुर्मनश्चक्षुश्चेतोरहोरजसाम् — V. iv. 51

(सम्पद्यते के कर्त्ता में वर्तमान) अरुस्, मनस्, चक्षुस्, चेतस्, रहस् तथा रजस् शब्दों (से कृ, भू तथा अस्ति के योग में च्विप्रत्यय होता है, तथा उन शब्दों) के (अन्त्य सकार का लोप हो जाता है)।

...अरुषः — III. ii. 35

देखें — विध्वरुषः III. ii. 35

...अरुषु — III. ii. 21

देखें — दिवाविभा० III. ii. 21

...अरोकाभ्याम् — V. iv. 144

देखें — श्यावारोकाभ्याम् V. iv. 144

...अर्घाभ्याम् — V. iv. 25

देखें — पादार्घाभ्याम् V. iv. 25

...अर्चाभ्यः — V. ii. 101

देखें — प्रज्ञाश्रद्धा० V. ii. 101

अर्चायाम् — II. iii. 43

अर्चा = पूजा गम्यमान हो तो (साधु और निपुण शब्दों के योग में सप्तमी विभक्ति होती है, यदि 'प्रति' साथ में प्रयुक्त न हो तो)।

...अर्जुनाभ्याम् — IV. iii. 98

देखें — वासुदेवार्जुनाभ्याम् IV. iii. 98

अर्त्ति... — III. ii. 184

देखें — अर्त्तिलूधू० III. ii. 184

...अर्त्ति... — VII. ii. 66

देखें — अत्यर्त्तिव्ययतीनाम् VII. ii. 66

अर्त्ति... — VII. iii. 36

देखें — अर्त्तिह्री० VII. iii. 36

...अर्त्ति... — VII. iii. 78

देखें — पाघ्राध्मा० VII. iii. 78

अर्त्ति... — VII. iv. 29

देखें — अर्त्तिसंयोगाद्योः VII. iv. 29

अर्त्ति... — VII. iv. 77

देखें — अर्त्तिपिपर्त्योः VII. iv. 77

अर्त्तिपिपर्त्योः — VII. iv. 77

ऋ तथा पृ धातुओं के (अभ्यास को भी श्लु होने पर इकारादेश होता है)।

...अर्त्तिभ्यः — III. i. 56

देखें — सर्त्तिशास्त्य० III. i. 56

अर्त्तिलूधूसूखनसहचरः — III. ii. 184

ऋ, लूञ्, धू, षू, खनु, षह, चर—इन धातुओं से (करण कारक में इत्र प्रत्यय होता है, वर्त्तमान काल में)।

अर्त्तिसंयोगाद्योः — VII. iv. 29

ऋ तथा संयोग आदि में है जिसके, ऐसे (ऋकारान्त) धातु को (यक् तथा यकारादि असार्वधातुक लिङ् परे रहते गुण होता है)।

अर्त्तिह्रीब्लीरीक्नूयीक्ष्माय्याताम् — VII. iii. 36

ऋ, ह्री, ब्ली, री, क्नूयी, क्ष्मायी तथा आकारान्त अङ्ग को (णिच् परे रहते पुक् आगम होता है)।

...अर्थ... — II. i. 35

देखें — तदर्थार्थबलिहित० II. i. 35

...अर्थ... — IV. iv. 40

देखें — प्रतिकण्ठार्थललामम् IV. iv. 40

...अर्थ... — IV. iv. 92

देखें — धर्मपथ्यर्थ० IV. iv. 92

...अर्थवचनम् — I. ii. 56

देखें — प्रधानप्रत्ययार्थवचनम् I. ii. 56

...अर्थवचने — II. i. 33

देखें — अधिकार्थवचने II. i. 33

अर्थवत् — I. ii. 45

अर्थवान् शब्द (प्रातिपदिक-संज्ञक होते हैं; धातु, प्रत्यय और प्रत्ययान्त को छोड़कर)।

अर्थस्य — I. ii. 56

(प्रधानार्थवचन तथा प्रत्ययार्थवचन अशिष्य होते है), अर्थ के (अन्य अर्थात् लोक के अधीन होने से)।

...अर्थाभाव... — II. i. 6

देखें — **विभक्तिसमीपसमृद्धि० II. i. 6**

अर्थे — VI. ii. 44

अर्थ शब्द उत्तरपद रहते (चतुर्थ्यन्त पूर्वपद को प्रकृति-स्वर हो जाता है)।

अर्थे — VI. iii. 99

अर्थ शब्द उत्तरपद हो तो (अषष्ठीस्थित तथा अतृतीया-स्थित अन्य शब्द को विकल्प करके दुक् आगम होता है)।

अर्थेन — II. i. 29

(तृतीयान्त सुबन्त तृतीयान्तार्थकृत गुणवाची शब्द के साथ तथा) अर्थ शब्द के साथ (समास को प्राप्त होता है, और वह तत्पुरुष समास होता है)।

...अर्दयतिभ्यः — III. i. 51

देखें — **ऊनयतिध्वनयति० III. i. 51**

अर्देः — VII. ii. 24

(सम्, नि तथा वि उपसर्ग से उत्तर) अर्द् धातु को (निष्ठा परे रहते इट् आगम नहीं होता)।

...अर्ध... — I. i. 32

देखें — **प्रथमचरमतयाल्पार्धकतिपयनेमाः I. i. 32**

अर्धम् — II. ii. 2

(नपुंसकलिंग में वर्तमान) अर्ध शब्द (एकाधिकरणवाची एकदेशी सुबन्त के साथ विकल्प से समास को प्राप्त होता है और वह तत्पुरुष समास होता है)।

...अर्धमास... — V. ii. 57

देखें — **शतादिमासा० V. ii. 57**

अर्धर्चाः — II. iv. 31

अर्धर्च आदि गणपठित शब्द (पुंल्लिग और नपुंसक-लिङ्ग दोनों में होते है)।

अर्धस्य — VIII. ii. 107

(दूर से बुलाने के विषय से भिन्न विषय में अप्रगृह्य-सञ्ज्ञक एच् के पूर्व के) अर्ध भाग को (प्लुत करने के प्रसंग में आकारादेश होता है तथा उत्तरवाले भाग को इकार, उकार आदेश होता है)।

अर्द्धह्रस्वम् — I. ii. 32

(उस स्वरित गुणवाले अच् के आदि की) आधी मात्रा (उदात्त और शेष अनुदात्त होती है)।

अर्धात् — IV. iii. 4

अर्ध प्रातिपदिक से (शैषिक यत् प्रत्यय होता है)।

...अर्धात् — V. i. 47

देखें — **पूरणार्धात् V. i. 47**

अर्धात् — V. iv. 100

अर्ध शब्द से उत्तर (भी जो नौ शब्द, तदन्त तत्पुरुष से समासान्त टच् प्रत्यय होता है)।

...अर्धात् — VII. iii. 12

देखें — **सुसर्वार्धात् VII. iii. 12**

अर्धात् — VII. iii. 26

अर्ध शब्द से उत्तर (परिमाणवाची उत्तरपद के अचों में आदि अच् को वृद्धि होती है, पूर्वपद को तो विकल्प से होती है; ञित्, णित् तथा कित् तद्धित परे रहते)।

...अर्पिते — VI. i. 203

देखें — **जुष्टार्पिते VI. i. 203**

अर्मे — VI. ii. 90

अर्म शब्द उत्तरपद रहते (भी महत् तथा नव से भिन्न दो अचों वाले तथा तीन अचों वाले अवर्णान्त पूर्वपद को आद्युदात्त होता है)।

अर्यः — III. i. 103

अर्य शब्द का (स्वामी और वैश्य अर्थ में निपातन होता है)।

...अर्यमादीनाम् — V. iii. 84

देखें — **शेवलसुपरि० V. iii. 84**

...अर्यम्णाम् — VI. iv. 12

देखें — **इन्हन्पूषार्यम्णाम् VI. iv. 12**

अर्वणः — VI. iv. 127

अर्वन् अङ्ग को (तृ आदेश होता है, यदि अर्वन् शब्द से परे सु न हो तथा वह अर्वन् शब्द नञ् से उत्तर भी न हो)।

अर्शआदिभ्यः — V. ii. 127

अर्शस् आदि गणपठित प्रातिपदिकों से (मत्वर्थ में अच् प्रत्यय होता है)।

अर्हः — III. ii. 12

पूजार्थक अर्ह् धातु से (कर्म उपपद रहते अच् प्रत्यय होता है)।

...अर्ह... — III. iii. 111
देखें — **पर्यायार्हर्णोत्पत्तिषु०** III. iii. 111

...अर्ह... — VI. ii. 155
देखें — **संपाद्यर्ह०** VI. ii. 155

अर्हः — III. ii. 133
अर्ह् धातु से (प्रशंसा गम्यमान हो तो वर्त्तमान काल में शतृ प्रत्यय होता है)।

अर्हति — IV. iv. 137
(द्वितीयासमर्थ सोम प्रातिपदिक से) 'अर्हति' अर्थात् 'समर्थ है' — इस अर्थ में (य प्रत्यय होता है)।

अर्हति — V. i. 62
(द्वितीयासमर्थ प्रातिपदिकों से) 'समर्थ है' — इस अर्थ में (यथाविहित प्रत्यय होते हैं)।

अर्हम् — V. i. 116
(द्वितीयासमर्थ प्रातिपदिकों से) योग्यताविशिष्ट क्रिया वाच्य हो तो (वति प्रत्यय होता है)।

अर्हात् — V. i. 19
(यहाँ से आगे) अर्ह = 'तदर्हति' पर्यन्त कहे हुए अर्थों में (सामान्यतया ठक् प्रत्यय अधिकृत होता है; गोपुच्छ, संख्या तथा परिमाणवाची शब्दों को छोड़कर)।

अर्हे — III. iii. 169
योग्य कर्ता वाच्य हो तो (धातु से कृत्यसंज्ञक, तृच् तथा चकार से लिङ् प्रत्यय होते हैं)।

अलः — I. i. 51
(षष्ठीनिर्दिष्ट को कहा आदेश अन्त्य) अल् के स्थान में (होता है)।

अलः — I. i. 64
(अन्त्य) अल् से (पूर्व जो अल्, उसकी उपधा संज्ञा होती है)।

...अलङ्कर्म... — V. iv. 7
देखें — **अषडक्षा०** V. iv. 7

अलङ्कारे — IV. iii. 65
(सप्तमीसमर्थ कर्ण तथा ललाट शब्दों से 'भव' अर्थ में) आभूषण अभिधेय हो तो (कन् प्रत्यय होता है)।

...अलङ्कारेषु — IV. ii. 95
देखें — **श्वास्यलङ्कारेषु** IV. ii. 95

अलङ्कृञ्... — III. ii. 136
देखें — **अलङ्कृञ्निराकृञ्०** III. ii. 136

अलङ्कृञ्निराकृञ्प्रजनोत्पचोत्पतोन्मदरुच्यपत्रपवृतुवृधुसहचरः — III. ii. 136
अलंपूर्वक कृञ्, निर् आङ् पूर्वक कृञ्, प्रपूर्वक जन, उत्पूर्वक पच, उत्पूर्वक पत, उत्पूर्वक मद, रुचि, अपपूर्वक त्रप, वृतु, वृधु सह, चर — इन धातुओं से (वर्त्तमान काल में तच्छीलादि कर्ता हो तो इष्णुच् प्रत्यय होता है)।

अलङ्खल्वोः — III. iv. 18
(प्रतिषेधवाची) अलं तथा खलु शब्द उपपद रहते (प्राचीन आचार्यों के मत में क्त्वा प्रत्यय होता है)।

अलङ्गामी — V. ii. 15
(द्वितीयासमर्थ अनुगु प्रातिपदिक से) 'पर्याप्त जाता है' अर्थ में (ख प्रत्यय होता है)।

अलम् — I. iv. 63
(भूषण अर्थ में वर्त्तमान) अलम् शब्द (क्रियायोग में गति और निपातसंज्ञक होता है)।

...अलम्... — II. iii. 16
देखें — **नमःस्वस्तिस्वाहा०** II. iii. 16

अलम् — III. iii. 154
अलम् अथवा तत्समानार्थक शब्द के (प्रयोग के बिना ही यदि उसका अर्थ प्रतीत हो रहा हो तो पर्याप्तिविशिष्ट सम्भावना) अर्थ में (धातु से लिङ् लकार होता है)।

अलम्... — III. iv. 18
देखें — **अलङ्खल्वोः** III. iv. 18

...अलमर्थाः — VI. ii. 155
देखें — **संपाद्यर्ह०** VI. ii. 155

अलमर्थेषु — III. iv. 66
सामर्थ्य अर्थ वाले (परिपूर्णतावाची) शब्दों के उपपद रहते (धातु से तुमुन् प्रत्यय होता है)।

...अलम्पुरुष... — V. iv. 7
देखें — **अषडक्षा०** V. iv. 7

अलर्षि — VII. iv. 65
अलर्षि शब्द (वेदविषय में) निपातन किया जाता है।

अलिटि — VII. ii. 37
(ग्रह धातु से उत्तर) लिट्-भिन्न (वलादि आर्धधातुक) परे रहते (इट् को दीर्घ होता है)।

अलिटि — VIII. i. 62

लिट्भिन्न (इडादि) प्रत्यय परे रहते (रध अङ्ग को नुम् आगम नहीं होता)।

अलुक् — IV. i. 89

(प्राग्दीव्यतीय अजादि प्रत्यय की विवक्षा हो तो गोत्र में उत्पन्न प्रत्यय का) लुक् नहीं होता।

अलुक् — VI. iii. 1

'अलुक्' (तथा 'उत्तरपदे' पद) का अधिकार आगे के सूत्रों में जाता है।

अलोपे — VI. iii. 93

(तिरस् शब्द को तिरि आदेश होता है, यदि अञ्चु का) लोप न हुआ हो तो।

अलोम... — VI. ii. 117

देखें — **अलोमोषसी VI. ii. 117**

अलोमोषसी — VI. ii. 117

(सु से परे मन् अन्तवाले तथा अस् अन्त वाले उत्तरपद शब्दों को बहुव्रीहि समास में आद्युदात्त होता है), लोमन् तथा उषस् शब्दों को छोड़कर।

...अल्प... — I. i. 32

देखें — **प्रथमचरमतयाल्पार्धकतिपयनेमाः I. i. 32**

...अल्प... — II. iii. 33

देखें — **स्तोकाल्पकृच्छ्र० II. iii. 33**

...अल्पयोः — V. iii. 64

देखें — **युवाल्पयोः V. iii. 64**

अल्पशः — II. i. 36

(स्फायी धातु को निष्ठा के परे रहते) स्फी आदेश हो जाता है।

स्फुरति...— VI. i. 46
देखें— स्फुरतिस्फुलत्योः VI. i. 46

स्फुरति...— VIII. iii. 76
देखें— स्फुरतिस्फुलत्योः VIII. iii. 76

स्फुरतिस्फुलत्योः— VI. i. 46

स्फुर् तथा स्फुल् धातुओं के (एच् के स्थान में घञ् प्रत्यय के परे रहते (आकारादेश हो जाता है)।

स्फुरतिस्फुलत्योः— VIII. iii. 76

(निर्, नि, वि उपसर्ग के उत्तर) स्फुरति तथा स्फुलति के (सकार को विकल्प से मूर्धन्यादेश होता है)।

...स्फुरोः— VI. i. 53
देखें— चिस्फुरोः VI. i. 53

...स्फुलत्योः— VI. i. 46
देखें— स्फुरतिस्फुलत्योः VI. i. 46

...स्फुलत्योः— VIII. iii. 76
देखें— स्फुरतिस्फुलत्योः VIII. iii. 76

स्फोटायनस्य— VI. i. 119

(अच् परे रहते गो को अवङ् आदेश विकल्प से होता है) स्फोटायन आचार्य के मत में।

स्मयतेः— VI. i. 56

(हेतु जहाँ भय का कारण हो, उस अर्थ में वर्तमान) ष्मिङ् धातु के (एच् के विषय में णिच् परे रहते नित्य ही आत्व हो जाता है)।

स्मात्...— VII. i. 15
देखें— स्मात्स्मिनौ VII. i. 15

स्मात्स्मिनौ— VII. i. 15

(आकारान्त अङ्ग से उत्तर ङसि तथा ङि के स्थान में क्रमशः) स्मात् तथा स्मिन् आदेश होते हैं।

...स्मि...— III. ii. 167
देखें— नमिकम्पि० III. ii. 167

स्मि...— VII. ii. 74
देखें— स्मिपूङ्० VII. ii. 74

...स्मिनौ— VII. i. 13
देखें— स्मात्स्मिनौ VII. i. 13

स्मिपूङ्रञ्ज्वशाम्— VII. ii. 74

स्मिङ्, पूङ्, ऋ, अञ्जू, अशू —इन अङ्गों के (सन् को इट् आगम होता है)।

...स्मृ...— I. iii. 57
देखें— ज्ञाश्रुस्मृदृशाम् I. iii. 57

स्मृ...— VII. iv. 95
देखें— स्मृदृत्वर० VII. iv. 95

स्मृदृत्वरप्रथम्रदस्तृस्पशाम्— VII. iv. 95

स्मृ, दृ, ञित्वरा, प्रथ, म्रद, स्तृञ्, स्पश् —इन अङ्गों के (अभ्यास को चङ्परक णि परे रहते अकारादेश होता है)।

स्मे— III. ii. 118

(परोक्ष अनद्यतन भूतकाल में वर्तमान धातु से) स्म शब्द उपपद रहते (लट् प्रत्यय होता है)।

स्मे— III. iii. 165

(प्रैष, अतिसर्ग और प्राप्तकाल अर्थ गम्यमान हों तो मुहूर्त भर से ऊपर के काल को कहने में) स्म शब्द उपपद रहते (धातु से लोट् प्रत्यय होता है)।

प्रैष = भेजना, आदेश, उन्माद।

अतिसर्ग = स्वीकृति, अनुमति, पृथक् करना।

प्राप्तकाल = समयानुकूल यथाऋतु।

स्मै— VII. i. 14

(अकारान्त सर्वनाम अङ्ग से उत्तर ङे के स्थान में) स्मै आदेश होता है।

स्मोत्तरे — III. iii. 176

स्म शब्द अधिक है जिससे, उस (माङ् शब्द) के उपपद रहते (धातु से लङ् तथा लुङ् प्रत्यय होते हैं)।

...स्योः — I. iii. 38
देखें — भीस्म्योः I. iii. 38

स्य... — I. iii. 92
देखें — स्यसनोः I. iii. 92

स्य... — III. i. 33
देखें — स्यतासी III. i. 33

स्य... — VI. iv. 62
देखें — स्यसिच्सीयुट्० VI. iv. 62

स्य... — VIII. iii . 117
देखें— स्यसनोः VIII. iii. 117

स्यः— VI. i. 129
स्य शब्द के (सु का वेदविषय में हल् परे रहते बहुल करके लोप हो जाता है, संहिता के विषय में)।

स्यतासी— III. i. 33
(धातु से लृ = लृट्, लृङ् तथा लुट् परे रहते यथासंख्य करके) स्य तथा तास् प्रत्यय हो जाते हैं।

...स्यति... — VII. iv. 40
देखें— द्यतिस्यति० VII. iv. 40

...स्यति... — VIII. iii. 65
देखें— सुनोतिसुवति० VIII. iii. 65

...स्यति... — VIII. iv. 17
देखें— गदनद० VIII. iv. 17

स्यदः — VI. iv. 28
(वेग अभिधेय होने पर घञ् परे रहते) स्यद शब्द निपातन किया जाता है।

स्यन्दते— VIII. iii. 72
(अनु, वि, परि, अभि, नि उपसर्गों से उत्तर) स्यन्दू धातु के (सकार को मूर्धन्य आदेश होता है, यदि प्राणी का कथन न हो रहा हो तो)।

...स्यन्दोः— VI. iv. 31
देखें— स्कन्दिस्यन्दोः VI. iv. 31

...स्यमि... — VI. i. 19
देखें— स्वपिस्यमि० VI. i. 19

स्यसनोः— I. iii. 92
स्य और सन् प्रत्ययों के होने पर (वृतादि धातुओं से विकल्प करके परस्मैपद होता है)।

स्यसनोः— VIII. iii. 117
स्य तथा सन् प्रत्यय के परे रहते (षुञ् धातु के सकार को मूर्धन्य आदेश नहीं होता)।

स्यसिच्सीयुट्तासिषु— VI. iv. 62
(भाव तथा कर्मविषयक) स्य, सिच्, सीयुट् और तास् के परे रहते (उपदेश में अजन्त धातुओं तथा हन्, ग्रह एवं दृश् धातुओं को चिण् के समान विकल्प से कार्य होता है)।

...स्याः— VII. i. 12
देखें— इनात्स्याः VII. i. 12

स्याट्— VII. iii. 114
(आबन्त सर्वनाम अङ्ग से उत्तर ङित् प्रत्यय को) स्याट् आगम होता है (तथा उस आबन्त सर्वनाम को ह्रस्व भी हो जाता है)।

स्यात्— I. ii. 55
(सम्बन्ध को प्रमाण मानकर संज्ञा करें तो भी उसके अभाव होने पर उस संज्ञा का अदर्शन) होना चाहिये, (पर वह होता नहीं है)।

स्यात्— V. i. 16
(प्रथमासमर्थ प्रातिपदिक से षष्ठ्यर्थ में तथा प्रथमासमर्थ प्रातिपदिक से सप्तम्यर्थ में यथाविहित प्रत्यय होता है) यदि वह प्रथमासमर्थ प्रातिपदिक स्यात् = 'सम्भव हो', क्रिया के साथ समानाधिकरण वाला हो तो।

स्ये— VII. ii. 7
(ऋकारान्त तथा हन् धातु के) स्य को (इट् आगम होता है)।

...स्रक्... — III. ii. 59
देखें— ऋत्विग्दधृक्० III. ii. 59

...स्रजः— V. ii. 121
देखें— अस्मायामेधा० V. ii. 121

...स्रम्भः— III. ii. 143
देखें— कषलस० III. ii. 143

स्रवति... — VII. iv. 81
देखें— स्रवतिशृणोति० VII. iv. 81

स्रवतिशृणोतिद्रवतिप्रवतिप्लवतिच्यवतीनाम् — VII. iv. 81

स्रु, श्रु, द्रु, प्रुङ्, प्लुङ्, च्युङ् —इनके (अवर्णपरक यण् परे है जिससे, ऐसे होने वाले उवर्णान्त अभ्यास को विकल्प से इकारादेश होता है)।

...स्रंसु... — VII. iv. 84

देखें— वञ्चुस्रंसु० VII. iv. 84

...स्रंसु... — VIII. ii. 72

देखें— वसुस्रंसु० VIII. ii. 72

...स्रिवि... — VI. iv. 20

देखें— ज्वरत्वर० VI. iv. 20

...स्रु... — VII. ii. 13

देखें— कृसृभृ० VII. ii. 13

...स्रुभ्यः— I. iii. 86

देखें— बुधयुधनशजनेङ्० I. iii. 86

...स्रुभ्यः— III. i. 48

देखें— णिश्रिद्रुस्रुभ्यः III. i. 48

...स्रुवः— III. iii. 27

देखें— द्रुस्तुस्रुवः III. iii. 27

...स्रुव... — VI. iii. 114

देखें— अविष्टाष्ट० VI. iii. 114

स्रोतसः— IV. iv. 113

(सप्तमीसमर्थ) स्रोतस् प्रातिपदिक से (वेदविषय में भवार्थ में ड्यत्, ड्य दोनों प्रत्यय विकल्प से होते है)।

स्वकरणे— I. iii. 56

स्वकरण = पाणिग्रहण अर्थ में (वर्तमान उपपूर्वक यम् धातु से आत्मनेपद होता है)।

...स्वञ्जाम् — VI. iv. 25

देखें— दंशसञ्ज० VI. iv. 25

...स्वञ्जाम्— VIII. iii. 65

देखें— सुनोतिसुवति० VIII. iii. 65

...स्वञ्जाम्— VIII. iii. 70

देखें— सेवसित० VIII. iii. 70

स्वतन्त्रः— I. iv. 54

क्रिया की सिद्धि में स्वतन्त्र रूप से विवक्षित (कारक की कर्ता संज्ञा होती है)।

...स्वतवसाम्— VII. i. 83

देखें— दृक्स्वव:० VII. i. 83

स्वतवान्— VIII. iii. 11

स्वतवान् शब्द के (नकार को रु होता है, पायु शब्द परे रहते)।

...स्वदि...— VIII. iii. 62

देखें— स्विदिस्वदि० VIII. iii. 62

...स्वधा.. — II. iii. 16

देखें— नमःस्वस्तिस्वाहा० II. iii. 16

स्वन... — III. iii. 62

देखें— स्वनहसोः III. iii. 62

...स्वनः— III. iii. 64

देखें— गदनद० III. iii. 64

स्वनः— VIII. iii. 69

(वि उपसर्ग से उत्तर तथा चकार से अव उपसर्ग से उत्तर भोजन अर्थ में) स्वन् धातु के (सकार को मूर्धन्य आदेश होता है, अड्व्यवाय एवं अभ्यासव्यवाय में भी)।

स्वनहसोः— III. iii. 62

(उपसर्गरहित) स्वन और हस् धातुओं से (कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में विकल्प से अप् प्रत्यय होता है)।

स्वमोः— VII. i. 23

(नपुंसकलिङ्गवाले अङ्ग से उत्तर) सु और अम् का (लुक् होता है)।

स्वपः— III. iii. 91

'ञिष्वप् शये' धातु से (भाव में नन् प्रत्यय होता है)।

...स्वपतेः— IV. iv. 104

देखें— पथ्यतिथिवसतिस्वपतेः IV. iv. 104

स्वपादि...— VI. i. 182

देखें— स्वपादिर्हिंसाम् VI. i. 182

स्वपादिर्हिंसाम्— VI. i. 182

स्वपादि धातुओं के तथा हिंस् धातु के (अजादि अनिट् लसार्वधातुक परे हो तो विकल्प से आदि को उदात्त हो जाता है)।

...स्वपि...— I. ii. 8

देखें— रुदविदमुषग्रहिस्वपिप्रच्छः I. ii. 8

स्वपि.. — III. ii. 172

देखें—स्वपितृषोः III. ii. 172

...स्वपि... — VI. i. 15
देखें— वचिस्वपि० VI. i. 15

स्वपि...— VI. i. 19
देखें... — स्वपिस्यमि० VI. i. 19

स्वपितृषोः — III. ii. 172

स्वप् तथा तृष् धातुओं से (तच्छीलादि कर्ता हो, तो वर्तमानकाल में नजिङ् प्रत्यय होता है)।

स्वपिस्यमिव्येञाम्— VI. i. 19

ञिष्वप्, स्यमु तथा व्येञ् धातुओं को (यङ् प्रत्यय के परे रहते सम्प्रसारण हो जाता है)।

स्वम्— I. i. 34

स्व शब्द (की जस्-सम्बन्धी कार्य में विकल्प से सर्वनाम संज्ञा होती है, ज्ञाति तथा धन की आख्या को छोड़कर)।

ज्ञाति = पिता, भाई आदि।

स्वम्— I. i. 67

(इस व्याकरणशास्त्र में शब्द के) अपने (रूप का ग्रहण होता है, उस शब्द के अर्थ का नहीं और न ही पर्यायवाची शब्दों का, शब्दसंज्ञा को छोड़कर)।

स्वम्— IV. iv. 123

(षष्ठीसमर्थ असुर प्रातिपदिक से) 'अपना' —इस अर्थ में (यत् प्रत्यय होता है, वेदविषय में)।

स्वम्— VI. ii. 17

(स्वामिन् शब्द उत्तरपद रहते तत्पुरुष में) स्ववाची पूर्वपद को (प्रकृतिस्वर हो जाता है)।

स्वयम्— II. i. 24

'स्वयम्' यह अव्यय (क्तान्त समर्थ सुबन्त के साथ विकल्प से समास को प्राप्त होता है और वह तत्पुरुष समास होता है)।

...स्वर... — I. i. 57
देखें— पदान्तद्विर्वचनवरेयलोप० I. i. 57

...स्वर... — VII. i. 18
देखें— मव्यथमस० VII. i. 18

...स्वर... — VIII. i. 22
देखें— सुपस्वर० VIII. i. 22

स्वरति... — VII. ii. 44
देखें— स्वरतिसूति० VII. ii. 44

स्वरतिसूतिसूयतिधूञूदितः— VII. ii. 44

'स्वृ शब्दोपतापयोः', 'षूङ् प्राणिगर्भविमोचने', 'षूङ् प्राणिप्रसवे, 'धूञ् कम्पने' तथा ऊदित् धातुओं से उत्तर (वलादि आर्धधातुक को विकल्प से इट् आगम होता है)।

स्वरादि... — I. i. 36
देखें— स्वरादिनिपातम् I. i. 36

स्वरादिनिपातम्— I. i. 36

स्वरादिगणपठित शब्दों की तथा निपातों (की अव्यय संज्ञा होती है)।

स्वरित... — I. iii. 72
देखें— स्वरितञितः I. iii. 72

स्वरितः— I. ii. 31

(समाहार = उदात्त, अनुदात्त उभयगुणमिश्रित अच् की) स्वरित संज्ञा होती है।

स्वरितः— VIII. ii. 4

(उदात्त और स्वरित के स्थान में वर्तमान यण् से उत्तर अनुदात्त के स्थान में) स्वरित आदेश होता है।

स्वरितः— VIII. ii. 6

(पदादि अनुदात्त के परे रहते उदात्त के साथ में हुआ जो एकादेश, वह विकल्प करके) स्वरित होता है।

स्वरितः— VIII. iv. 65

(उदात्त से उत्तर अनुदात्त को) स्वरित होता है।

स्वरितञितः— I. iii. 72

स्वरित इत् वाली तथा ञकार इत् वाली धातुओं से (आत्मनेपद होता है, यदि उस क्रिया का फल कर्ता को मिलता हो तो)।

...स्वरितपरस्य— I. ii. 40
देखें— उदात्तस्वरितपरस्य I. ii. 40

स्वरितम्— VI. i. 179

(तकार इत्सञ्ज्ञक है जिसका, उसको) स्वरित होता है।

स्वरितम्— VII. ii. 103

(आम्रेडित परे रहते, पूर्वपद की टि को) स्वरित (प्लुत) होता है; (असूया, सम्मति, कोप तथा कुत्सन गम्यमान होने पर)।

...स्वरितयोः — VIII. ii. 4
देखें— उदात्तस्वरितयोः VIII. ii. 4

स्वरितस्य — I. ii. 37

(सुब्रह्मण्या नाम वाले निगद में एकश्रुति नहीं होती, किन्तु उस निगद में वर्तमान) स्वरित को (उदात्त तो हो जाता है)।

स्वरितात्— I. ii. 39

स्वरित स्वर से उत्तर (अनुदात्तों को एकश्रुति होती है, संहिता-विषय में)।

स्वरितेन— I. iii. 11

स्वरितचिह्न से (अधिकारसूत्र ज्ञात होता है)।

...स्वरितोदयम्— VIII. iv. 60

देखें— उदात्तस्वरितोदयम् VIII. iv. 60

स्वरे— II. i. 2

स्वर कर्तव्य होने पर (आमन्त्रित परे रहते सुबन्त पर अङ्ग के समान होता है)।

...स्ववस्... — VII. i. 83

देखें— दृक्स्ववः० VII. i. 83

स्वसा— VIII. iii. 84

(मातृ तथा पितृ शब्द से उत्तर) स्वसृ शब्द के (सकार को समास में मूर्धन्य आदेश होता है)।

स्वसुः— IV. i. 143

स्वसृ प्रातिपदिक से (अपत्यार्थ में छ प्रत्यय होता है)।

स्वसृ... — I. ii. 68

देखें— स्वसृदुहितृभ्याम् I. ii. 68

स्वसृ... — VI. iii. 23

देखें— स्वसृपत्योः VI. iii. 23

...स्वसृ... — VI. iv. 11

देखें— अप्तृन्तृच्० VI. iv. 11

स्वसृदुहितृभ्याम्— I. ii. 68

(भ्रातृ और पुत्र शब्द यथाक्रम) स्वसृ और दुहितृ शब्दों के साथ (शेष रह जाते हैं; स्वसृ, दुहितृ शब्द हट जाते हैं)।

स्वसृपत्योः— VI. iii. 23

स्वसृ तथा पति शब्द के उत्तरपद रहते (विद्या तथा योनि-सम्बन्धवाची ऋकारान्त शब्दों से उत्तर षष्ठी का विकल्प से अलुक् होता है)।

...स्वस्ति... — II. iii. 16

देखें— नमःस्वस्तिस्वाहा० II. iii. 16

...स्वस्तिकस्य— VI. iii. 114

देखें—अविष्टाष्ट० VI. iii. 114

...स्वस्रादिभ्यः— IV. i. 10

देखें— षट्स्वस्रादिभ्यः IV. i. 10

...स्वाः...— VII. iii. 47

देखें — भस्त्रैषा० VII. III 47

स्वागतादीनाम्— VII. iii. 7

स्वागत इत्यादि शब्दों को (भी जो कुछ कहा है, वह नहीं होता)।

स्वाङ्गम्— VI. ii. 167

अपने अङ्गवाची (उत्तरपद मुख शब्द को बहुव्रीहि-समास में अन्तोदात्त होता है)।

स्वाङ्गम्— VI. ii. 177

(बहुव्रीहि-समास में उपसर्ग से उत्तर पर्शुवर्जित ध्रुव) स्वाङ्ग को (अन्तोदात्त होता है)।

पर्शु = कुठार, शास्त्र, गणेश एवं परशुराम का विशेषण।

स्वाङ्गात्— IV. i. 54

स्वाङ्गवाची, (उपसर्जन, असंयोग उपधावाले अदन्त प्रातिपदिक) से (स्त्रीलिङ्ग में विकल्प से ङीष् प्रत्यय होता है)।

स्वाङ्गात्— V. iv. 113

स्वाङ्गवाची (जो सक्थि तथा अक्षि शब्द, तदन्त) से समासान्त षच् प्रत्यय होता है, बहुव्रीहि समास में)।

सक्थि = जंघा, हड्डी, गाड़ी का धुरा

अक्षि = आंख, दो की संख्या।

स्वाङ्गात्— VI. iii. 11

(मूर्धन् तथा मस्तकवर्जित हलन्त एवम् अदन्त) स्वाङ्गवाची शब्दों से उत्तर (सप्तमी का कामभिन्न शब्द उत्तरपद रहते अलुक् होता है)।

स्वाङ्गात् — VI. iii. 39

स्वाङ्गवाची शब्द से उत्तर (भी ईकारान्त स्त्रीशब्द को पुंवद्भाव नहीं होता)।

स्वाङ्गे... — III. iv. 54

(अध्रुव) स्वाङ्गवाची (द्वितीयान्त शब्द) उपपद रहते (धातु से णमुल् प्रत्यय होता है)।

स्वाङ्गे— III. iv. 61

(तस्प्रत्ययान्त) स्वाङ्गवाची शब्द उपपद हो तो (कृ, भू धातुओं से क्त्वा, णमुल् प्रत्यय होते हैं)।

स्वाङ्गे— V. iv. 159

'स्वाङ्ग' में वर्तमान (नाडीशब्दान्त तथा तन्त्रीशब्दान्त बहुव्रीहि से समासान्त कप् प्रत्यय नहीं होता है।

नाडी = किसी पौधे का पोला डंठल।

तन्त्री = डोरी, स्नायु, तात, पूंछ।

स्वाङ्गेभ्यः— V. ii. 66

(सप्तमीसमर्थ) स्वाङ्गवाची प्रातिपदिकों से ('तत्पर' अर्थ में कन् प्रत्यय होता है)।

...स्वाति... — IV. iii. 34

देखें— श्रविष्ठाफल्गुन्यनु० IV. iii. 34

स्वादिभ्यः— III. i. 73

षुञ् आदि धातुओं से (श्नु प्रत्यय होता है, कर्तृवाची सार्वधातुक परे रहते)।

स्वादिषु— I. iv. 17

(सर्वनामस्थान-भिन्न) सु आदि प्रत्ययों के परे रहते (पूर्व की पद संज्ञा होती है)।

स्वादुमि— III. iv. 26

स्वादुवाची शब्दों के उपपद रहते (समानकर्तृक पूर्वकालिक कृञ् धातु से णमुल् प्रत्यय होता है)।

...स्वान्त... — VII. ii. 18

देखें — क्षुब्धस्वा० VII. ii. 18

स्वापेः— VI. i. 18

णिजन्त स्वप् धातु को (चङ् प्रत्यय के परे रहते सम्प्रसारण हो जाता है)।

...स्वाप्योः — VII. iv. 67

देखें— द्युतिस्वाप्योः VII. iv. 67

स्वामि... — III. i. 103

देखें— स्वामिवैश्ययोः III. i. 103

स्वामिन्— V. ii. 126

'स्वामिन्' शब्द आमिनप्रत्ययान्त निपातन किया जाता है; ('मत्वर्थ' में, ऐश्वर्य गम्यमान हो तो)।

स्वामिनि – VI. ii. 17

स्वामिन् शब्द उत्तरपद रहते (तत्पुरुष-समास में स्ववाची पूर्वपद को प्रकृतिस्वर हो जाता है)।

स्वामिवैश्ययोः— III. i. 103

स्वामी और वैश्य अभिधेय हों तो (अर्य शब्द ऋ धातु से यत्प्रत्ययान्त निपातन है)।

स्वामी... — II. iii. 39

देखें— स्वामीश्वराधिपति० II. iii. 39

स्वामीश्वराधिपतिदायादसाक्षिप्रतिभूप्रसूतैः— II. iii. 39

स्वामी, ईश्वर, अधिपति, दायाद, साक्षी, प्रतिभू, प्रसूत —इन शब्दों के योग में (षष्ठी और सप्तमी विभक्ति होती है)।

...स्वाहा... — II. iii. 16

देखें— नमःस्वस्तिस्वाहा० II. iii. 16

स्वित्— VIII. ii. 102

'उपरि स्विदासीत्' इसकी (टि को भी प्लुत अनुदात्त होता है)।

...स्विदि ...— I. ii. 19

देखें— शीङ्स्विदिमिदिक्ष्विदिधृषः I. ii. 19

...स्विदि ... — VIII. iii. 62

देखें— स्विदिस्वदि० VIII. iii. 62

स्विदिस्वदिसहीनाम्— VIII. iii. 62

(अभ्यास के इण् से उत्तर ण्यन्त) ञिष्विदा, ष्वद तथा षह् धातुओं के (सकार को सकारादेश ही होता है, षत्वभूत सन् के परे रहते भी)।

...स्वृ...— VII. ii. 49

देखें— इवन्तर्ध० VII. ii. 49

स्वे— III. iv. 40

स्ववाची (करण) उपपद रहते (पुष् धातु से णमुल् प्रत्यय होता है)।

...स्वौ...— III. iv. 2

देखें— हिस्वौ III. iv. 2

स्वौजसमौट्छष्टाभ्याम्भिस्ङेभ्याम्भ्यस्ङसिभ्याम्भ्यस्ङसो-साम्ङ्योस्सुप् — IV. i. 2

सु, औ, जस्, अम्, औट्, शस्, टा, भ्याम्, भिस्, ङे, भ्याम्, भ्यस्, ङसि, भ्याम्, भ्यस्, ङस्, ओस्, आम्, ङि, ओस्, सुप्— २१ प्रत्यय (सभी ङ्यन्त, आबन्त तथा प्रातिपदिकों से होते हैं।

ह

ह्... — VII. ii. 5
देखें — ह्म्यन्तक्षण० VII. ii. 5

ह— प्रत्याहारसूत्र V
आचार्य पाणिनि द्वारा अपने पञ्चम प्रत्याहारसूत्र में पठित प्रथम वर्ण।
पाणिनि द्वारा अष्टाध्यायी के आदि में पठित वर्णमाला का दसवाँ वर्ण।

ह— प्रत्याहारसूत्र XIV
आचार्य पाणिनि द्वारा अपने चौदहवें तथा अन्तिम प्रत्याहारसूत्र में पठित वर्ण।
पाणिनि द्वारा अष्टाध्यायी के आदि में पठित वर्णमाला का वर्ण।

ह... — III. ii. 116
देखें— हशश्वतोः III. ii. 116

ह— V. iii. 13
(वेदविषय में सप्तम्यन्त किम् शब्द से विकल्प से) ह प्रत्यय (भी) होता है।

ह— VIII. i. 60
'ह' —इससे युक्त (प्रथम तिङन्त विभक्ति को क्षिया गम्यमान होने पर अनुदात्त नहीं होता)।

हः— III. i. 148
गत्यर्थक ओहाङ् और त्यागार्थक ओहाक् धातु से (व्रीहि और काल अभिधेय हो तो 'ण्युट्' प्रत्यय होता है)।

हः— V. iii. 11
(सप्तम्यन्त इदम् प्रातिपदिक से) ह प्रत्यय होता है।

हः— VII. iii. 54
(हन् धातु के) हकार के स्थान में (कवर्गादेश होता है; ञित्, णित् प्रत्यय तथा नकार परे रहते)।

हः— VII. iv. 52
(तास् और अस् के सकार को) हकारादेश होता है, (एकार परे रहते)।

हः— VIII. ii. 31
हकार के स्थान में (ढकार आदेश होता है, झल् परे रहते या पदान्त में)।

हः— VIII. iv. 61
(झय् प्रत्याहार से उत्तर) हकार को (विकल्प से पूर्वसवर्ण आदेश होता है)।

...हतिषु— VI. iii. 53
देखें— हिमकाषिहतिषु VI. iii. 53

...हतेषु— VI. iii. 42
देखें— घरूप० VI. iii. 42

हन्...— III. iv. 36
देखें— हन्कृञ्ग्रहः III. iv. 36

...हन्... — VI. iv. 12
देखें— इन्हन्पूषा० VI. iv. 12

...हन... — III. ii. 154
देखें— लषपत० III. ii. 154

...हन... — III. ii. 171
देखें— आदृगम० III. ii. 171

...हन... — VI. iv. 16
देखें— अज्झनगमाम् VI. iv. 16

...हन... — VI. iv. 62
देखें— अज्झन० VI. iv. 62

...हन... — VI. iv. 98
देखें— गमहन० VI. iv. 98

...हन्... — VI. iv. 135
देखें— षपूर्वहन्० VI. iv. 135

...हन... — VII. ii. 68
देखें— गमहन० VII. ii. 68

हनः— I. ii. 14
हन् धातु से परे (सिच् प्रत्यय आत्मनेपद विषय में कित्वत् होता है)।

...हनः— I. iii. 28
देखें— यमहनः I. iii. 28

हनः— II. iv. 42
हन् धातु को (वध आदेश होता है, आर्धधातुक लिङ् परे रहते)।

हनः — III. i. 108
(अनुपसर्ग) हन् धातु से (सुबन्त उपपद रहते भाव में क्यप् प्रत्यय और तकारान्तादेश होता है)।

हन्तः — III. ii. 49

(आशीर्वचन गम्यमान होने पर) हन् धातु से (कर्म उपपद रहते ड प्रत्यय होता है)।

हन्तः— III. ii. 86

'हन्' धातु से (कर्म उपपद रहते भूतकाल में 'णिनि' प्रत्यय होता है)।

हन्तः— III. iii. 76

(अनुपसर्ग) हन् धातु से (भाव में अप् प्रत्यय होता है, तथा साथ ही हन् को वध आदेश भी हो जाता है)।

हन्तः— III. iv. 37

(करण कारक उपपद हो तो) हन् धातु से (णमुल् प्रत्यय होता है)।

हन्तः— VII. iii. 32

हन् अङ्ग को (तकारादेश होता है; चिण् तथा णमुल् प्रत्यय को छोड़कर ञित्, णित् प्रत्यय परे रहते)।

हननी— IV. iv. 121

(षष्ठीसमर्थ रक्षस् तथा यातु प्रातिपदिकों से) हननी अर्थ में (यत् प्रत्यय होता है)।

रक्षस् = पिशाच, बेताल।

यातु = यात्रा, हवा, समय, भूतप्रेत, राक्षस।

हननी = जिसके द्वारा हनन किया जाए।

...हनोः— VII. ii. 70

देखें— ऋद्धनोः VII. ii. 70

हन्कृञ्ग्रहः— III. iv. 36

(समूल, अकृत तथा जीव कर्म उपपद हों तो यथासङ्ख्य करके) हन्, कृञ् तथा ग्रह् धातुओं से (णमुल् प्रत्यय होता है)।

...हन्त... — VIII. i. 30

देखें— यद्यदि० VIII. i. 30

हन्त— VIII. i. 54

हन्त से युक्त (सोपसर्ग उत्तमपुरुषवर्जित लोडन्त तिङन्त को भी विकल्प से अनुदात्त नहीं होता)।

हन्ति— IV. iv. 35

(द्वितीयासमर्थ पक्षी, मत्स्य तथा मृगवाची प्रातिपदिकों से) 'मारता है' — अर्थ में (ठक् प्रत्यय होता है)।

...हन्ति... — VIII. iv. 17

देखें— गदनद० VIII. iv. 17

हन्तेः— VI. iv. 36

हन् अङ्ग के स्थान में (हि परे रहते ज आदेश होता है)।

हन्तेः— VII. iii. 54

हन् धातु के (हकार के स्थान में कवर्गादेश होता है; ञित्, णित् प्रत्यय तथा नकार परे रहते)।

हन्तेः— VIII. iv. 21

(उपसर्ग में स्थित निमित्त से उत्तर अकार पूर्व है जिससे, ऐसे) हन् धातु के (नकार को णकारादेश होता है)।

हयवरट् — प्रत्याहारसूत्र V

ह, य, व, र वर्णों का उपदेश कर अन्त में टकार को इत् किया है, प्रत्याहार बनाने के लिए। इससे एक प्रत्याहार बनता है — अट्।

...हयोः— VIII. ii. 85

देखें— हैहयोः VIII. ii. 85

हरति— IV. iv. 15

(तृतीयासमर्थ उत्सङ्गादि प्रातिपदिकों से) 'स्थानान्तर प्राप्त करता है' — अर्थ में (ठक् प्रत्यय होता है)।

हरति— V. i. 49

(वंशादिगणपठित प्रातिपदिकों से उत्तर जो भार शब्द, तदन्त द्वितीयासमर्थ प्रातिपदिक से) 'हरण करता है', ('वहन करता है' और 'उत्पन्न करता है' अर्थों में यथाविहित प्रत्यय होते हैं)।

हरतेः— III. ii. 9

(अनुद्यमन = पुरुषार्थ से कार्य को सम्पादित न करना अर्थ में वर्तमान) हञ् धातु से (कर्म उपपद रहते अच् प्रत्यय होता है)।

हरतेः— III. ii. 25

'हृ' धातु से ('दृति' तथा 'नाथ' कर्म उपपद रहते पशु अभिधेय होने पर 'इन्' प्रत्यय होता है)।

दृति = मशक, मछली, खाल, धौंकनी।

नाथ = प्रभु, पति, बैल की नाक में डाली रस्सी।

...हरित... — V. iv. 125

देखें— सुहरित० V. iv. 125

हरितादिभ्यः — IV. i. 100

(अजन्त) हरितादि प्रातिपदिकों से (अपत्य अर्थ में फक् प्रत्यय होता है)।

...हरिश्चन्द्रौ— VI. i. 148

देखें— **प्रस्कण्वहरिश्चन्द्रौ** VI. i. 148

हरीतक्यादिभ्यः— IV. iii. 164

(षष्ठीसमर्थ) हरीतकी आदि प्रातिपदिकों से (विकार अवयव अर्थों में विहित प्रत्यय का फल अभिधेय होने पर भी लुप् होता है)।

हरीतकी = हर्र का पेड़।

हर्षे— III. iii. 68

हर्ष अभिधेय होने पर (प्रमद और सम्मद —ये अप्-प्रत्ययान्त शब्द निपातित किये जाते हैं, कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में)।

हल्— I. iii. 3

(उपदेश में वर्तमान अन्तिम) हल् = समस्त व्यञ्जन वर्ण (इत्सञ्ज्ञक होता है)।

हल्... — VI. i. 66

देखें - **हलङ्याब्भ्यः** VI. i. 66

हल्— VI. i. 66

(हलन्त, ङ्यन्त तथा आबन्त दीर्घ से उत्तर सु, ति और सि का जो अपृक्त) हल् (उसका लोप होता है)।

हल्... — VI. iii. 8

देखें— **हलदन्तात्** VI. iii. 8

...हल... — III. i. 21

देखें— **मुण्डमिश्र०** III. i. 21

हल... — III. ii. 183

देखें— **हलसूकरयोः** III. ii. 183

हल... — IV. iii. 123

देखें— **हलसीरात्** IV. iii. 123

हल... — IV. iv. 81

देखें— **हलसीरात्** IV. iv. 81

हलः— I. i. 7

व्यवधानरहित =(जिनके बीच में अच् न हों, ऐसे) दो या दो से अधिक हलों की (संयोग संज्ञा होती है)।

हलः— III. i. 12

(अच्व्यन्त भृशादि शब्दों से भू धातु के अर्थ में क्यङ् प्रत्यय होता है और उन भृशादि शब्दों में विद्यमान) हलन्त शब्दों के हल् का (लोप भी होता है)।

हलः— III. i. 83

हलन्त से उत्तर (श्ना के स्थान में शानच् होता है, 'हि' परे रहते)।

हलः— III. iii. 103

हलन्त, (जो गुरुमान् धातु) उनसे (भी स्त्रीलिङ्ग कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में अ प्रत्यय हो जाता है)।

हलः— III. iii. 121

हलन्त धातुओं से (भी संज्ञाविषय होने पर करण तथा अधिकरण कारक में पुँल्लिङ्ग में प्रायः करके घञ् प्रत्यय होता है)।

हलः— VI. iv. 2

(अङ्ग के अवयव) हल् से उत्तर (जो सम्प्रसारण का अण्, तदन्त अङ्ग को दीर्घ होता है)।

हलः— VI. iv. 24

(इकार जिनका इत्सञ्ज्ञक नहीं है, ऐसे) हलन्त अङ्ग की (उपधा के नकार का लोप होता है; कित्, ङित् प्रत्ययों के परे रहते)।

हलः— VI. iv. 49

हल् से उत्तर ('य्' का लोप होता है, आर्धधातुक परे रहते)।

हलः— VI. iv. 150

हल् से उत्तर (भसञ्ज्ञक अङ्ग के उपधाभूत तद्धित के यकार को भी ईकार परे रहते लोप होता है)।

हलः— VIII. iv. 30

(इच् उपधा वाले) हलादि (धातु) से विहित (जो कृत् प्रत्यय, तत्स्थ जो अच् से उत्तर नकार, उसको भी उपसर्ग में स्थित निमित्त से उत्तर विकल्प से णकारादेश होता है)।

हलः— VIII. iv. 63

हल् से उत्तर (यम् का यम् परे रहते विकल्प से लोप होता है)।

हलदन्तात् — VI. iii. 8

हलन्त तथा अकारान्त शब्द से उत्तर (सञ्ज्ञाविषय में सप्तमी विभक्ति का उत्तरपद परे रहते अलुक् होता है)।

...हलन्तस्य — VII. ii. 3

देखें— वदव्रज० VII. ii. 3

हलन्तात्— I. ii. 10

(इक् के) समीप जो हल्, उससे परे (भी झलादि सन् कित्वत् होता है)।

हलसीरात्— IV. iii. 123

(षष्ठीसमर्थ) हल और सीर शब्दों से ('इदम्' अर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

हल = खेत जोतने का प्रधान उपकरण, लांगल।

सीर = हल, सूर्य, आक का पौधा।

हलसीरात्— IV. iv. 81

(द्वितीयासमर्थ) हल और सीर प्रातिपदिकों से ('ढोता है' अर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

हलसूकरयोः— III. ii. 183

(पूञ् धातु से करण कारक में ष्ट्रन् प्रत्यय होता है, यदि वह करण कारक) हल तथा सूकर का अवयव हो तो।

...हलात्— IV. iv. 97

देखें— मतजनहलात् IV. iv. 97

हलादिः— VI. i. 173

(षट्सञ्ज्ञक शब्दों से उत्तर तथा त्रि, चतुर् शब्दों से उत्तर) हलादि विभक्ति (उदात्त होती है)।

हलादिः — VII. iv. 60

(अभ्यास का) आदि हल् (शेष रहता है)।

हलादेः— I. ii. 26

(इकार, उकार उपधावाली, रलन्त एवं) हलादि धातुओं से परे (सेट् सन् और सेट् क्त्वा प्रत्यय विकल्प से कित् नहीं होते हैं)।

हलादेः— III. i. 22

हलादि (जो एकाच् धातु, उस) से (पुनः पुनः होने या अतिशयता व्यक्त होने पर यङ् प्रत्यय होता है)।

हलादेः— III. ii. 149

हल् आदि वाली (अनुदात्तेत्) धातुओं से (तच्छीलादि कर्ता हों तो वर्तमानकाल में युच् प्रत्यय होता है)।

हलादेः— VI. iv. 161

(भसञ्ज्ञक) हल् आदि वाले अङ्ग के (लघु ऋकार के स्थान में र आदेश होता है; इष्ठन्, इमनिच् तथा ईयसुन् परे रहते)।

हलादेः— VII. ii. 7

हलादि अङ्ग के (लघु अकार को परस्मैपदपरक इडादि सिच् के परे रहते विकल्प से वृद्धि नहीं होती)।

हलादौ— VI. ii. 7

(प्राच्य देशों के जो करों के नाम वाले शब्द, उनमें भी) हलादि शब्द के परे रहते (हलन्त तथा अदन्त शब्दों से परे सप्तमी विभक्ति का अलुक् होता है)।

हलि... — V. iv. 121

देखें— हलिसक्थ्योः V. iv. 121

हलि— VI. i. 128

(ककार जिनमें नहीं है तथा जो नञ् समास में वर्तमान नहीं है, ऐसे एतत् तथा तत् शब्दों के सु का लोप हो जाता है;) हल् परे रहते, (संहिता के विषय में)।

हलि— VI. iv. 66

(घुसञ्ज्ञक, मा, स्था, गा, पा, ओहाक् त्यागे तथा षो अन्तकर्मणि —इन अङ्गों को) हलादि (कित्, ङित्) प्रत्ययों के परे रहते (ईकारादेश होता है)।

हलि— VI. iv. 100

(घस् तथा भस् अङ्ग की उपधा का वेदविषय में लोप होता है) हलादि (तथा अजादि कित्, ङित्) प्रत्यय परे रहते)।

हलि— VI. iv. 113

(श्नान्त अङ्ग एवं घुसञ्ज्ञक को छोड़कर जो अभ्यस्तसञ्ज्ञक अङ्ग उनके आकार के स्थान में ईकारादेश होता है;) हलादि (कित्, ङित् सार्वधातुक) परे रहते।

हलि— VII. ii. 89

(रै अङ्ग को) हलादि (विभक्ति) परे रहते (आकारादेश हो जाता है)।

हलि — VII. ii. 113

(ककाररहित इदम् शब्द के इद् भाग का) हलादि विभक्ति परे रहते (लोप होता है)।

हलि — VII. iii. 81

(उकारान्त अङ्ग को लुक् हो जाने पर) हलादि (पित् सार्वधातुक) परे रहते (वृद्धि होती है)।

हलि— VIII. ii. 77

हल् परे रहते (भी रेफान्त एवं वकारान्त धातु का जो इक्, उसको दीर्घ होता है)।

हलि— VIII. iii. 22

(भो, भगो, अघो तथा अवर्ण पूर्ववाले पदान्त यकार का) हल् परे रहते (सब आचार्यों के मत में लोप होता है)।

हलिसक्थ्योः— V. iv. 121

(नञ्, दुस् तथा सु शब्दों से उत्तर जो) हलि तथा सक्थि शब्द, तदन्त (बहुव्रीहि) से (समासान्त अच् प्रत्यय विकल्प से होता है)।

...हलिषु— III. i. 117
देखें— मुञ्जकल्क० III. i. 117

...हलोः— III. i. 125
देखें— ऋहलोः III. i. 125

...हलोः— VI. iv. 34
देखें— अङ्हलोः VI. iv. 34

...हलौ— I. i. 10
देखें— अज्झलौ I. i. 10

हल्ङ्याब्भ्यः— VI. i. 66

हलन्त, ङ्यन्त तथा आबन्त (दीर्घ) से उत्तर (सु, ति, सि का जो अपृक्त हल्, उसका लोप होता है)।

हल्पूर्वात्— VI. i. 168

हल् पूर्व में है जिसके, (ऐसा जो उदात्त के स्थान में यण्) उससे परे (नदीसञ्ज्ञक प्रत्यय तथा अजादि सर्वनाम स्थानभिन्न विभक्ति को उदात्त होता है)।

...हवि...— III. i. 129
देखें— मान्हविर्निवास० III. i. 129

हवि... — V. i. 4
देखें— हविरपूपादिभ्यः V. i. 4

हविरपूपादिभ्यः— V. i. 4

हवि विशेषवाची तथा 'अपूप' इत्यादि प्रातिपदिकों से (क्रीत अर्थ से पूर्व पूर्व पठित अर्थों में विकल्प से यत् प्रत्यय होता है)।

हविषः— II. iii. 69

(देवता सम्प्रदान है जिसका, उस क्रिया के वाचक प्र पूर्वक इष धातु तथा ब्रू धातु के कर्म) हवि के वाचक शब्द से (षष्ठी विभक्ति होती है)।

...हविष्याभ्यः— IV. iv. 122
देखें— रेवतीजगतीहविष्याभ्यः IV. iv. 122

हव्ये— III. ii. 66

हव्य (सुबन्त) उपपद रहते (वेदविषय में वह् धातु से ञ्युट् प्रत्यय होता है, यदि 'वह्' धातु पद के उत्तर अर्थात् मध्य में वर्तमान न हो तो)।

हव्य = आहुति, आहुति के रुप में दिया जाने वाला द्रव्य, घी।

हशश्वतोः— III. ii. 116

ह, शश्वत् —ये शब्द उपपद हों तो (धातु से अनद्यतन परोक्ष भूतकाल में लङ् प्रत्यय होता है और चकार से लिट् भी होता है)।

हशि— VI. i. 110

हश् प्रत्याहार के परे रहते (भी अकार से उत्तर रु के रेफ को उकार आदेश होता है, संहिता के विषय में)।

...हसोः— III. iii. 62
देखें— स्वनहसोः III. iii. 62

...हस्त...— IV. iii. 34
देखें— श्रविष्ठाफल्गुन्यनु० IV. iii. 34

हस्तात्— V. ii. 133

हस्त शब्द से (मत्वर्थ में इनि प्रत्यय होता है, जाति वाच्य हो तो)।

हस्तादाने— III. iii. 40

(चोरी से भिन्न) हाथ से ग्रहण करना गम्यमान हो (तो चिञ् धातु से कर्तृभिन्न कारक और भाव में घञ् प्रत्यय होता है)।

...हस्ताभ्याम्— V. i. 97
देखें— यथाकथाचहस्ताभ्याम् V. i. 97

हस्ति... — III. ii. 54
देखें— हस्तिकपाटयोः III. ii. 54

...हस्ति... — IV. ii. 46
देखें— अचित्तहस्ति० IV. ii. 46

हस्तिकपाटयोः — III. ii. 54

हस्ती तथा कपाट (कर्म) उपपद रहते (शक्ति गम्यमान हो, तो हन् धातु से टक् प्रत्यय होता है)।

...हस्तिश्याम्— V. ii. 38

देखें— पुरुषहस्तिभ्याम् V. ii. 38

...हस्तिभ्याम्— V. iv. 78

देखें— ब्रह्महस्तिभ्याम् V. iv. 78

हस्ते— I. iv. 76

(हस्ते तथा) पाणौ शब्द (विवाह विषय में हों तो नित्य ही उनकी कृञ् के योग में गति और निपात संज्ञा होती है)।

हस्ते— III. iv. 39

हस्तवाची करण उपपद हो तो (वर्त्ति तथा ग्रह धातुओं से णमुल् प्रत्यय होता है)।

...हा... — VIII. i. 24

देखें— चवाहा॰ VIII. i. 24

...हान्तात्— V. iv. 106

देखें— चुदषहान्तात् V. iv. 106

...हाभ्याम्— VIII. iv. 45

देखें— रहाभ्याम् VIII. iv. 45

हायनान्त... — V. i. 129

देखें— हायनान्तयुवादिभ्यः V. i. 129

हायनान्तयुवादिभ्यः— V. i. 129

(षष्ठीसमर्थ) हायन अन्तवाले तथा युवादि प्रातिपदिकों से (भाव और कर्म अर्थों में अण् प्रत्यय होता है)।

...हायनान्तात्— IV. i. 27

देखें— दामहायनान्तात् IV. i. 27

...हार... — VI. iii. 59

देखें— मन्थौदन॰ VI. iii. 59

...हारिणौ— VI. ii. 65

देखें— सप्तमीहारिणौ VI. ii. 65

हारी— V. ii. 69

(द्वितीयासमर्थ अंश प्रातिपदिक से) 'हरण करने वाला' अर्थ में (कन् प्रत्यय होता है)।

...हास...— VI. i. 210

देखें— त्यागराग॰ VI. i. 210

हास्तिन...— VI. ii. 101

देखें— हास्तिनफलक॰ VI. ii. 101

हास्तिनफलकमार्देयाः— VI. ii. 101

हास्तिन, फलक तथा मार्देय —इन पूर्वपद शब्दों को (पुर शब्द उत्तरपद रहते अन्तोदात्त नहीं होता)।

हास्तिन = हस्तिनापुर का नाम।

फलक = पट्ट, शिला, चपटी सतह, ढाल, पत्र, नितम्ब।

...हास्तिनायन... — VI. iv. 174

देखें— दाण्डिनायनहास्ति॰ VI. iv. 174

हि... — III. iv. 2

देखें— हिस्वौ III. iv. 2

हि— III. iv. 87

(लोडादेश जो सिप्, उसके स्थान में) हि आदेश होता है (और वह अपित् भी होता है)।

हि— VIII. i. 34

हि शब्द से युक्त (तिङन्त को भी अनुकूलता गम्यमान होने पर अनुदात्त नहीं होता)।

...हि... — VIII. i. 56

देखें— यद्धितुपरम् VIII. i. 56

हि— VII. iv. 42

(डुधाञ् अङ्ग को) हि आदेश होता है, (तकारादि कित् प्रत्यय के परे रहते)।

...हित... — II. i. 35

देखें— तदर्थार्थबलिहित॰ II. i. 35

...हित... — VI. ii. 155

देखें— संपाद्यर्ह॰ VI. ii. 155

हितम्— IV. iv. 65

हित (समानाधिकरणवाले भक्ष्यवाची प्रथमासमर्थ) प्रातिपदिक से (षष्ठ्यर्थ में ढक् प्रत्यय होता है)।

हितम्— V. i. 5

(चतुर्थीसमर्थ प्रातिपदिक से) 'हित' अर्थ में (यथाविहित प्रत्यय होता है)।

हितात् — IV. iv. 75

यहाँ से लेकर 'तस्मै हितम्' से पहले (कहे जाने वाले अर्थों में सामान्येन यत् प्रत्यय का अधिकार रहेगा)।

हिते — VI. ii. 15
हितवाची (तत्पुरुष समास) में (सुख तथा प्रिय शब्द उत्तरपद रहते पूर्वपद को प्रकृतिस्वर हो जाता है)।

...हितैः— II. iii. 73
देखें— आयुष्यमद्रo II. iii. 73

हिनु...— VIII. iv. 15
देखें— हिनुमीना VIII. iv. 15

हिनुमीना— VIII. iv. 15
(उपसर्ग में स्थित निमित्त से उत्तर) हिनु तथा मीना के (नकार को णकार आदेश होता है)।

...हिम...— IV. i. 48
देखें— इन्द्रवरुणभवo IV. i. 48

हिम...— VI. iii. 53
देखें— हिमकाषिहतिषु VI. iii. 53

हिमकाषिहतिषु— VI. iii. 53
हिम, काषिन्, हति —इनके उत्तरपद रहते (भी पाद शब्द को पद् आदेश होता है)।
हति = हत्या, प्रहार, त्रुटि, गुणा।

...हिमवद्भ्याम्— IV. iv. 112
देखें— वेशन्तहिमवद्भ्याम् IV. iv. 112

...हिमश्रथः— VI. iv. 29
देखें— अवोदैधोद्मo VI. iv. 29

...हिरण्मयानि— VI. iv. 174
देखें— दाण्डिनायनo VI. iv. 174

हिरण्य... — VI. ii. 55
देखें— हिरण्यपरिमाणम् VI. ii. 55

हिरण्यपरिमाणम्— VI. ii. 55
हिरण्य और परिमाण दोनों अर्थों को कहने वाले पूर्वपद को (धन शब्द उत्तरपद रहते विकल्प से प्रकृतिस्वर होता है)।

...हिरण्यात्— V. ii. 65
देखें— धनहिरण्यात् V. ii. 65

हिस्वौ— III. iv. 2
(क्रिया का पौनःपुन्य गम्यमान हो तो धात्वर्थ-सम्बन्ध होने पर धातु से सब कालों में लोट् प्रत्यय हो जाता है और उस लोट् के स्थान में) हि और स्व आदेश (नित्य होते हैं तथा त, ध्वम्-भावी लोट् के स्थान में विकल्प से) हि, स्व आदेश होते हैं।

.... हिंस... — III. ii. 146
देखें— निन्दहिंसo III. ii. 146

...हिंस... — III. ii. 167
देखें— नमिकम्पिo III. ii. 167

...हिंसाम्— VI. i. 182
देखें— स्वपादिर्हिंसाम् VI. i. 182

हिंसायाम्— II. iii. 56
हिंसा अर्थ में विद्यमान (जसु, नि प्र पूर्वक हन्, ण्यन्त नट एवं क्रथ तथा पिष् —इन धातुओं के कर्म में शेष विवक्षित होने पर षष्ठी विभक्ति होती है)।

हिंसायाम्— VI. i. 137
(उप तथा प्रति उपसर्ग से उत्तर कृ विक्षेपे धातु के परे रहते) हिंसा के विषय में (ककार से पूर्व सुट् आगम होता है, संहिता के विषय में)।

हिंसायाम्— VI. iv. 123
हिंसा अर्थ में वर्तमान (राध् अङ्ग के अवर्ण के स्थान में एकारादेश तथा अभ्यासलोप होता है; कित्, ङित् लिट् तथा सेट् थल् परे रहते)।

हिंसार्थानाम्— III. iv. 48
(अनुप्रयुक्त धातु के साथ समान कर्मवाली) हिंसार्थक धातुओं से (भी तृतीयान्त उपपद रहते णमुल् प्रत्यय होता है)।

...हिंसार्थेभ्यः— I. iii. 15
देखें— गतिहिंसार्थेभ्यः I. iii. 15

हीने— I. iv. 85
न्यून की प्रतीति होने पर (अनु कर्मप्रवचनीय और निपातसंज्ञक होता है)।

हीयमान... — V. iv. 47
देखें— हीयमानपापयोगात् V. iv. 47

हीयमानपापयोगात्— V. iv. 47
हीयमान तथा पाप शब्द के साथ सम्बन्ध है जिन शब्दों का, तदन्त शब्दों से परे (भी जो तृतीया विभक्ति, तदन्त से तसि प्रत्यय विकल्प से होता है, यदि वह तृतीया कर्ता में न हुई हो तो)।

...हु... — III. iv. 16
देखें— स्थेण्कृञ्o III. iv. 16

...हु... — VI. i. 186
देखें— भीहीभृ० VI. i. 186

हु...— VI. iv. 87
देखें— हुश्नुवोः VI. iv. 87

हु...— VI. iv. 101
देखें— हुझल्भ्यः VI. iv. 101

हुझल्भ्यः— VI. iv. 101

हु तथा झलन्त से उत्तर (हलादि हि के स्थान में धि आदेश होता है)।

...हुवाम्— III. i. 39
देखें— भीहीभृहुवाम् III. i. 39

हुश्नुवोः— VI. iv. 87

हु तथा श्नुप्रत्ययान्त (अनेकाच्) अङ्ग का (संयोग पूर्व में नहीं है जिससे ऐसा जो उवर्ण, उसको अजादि सार्वधातुक प्रत्यय परे रहते यणादेश होता है)।

हूते— VIII. ii. 84

(दूर से) बुलाने में (जो प्रयुक्त, उसकी टि को भी प्लुत उदात्त होता है)।

हूते— VIII. ii. 107

(दूर से) बुलाने के (विषय से भिन्न) विषय में (अप्रगृह्यसञ्ज्ञक ऐच् के पूर्वार्द्ध भाग को प्लुत करने के प्रसङ्ग में आकारादेश होता है तथा उत्तरवाले भाग को इकार, उकार आदेश होते हैं)।

हृ...— I. iv. 53
देखें— हृक्रोः I. iv. 53

हृक्रोः — I. iv. 53

हृञ् एवं कृञ् धातु का (अण्यन्त अवस्था का जो कर्ता, वह ण्यन्त अवस्था में विकल्प से कर्मसंज्ञक होता है)।

हृत्— VI. i. 61

(वेदविषय में हृदय शब्द के स्थान में) हृत् आदेश हो जाता है, (शस् प्रकार वाले प्रत्ययों के परे रहते)।

हृत्— VI. iii. 49

(हृदय शब्द को) हृत् आदेश होता है; (लेख, यत्, अण् तथा लास परे रहते)।

लास = कूदना, प्रेमालिङ्गन, स्त्रियों का नाच, रस।

हृत्... — VII. iii. 19
देखें — हृद्भग० VII. iii. 19

हृदयस्य— IV. iv. 95

(षष्ठीसमर्थ) हृदय प्रातिपदिक से (प्रिय अर्थ में यत् प्रत्यय होता है)।

हृदयस्य— VI. iii. 49

हृदय शब्द को (हृद् आदेश होता है; लेख, यत्, अण्, तथा लास परे रहते)।

हृद्भगसिन्ध्वन्ते— VII. iii. 19

हृद्, भग, सिन्धु ये शब्द अन्त में है जिन अङ्गों के, उनके (पूर्वपद के तथा उत्तरपद के अचों में आदि अच् को भी ञित्, णित् तथा कित् तद्धित परे रहते वृद्धि होती है)।

हृषेः— VII. ii. 29

(लोम विषय में) हृष् धातु को (निष्ठा परे रहते इट् आगम विकल्प से नहीं होता है)।

हे— VIII. iii. 26

(मकारपरक) हकार के परे रहते (पदान्त मकार को विकल्प से मकारादेश होता है)।

हेः— VI. iv. 101

(हु तथा झलन्त से उत्तर हलादि) हि के स्थान में (धि आदेश होता है)।

हेः— VI. iv. 105

(अकारान्त अङ्ग से उत्तर) हि का (लुक् हो जाता है)।

हेः— VII. iii. 56

'हि गतौ' धातु के (हकार को कवर्गादेश होता है, चङ् परे न हो तो)।

हेः— VIII. ii. 93

(पूछे गये प्रश्न के प्रत्युत्तर वाक्य में वर्तमान) हि शब्द को (विकल्प करके प्लुत उदात्त होता है)।

...हेति...— III. iii. 97
देखें— ऊतियूति० III. iii. 97

हेतु... — III. ii. 20
देखें— हेतुताच्छील्य० III. ii. 20

हेतु... — III. iii. 156
देखें— हेतुहेतुमतोः III. iii. 156

हेतु... — IV. iii. 81
देखें— हेतुमनुष्येभ्यः IV. iii. 81

हेतुः— I. iv. 55
(उस स्वतन्त्र कर्त्ता का जो प्रयोजन कारक, उसकी) हेतु संज्ञा (तथा कर्तृसंज्ञा) होती है।

हेतुताच्छील्यानुलोम्येषु— III. ii. 20
(कर्म उपपद रहते कृञ् धातु से) हेतु, ताच्छील्य = तत्स्वभावता और आनुलोम्य = अनुकूलता गम्यमान हो तो (ट प्रत्यय होता है)।

हेतुप्रयोगे— II. iii. 26
हेतु शब्द के प्रयोग करने पर (हेतु द्योत्य हो तो षष्ठी विभक्ति होती है)।

हेतुभये— I. iii. 68
(लकारवाच्य) कर्त्ता से भय होने पर (ण्यन्त भी तथा स्मि धातुओं से आत्मनेपद होता है)।

हेतुभये— VI. i. 55
हेतु जहाँ भय का कारण हो, उस अर्थ में वर्तमान (ञिभी धातु के एच् के स्थान में णिच् प्रत्यय परे रहते विकल्प से आत्व हो जाता है)।

हेतुभये— VII. iii. 40
('ञिभी भये' अङ्ग को) हेतुभय अर्थ में (णि परे रहते षुक् आगम होता है)।

हेतुमति— III. i. 26
हेतुमत् अभिधेय होने पर (भी धातु से णिच् प्रत्यय होता है)।

स्वतन्त्र कर्ता का प्रयोजक 'हेतु' होता है। उस हेतु का व्यापार 'हेतुमत्'।

...हेतुमतोः— III. iii. 156
देखें— हेतुहेतुमतोः III. iii. 156

हेतुमनुष्येभ्यः— IV. iii. 81
(पञ्चमीसमर्थ) हेतु तथा मनुष्यवाची प्रातिपदिकों से ('आगत' अर्थ में विकल्प से रूप्य प्रत्यय होता है)।

हेतुहेतुमतोः— III. iii. 156
हेतु और हेतुमत् अर्थ में वर्तमान (धातु से लिङ् प्रत्यय विकल्प से होता है)।

हेतौ— II. iii. 23
फलसाधनयोग्य पदार्थ = हेतु में (तृतीया विभक्ति होती है)।

हेतौ— V. iii. 26
'हेतु' अर्थ में वर्तमान (तथा 'प्रकारवान्' अर्थ में वर्तमान किम् प्रातिपदिक से था प्रत्यय होता है, वेदविषय में)।

...हेत्वोः— III. ii. 126
देखें— लक्षणहेत्वोः III. ii. 126

...हेप्रयोगे— VIII. ii. 85
देखें— हैहेप्रयोगे VIII. ii. 85

हेमन्त... — II. iv. 28
देखें— हेमन्तशिशिरौ II. iv. 28

हेमन्तशिशिरौ— II. iv. 28
हेमन्त व शिशिर (के द्वन्द्व — समासान्त का पूर्ववत् लिङ्ग होता है, वेदविषय में)।

हेमन्तात्— IV. iii. 21
(कालवाची) हेमन्त शब्द से (भी वेदविषय में ठञ् प्रत्यय होता है)।

है... — VIII. ii. 85
देखें— हैहेप्रयोगे VIII. ii. 85

है... — VIII. ii. 85
देखें— हैहयोः VIII. ii. 85

हैयङ्गवीनम्— V. ii. 23
हैयङ्गवीन शब्द का निपातन किया जाता है, (सञ्ज्ञा-विषय में)।

...हैलिहिल... — VI. ii. 38
देखें— व्रीह्यपराह्णo VI. ii. 38

हैहयोः— VIII. ii. 85
(है तथा हे के प्रयोग होने पर जो दूर से बुलाने में प्रयुक्त वाक्य, उसमें) है तथा हे को (ही प्लुत उदात्त होता है)।

हैहेप्रयोगे — VIII. ii. 85
है तथा हे के प्रयोग होने पर (जो दूर से बुलाने में प्रयुक्त वाक्य, उसमें है तथा हे को ही प्लुत उदात्त होता है)।

हो: — II. iii. 3

'हु' धातु के (अनभिहित कर्म में द्वितीया तथा तृतीया विभक्ति होती है, वेदविषय में)।

...हो:— VII. ii. 104

देखें— तिहो: VII. ii. 104

...हो:— VII. iv. 62

देखें— कुहो: VII. iv. 62

...होत्र... — VI. iv. 11

देखें— अप्तृन्तृच्० VI. iv. 11

होत्राभ्यः— V. i. 134

(षष्ठीसमर्थ) ऋत्विग्विशेषवाची प्रातिपदिकों से (भाव और कर्म अर्थों में छ प्रत्यय होता है)।

हौ— III. i. 83

हि परे रहते (हलन्त से उत्तर श्ना के स्थान में शानच् आदेश होता है)।

हौ— VI. iv. 35

(शास् अङ्ग के स्थान में) हि परे रहते (शा आदेश हो जाता है)।

हौ— VI. iv. 117

(ओहाक् अङ्ग को विकल्प से आकारादेश होता है तथा इकार आदेश भी विकल्प से होता है) हि परे रहते।

हौ— VI. iv. 119

(घुसञ्ज्ञक अङ्ग एवम् अस् को एकारादेश तथा अभ्यास का लोप होता है) हि (ङित्) परे रहते।

...ह्रक...— I. iv. 34

देखें— श्लाघह्नुङ्स्थाशपाम् I. iv. 34

ह्म्यन्तक्षणश्वसजागृणिश्व्येदिताम्— VII. iv. 5

हकारान्त, मकारान्त तथा यकारान्त अङ्गों को एवं क्षण, श्वस्, जागृ, णि, श्वि तथा एदित् अङ्गों को (परस्मैपद-परक इडादि सिच् परे रहते वृद्धि नहीं होती)।

...ह्रयस्... — IV. ii. 104

देखें— ऐषमोह्यः० IV. ii. 104

...ह्रो:— VII. i. 35

देखें— तुह्यो: VII. i. 35

...ह्रदोत्तरपदात्— IV. ii. 141

देखें— कन्थापलद० IV. ii. 141

ह्रस्व... — I. ii. 27

देखें— ह्रस्वदीर्घप्लुतः I. ii. 27

ह्रस्व... — VI. i. 170

देखें— ह्रस्वनुड्भ्याम् VI. i. 170

...ह्रस्व... — VI. iv. 156

देखें— स्थूलदूर० VI. iv. 156

ह्रस्व... — VII. i. 54

देखें— ह्रस्वनद्यापः VII. i. 54

ह्रस्वः— I. ii. 46

(नपुंसकलिङ्ग में वर्तमान प्रातिपदिक को) ह्रस्व हो जाता है।

ह्रस्वः— I. iv. 6

ह्रस्व (स्त्र्याख्य इकारान्त, उकारान्त) शब्द (तथा इयङ्, उवङ्-स्थानी ईकारान्त ऊकारान्त स्त्र्याख्य शब्द भी ङित् प्रत्यय के परे रहते विकल्प से नदीसंज्ञक होते हैं)।

ह्रस्वः— VI. i. 128

(असवर्ण अच् परे हो तो इक् को शाकल्य आचार्य के मत में प्रकृतिभाव हो जाता है तथा उस इक् के स्थान में) ह्रस्व (भी) हो जाता है।

ह्रस्वः— VI. iii. 42

(भाषितपुंस्क शब्द से उत्तर ङ्यन्त अनेकाच् शब्द को) ह्रस्व हो जाता है; (घ, रूप, कल्प, चेलट्, ब्रुव, गोत्र, मत तथा हत शब्दों के परे रहते)।

ह्रस्वः— VI. iii. 60

(ङी अन्त में नहीं है जिसके, ऐसा जो इक् अन्तवाला शब्द, उसको गालव आचार्य के मत में विकल्प से) ह्रस्व होता है, (उत्तरपद परे रहते)।

ह्रस्वः— VI. iv. 72

(मित्सञ्ज्ञक अङ्ग की उपधा को) ह्रस्व होता है, (णि परे रहते)।

ह्रस्वः— VI. iv. 94

(खच्परक णि परे रहते अङ्ग की उपधा को) ह्रस्व होता है।

ह्रस्वः — VII. iii. 80

(पूञ् इत्यादि अङ्गों को शित् प्रत्यय परे रहते) ह्रस्व होता है।

ह्रस्वः — VII. iii. 107

(अम्बा = मां अर्थ वाले अङ्गों को तथा नदीसञ्ज्ञक अङ्गों को सम्बुद्धि परे रहते) ह्रस्व हो जाता है।

ह्रस्वः — VII. iii. 114

(आबन्त सर्वनाम अङ्ग से उत्तर ङित् प्रत्यय को स्याट् आगम होता है तथा उस आबन्त सर्वनाम को) ह्रस्व भी हो जाता है।

ह्रस्वः — VII. iv. 1

(चङ्परक णि के परे रहते अङ्ग की उपधा को) ह्रस्व होता है।

ह्रस्वः — VII. iv. 12

(शृ, दृ तथा पृ अङ्गों को लिट् परे रहते विकल्प से) ह्रस्व होता है।

ह्रस्वः — VII. iv. 23

(उपसर्ग से उत्तर 'ऊह वितर्के' अङ्ग को यकारादि कित्, ङित् प्रत्यय परे रहते) ह्रस्व होता है।

ह्रस्वः — VII. iv. 59

(अङ्ग के अभ्यास को) ह्रस्व होता है।

ह्रस्वदीर्घप्लुतः — I. ii. 27

(उकाल, ऊकाल तथा ऊ3काल अर्थात् एकमात्रिक, द्विमात्रिक तथा त्रिमात्रिक अच् की यथासंख्य करके) ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत संज्ञा होती है।

ह्रस्वनद्यापः — VII. i. 54

ह्रस्वान्त, नद्यन्त तथा आप् अन्तवाले अङ्ग से उत्तर (आम् को नुट् का आगम होता है)।

ह्रस्वनुड्भ्याम् — VI. i. 170

(अन्तोदात्त) ह्रस्वान्त तथा नुट् से उत्तर (मतुप् प्रत्यय उदात्त होता है)।

ह्रस्वम् — I. iv. 90

ह्रस्व अक्षर (लघुसञ्ज्ञक होता है)।

ह्रस्वस्य — V. i. 69

ह्रस्वान्त धातु को (पित् तथा कृत् प्रत्यय के परे रहते तुक् का आगम होता है)।

ह्रस्वस्य — VII. iii. 108

ह्रस्वान्त अङ्ग को (सम्बुद्धि परे रहते गुण होता है)।

...ह्रस्वात् — VI. i. 67

देखें — एङ्ह्रस्वात् VI. i. 67

ह्रस्वात् — VI. i. 146

ह्रस्व शब्द से उत्तर (चन्द्र शब्द उत्तरपद हो तो सुट् का आगम होता है, मन्त्रविषय में, संहिता में)।

ह्रस्वात् — VIII. ii. 27

ह्रस्वान्त (अङ्ग) से उत्तर (सकार का झल् परे रहते लोप होता है)।

ह्रस्वात् — VIII. iii. 32

ह्रस्व पद से उत्तर (जो ङम्, तदन्त पद से उत्तर अच् को नित्य ही ङमुट् आगम होता है)।

ह्रस्वात् — VIII. iii. 101

ह्रस्व (इण्) से उत्तर सकार को तकारादि तद्धित के परे रहते मूर्धन्य आदेश होता है)।

ह्रस्वादेशे — I. i. 47

ह्रस्वादेश के करने में (एच् = ए, ओ, ऐ, औ के स्थान में इक् = इ, उ, ऋ, लृ ही होता है)।

ह्रस्वान्ते — VI. ii. 174

(नञ् तथा सु से उत्तर बहुव्रीहि समास में) ह्रस्वान्त उत्तरपद में (अन्त्य से पूर्व को उदात्त होता है)।

ह्रस्वे — V. iii. 86

'छोटा' अर्थ में (वर्तमान प्रातिपदिक से यथविहित प्रत्यय होते हैं)।

...ह्री... — III. i. 39

देखें — भीह्रीभृहुवाम् III. i. 39

...ह्री... — VI. i. 186

देखें — भीह्रीभृ० VI. i. 186

...ह्री... — VII. iii. 36

देखें — अर्तिह्री० VII. iii. 36

...ह्रीभ्यः — VIII. ii. 56

देखें — नुदविदोन्द० VIII. ii. 56

हुरु —VII. ii. 31

('ह्वृकौटिल्ये' धातु को निष्ठा परे रहते वेदविषय में) हुरु आदेश होता है।

ह्लाद:—VI. iv. 95

ह्लाद् अङ्ग को (उपधा को निष्ठा परे रहते ह्रस्व हो जाता है)।

ह्व:—I. iii. 30

(नि, सम्, उप तथा वि उपसर्गपूर्वक) ह्वेञ् धातु से (आत्मनेपद होता है)।

...ह्व:—III. i. 53

देखें—लिपिसिचिह्व: III. i. 53

ह्व:—III. iii. 72

(नि, अभि, उप तथा वि पूर्वक) ह्वेञ् धातु से (कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में अप् प्रत्यय होता है तथा ह्वेञ् को सम्प्रसारण भी हो जाता है)।

ह्व:—VI. i. 32

(सन्परक चङ्परक णि के परे रहते) ह्वेञ् धातु को (सम्प्रसारण हो जाता है तथा अभ्यस्त का निमित्त जो ह्वेञ् धातु, उसको भी सम्प्रसारण हो जाता है)।

...ह्वर.. —II. iv. 80

देखें—घसह्वरणश० II. iv. 80

ह्वरित:—VII. ii. 33

ह्वरित शब्द (वेदविषय में सोम वाच्य होने पर) निपातन किया जाता है।

ह्वरे:—VII. ii. 31

ह्वृ कौटिल्ये धातु को (निष्ठा परे रहते वेदविषय में हुरु आदेश होता है)।

ह्वा... —III. ii. 2

देखें—ह्वावाम: III. ii. 2

...ह्वा... —VII. iii. 37

देखें—शाच्छासा० VII. iii. 37

ह्वावाम: —III. ii. 2

ह्वेञ्, वेञ्, माङ् —इन धातुओं से (भी कर्म उपपद रहते अण् प्रत्यय होता है)।